वर्ष 73 ▸ अंक 172 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 22 मार्च, 2026
▸ चैत्र शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत् 2083
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
# दैनिक जागरण Sunday
www.dainikjagranmpcg.com

## ऑफ बीट

### 2.5 लाख महीना कमा कर भी खुश नहीं महिला



*सोशल मीडिया पर एक पर्सनल पोस्ट ने सैलरी, काम और दूसरों से तुलना को लेकर बहस छेड़ दी है। साक्षी नाम की एक्स यूजर ने पोस्ट कर 15 हजार की सैलरी से 2.5 लाख की सैलरी तक पहुंचने का सफर बताया है और साथ ही ये भी साफ किया कि इनती सैलरी से भी उन्हें संतुष्टि नहीं मिली। साक्षी का कहना है कि जब वो 15 हजार रुपए कमाती थी तो बहुत खुश थीं। अब ये पोस्ट सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई। वायरल हो रही पोस्ट में साक्षी ने बताया कि जैसे जैसे उनकी सैलरी बढ़कर .5 लाख और फिर 2.5 लाख हुई, उनका संतोष कम होता चला गया। उनका कहना है कि इस असंतोष का कारण पैसे की कमी नहीं, बल्कि हमेशा दूसरों से तुलना करने की आदत है।*

### डिवाइस आईडी ब्लॉक करे वॉट्सऐप: केंद्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डिजिटल अरेस्ट स्कैम को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा एक्शन का ऐलान किया है। सरकार ने वॉट्सऐप को डिजिटल अरेस्ट इस्तेमाल हो रहे डिवाइस आईडी ब्लॉक करने का आदेश दिया है। बहुत से स्कैम में इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप वॉट्सएप का यूज किया जाता है, जिसमें विक्टिम के पास वॉट्सऐप कॉल, वीडियो कॉल और मैसेज तक भेजे जाते हैं। गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली साइबर विंग इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर की रिपोर्ट के आधार पर एक्शन लेने को कहा है। असल में साइबर स्कैमर्स बार-बार नए अकाउंट बनाते हैं।

# नतांज न्यूक्लियर साइट पर हमला ईरान ने जवाब में दागी मिसाइलें

## ब्रिटेन-अमेरिका के हिंद महासागर में स्थित सैन्य अड्डे को बनाया निशाना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध थमता नहीं दिख रहा है। अमेरिका-इजरायल की संयुक्त एयरस्ट्राइक में ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन केंद्र को निशाना बनाया गया। हालांकि, इजराइल ने इस हमले से इनकार किया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक इस हमले में किसी तरह का रेडियोधर्मी रिसाव नहीं हुआ है न ही कोई खतरा है। इसके जवाब में ईरान ने सुबह हिंद महासागर में स्थित अमेरिका-ब्रिटेन के जॉइंट सैन्य बेस डिएगो गार्सिया पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अमेरिकी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। उनके मुताबिक, ईरान ने 2 मिसाइलें दागीं, लेकिन कोई भी बेस को निशाना नहीं बना सकी। यह बेस ईरान के तट से 3810 किमी दूर है। तेहरान से इसकी दूरी 5 हजार किमी से भी ज्यादा है। डिएगो गार्सिया अमेरिका के लिए बेहद अहम सैन्य ठिकाना है। इस बेस से अमेरिका बॉम्बर प्लेन का इस्तेमाल करता है। यहां बड़े टैंकर विमान (जैसे केसी-135) और निगरानी करने वाले विमान भी काम कर सकते हैं।

इस बीच कई देशों में हमले और जवाबी कार्रवाई से हालात और गंभीर होते जा रहे हैं। वहीं इराक की राजधानी बगदाद में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास ड्रोन हमले से भीषण आग लग गई। यह इलाका पहले भी कई बार हमलों का शिकार हो चुका है। ईरान ने दावा किया है कि उसने ड्रोन के जरिए इजरायल की सैन्य उड़ानों को प्रभावित किया है। तेहरान के अनुसार, तेल अवीव के पास बेन गुरियन एयरपोर्ट पर ईंधन टैंक और रिफ्यूलिंग विमानों को निशाना बनाया गया।


ईरान में स्थित नतांज परमाणु केंद्र।

### सिर्फ सीजफायर नहीं, गारंटी चाहिए: ईरान



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, युद्ध को खत्म करने के लिए सिर्फ सीजफायर काफी नहीं है, बल्कि इसका पूरी तरह अंत होना चाहिए। अराघची ने कहा, 'यह युद्ध हमारा नहीं है, इसे हम पर थोपा गया है। ईरान जो भी कर रहा है, वह आत्मरक्षा के तहत कर रहा है और वह जरूरत पड़ने पर और जितने समय तक जरूरी होगा, अपनी रक्षा करता रहेगा।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान के खिलाफ जीत के करीब



ट्रंप ने कहा, ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में अमेरिका लक्ष्यों के काफी करीब पहुंच चुका है। अब मिडिल ईस्ट में सैन्य कार्रवाई को धीरे-धीरे कम करने पर विचार किया जा रहा है। ट्रंप ने कहा, पहला लक्ष्य ईरान की मिसाइल क्षमता और उससे जुड़े सभी सिस्टम को पूरी तरह कमजोर करना है। दूसरा लक्ष्य ईरान के रक्षा उत्पादन ढांचे को नष्ट करना है। तीसरा ईरान की नौसेना, वायुसेना, साथ ही उसके एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम को खत्म करना शामिल है।

### हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन: रूस

ईरान के नतांज परमाणु साइट पर हमले पर रूस ने कड़ी आलोचना की है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा,यह हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। ईरान ने इस हमले की जानकारी अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसी को भी दी है।

### अमेरिका ने हटाया प्रतिबंध, ईरान से फिर तेल खरीदेगा भारत

ईरान पर अमेरिका-इजरायल युद्ध के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच व्यापारियों ने शनिवार को बताया कि भारतीय रिफाइनर ईरानी तेल की खरीद फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जबकि एशिया के अन्य हिस्सों में रिफाइनर भी ऐसा कदम उठाने पर विचार कर रहे हैं। फिलहाल अमेरिका ने ईरानी तेल खरीद पर प्रतिबंध हटाया हुआ है। तीन भारतीय रिफाइनिंग स्रोतों ने कहा कि वे ईरानी तेल खरीदेंगे और भुगतान की शर्तों जैसे विवरणों पर सरकार के निर्देशों तथा वॉशिंगटन से स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले-ब्रिक्स देश हमला रोकने में रोल निभाएं

ईरान के राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने पीएम मोदी से बातचीत के दौरान कहा कि ब्रिक्स को ईरान पर हो रहे हमलों को रोकने में भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स को बिना किसी दबाव के, अपने दम पर काम करना चाहिए और इस मामले में आगे आना चाहिए। राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि मिडिल ईस्ट के देशों को मिलकर एक नया सुरक्षा सिस्टम बनाना चाहिए। इससे इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहेगी और बाहर के देशों का दखल कम होगा।

### अब तक 20,984 लोग घायल

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे युद्ध में अब तक 20,984 लोग घायल हो चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक 7 अस्पतालों को खाली कराना पड़ा है, क्योंकि वहां काम करना सुरक्षित नहीं था। इसके अलावा, 36 एम्बुलेंस भी हमलों में क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे घायलों को अस्पताल पहुंचाने में दिक्कत हो रही है।



बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म ने अपना सीक्वल रिलीज़ किया!

### एयरलाइंस ने दी किराया बढ़ाने की चेतावनी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने हाल ही में एयरलाइंस कंपनियों को निर्देश दिया था कि वे कम से कम 60% सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के उपलब्ध कराएं। सरकार के इस निर्देश पर अब एयरलाइंस कंपनियों ने कड़ा ऐतराज जताया है। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी प्रमुख एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस ने सरकार को चेतावनी दी है कि इस कदम से हवाई टिकटों के दाम बढ़ सकते हैं।

### हार्ट क्लीनिक आपके शहर रीवा में

**डॉ. शिरीष मिश्रा हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रत्येक दिन**



**रीवा।** रीवा के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ शिरीष मिश्रा जी M.D. मेडिसिन D.N.B कार्डियोलॉजी कंसलटेंट इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट पूर्व कंसलटेंट - मैक्स हॉस्पिटल, बी.ल कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रति दिन समड़िया गोल्ड बाल भारती स्कूल के सामने रीवा में उपलब्ध है, डॉ शिरीष मिश्रा पूर्व में मैक्स हॉस्पिटल और बी.एल. कपूर जैसे हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है, हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, स्टंट, पेसमेकर, वाल्व बाईपास इत्यादि के मरीजों का फॉलो उप, जन्मजात हृदय रोग जैसे बीमारी का इलाज किया जाता है, आधुनिक जांच सुब्धियाएं जैसे कि इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, ECG, होल्टर, ए बीपीएम जैसे आधुनिक तकनीक से जांच उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु आराध्या मेडिकल स्टोर्स समदड़िया गोल्ड, बाल भारती स्कूल के सामने, रीवा। संपर्क नं. 9752244-218 में संपर्क कर सकते हैं।

**75 वर्ष से ज्यादा व्यक्तियों का सभी प्रकार की जांचो में 50% की छूट एवं नि:शुल्क परामर्श**

**विशेष सुविधाएं: एन्जोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी,** आयुष्मान द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की जाती है।



माता का चतुर्थ स्वरूप
माँ कात्यायनी



चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
नेशनल हॉस्पिटल
न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
कीमोथेरेपी
आकस्मिक सुविधा
हड्डी का ऑपरेशन
पथरी का ऑपरेशन
जनरल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
शिशु रोग विभाग
यूरो सर्जरी
कैंसर का ऑपरेशन
जबड़े का फ्रेक्चर
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें-
18008890620, 8608600604, 7566831551

# माता को जल चढ़ाने सुबह से लग रही भक्तों की कतार



## चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का हुआ विशेष पूजन

**जागरण,रीवा।** चैत्र नवरात्रि के दिनों में पूरा नगर भक्तिमय हो गया है। इन दिनों जिले भर के देवी मंदिरों में प्रातः भोर से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो रही है। नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को भी श्रद्धालु मां चंद्रघंटा देवी की भक्ति आराधना में डूबे रहे। पूरे दिन मां चंद्रघंटा की विशेष पूजा-अर्चना मंदिरों में होती रही। मंदिरों में माता को जल चढ़ाने भक्तगण कतारबद्ध खड़े रहे। इधर नौ दिन तक व्रत धारण करने वाले श्रद्धालुओं की आस्था भी मंदिरों में देखते ही बनती है। ये भक्तगण फलाहार करने के बाद ही व्रत तोड़ते हैं। तो वहीं कुछ भक्तगणों ने निर्जला व्रत भी धारण कर रखा है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का महत्व इसलिए अधिक है, क्योंकि यह पर्व शक्ति आराधना का पर्व माना जाता है। भक्तगण पूरे मनोयोग से इन नौ दिनों तक माता के दरबार में शक्ति साधना करते हैं।

### रानी तालाब में दिखा भक्तों का अपार उत्साह

नगर के प्रमुख रानीतालाब स्थित मां काली के दरबार में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। यहां सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। विशेषकर महिला श्रद्धालु पूरे समय माता को जल चढ़ाने यहां संघर्ष करती हैं। इन श्रद्धालुओं को राहत देने आवश्यक प्रयास मंदिर परिसर में किए गए हैं। फिर भी भक्तों के उत्साह के सामने सारी व्यवस्था बौनी नजर आने लगी है। फिर भी चेन स्नेचिंग व अन्य सुरक्षा के लिहाज से यहां पूरे समय पुलिस का पहरा दिया गया है। इसके अलावा फूलमती माता मंदिर में भी भक्तों की टोली सुबह से डटी रहती है। जिलेभर के अन्य देवी मंदिरों में भगत के आयोजन होने लगे हैं। सुबह-शाम पूजन-आरती के बाद यहां लोग भगत गाते हैं। कई जगह महिलाओं द्वारा मनोहारी भजन संध्या के आयोजन भी कराये जा रहे हैं।

# 17 लोगों को भूखण्ड आवंटित कर रानीतालाब चोरहटा से किया गया विस्थापित





## नगर निगम द्वारा तत्कालिक व्यवस्था के लिए हितग्राहियों को वितरित की गई पन्नी

**जागरण, रीवा।** निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शनिवार को वार्ड 4 चोरहटा स्थित रानीतालाब मेड़ पर बसे 17 लोगों को भूखण्ड आवंटित कर उनके द्वारा बनाये गये कच्चे व पक्के भवन को नगर निगम द्वारा हटाते हुये विस्थापित कर दिया गया है। सभी भूमिहीन हितग्राहियों को चोरहटा में ही नहर के उस पार भूखण्ड आवंटित कर दिया गया है। भूखण्ड पाने के बाद सभी हितग्राही खुश नजर आये। इसके साथ ही हितग्राहियों को निवास हेतु पन्नी आदि की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें मुख्य रूप से शांति कोल पति छोटेलाल कोल, उमेश कोल पिता वीरेन्द कोल, रज्जन कोल पिता वीरेन्द्र कोल, गोलू कोल पिता रामसिया कोल, विश्राम कोल पिता सुखलाल कोल, सचिन कोल पिता वंशपति कोल, रंगू कोल पिता रामसुरेश कोल, ममता कोल पति जगदीश कोल, शांति कोल पति रामविश्वास कोल, रज्जन कोल, बेटू कोल पति छोटेलाल कोल, अजय कोल पिता मुन्नालाल कोल, भूरा कोल पिता छोटेलाल कोल, दुअसिया/मंगल कोल, किशन कोल पिता भगवानदीन कोल आदि लोगों की सामग्री आदि उनके भूखण्ड में पहुचाकर व्यवस्थापन आदि का कार्य कराया गया। उक्त कार्यवाही में मुख्य रूप से सहायक यंत्री एवं अतिक्रमण प्रभारी राजेश चतुर्वेदी के साथ अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

# मुल्क में अमन, चैन, खुशहाली की मांगी दुआ





## जोशो खरोश के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्योहार शहर काजी ने कराई नमाज अदा

**जागरण, रीवा।** भाईचारे की भावना का प्रतीक ईद उल फितर का त्योहार शनिवार को पूरी शाइस्तगी अकीदत मंदी व जोशो खरोश के साथ शहर सहित जिले भर में मनाया गया। रमजानुल मुबारक के 30 रोजे पूर्ण होने के बाद समाजजन ईद की तैयारी में जुट गए। शरीअत हिलाल तस्दीक कमेटी के सेक्रेटरी एड. महमूद खान ने बताया सभी मुस्लिम भाई सुबह फजर की नमाज अदा कर गुस्ल आदि से फारिग होकर रंग-बिरंगे कपड़ों में ईदगाह व नमाज स्थलों की ओर रवाना हुए। ईद उल फितर की वाजिब दो रकात नमाज अदा कर रमजान के महीने की इबादत का इनआम हासिल करने के लिए परवगरदिगार की बारगाह में दुआ मांगी तथा नमाज के बाद बड़े सहित बच्चों ने गले लगकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश कर रब की बारगाह में वतन में अमन, चैन, तरक्की, खुशहाली की दुआ मांगी।

### शहर में 23 स्थलों में पढ़ी गई नमाज

शरीअत हिलाल तस्दीक कमेटी द्वारा घोषित सभी 23 नमाज स्थलों में ईद की नमाज अदा की गई। बीहर नदी के तट पर स्थित रीवा की मुख्य ईदगाह घोघर में शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद मुबारक अजहरी सा. ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराई। इस मौके पर ईदगाह के मेंबर से नमाजियों को खिताब करते हुए अजहरी सा. ने कहा कि अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए जिस शिद्दत से रमजान के महीने में इबादत की बाकी के 11 महीने भी अगर हम इबादत का सिलसिला कायम रखें और गुनाहों से बचते हुए अपनी जिंदगी गुजार सकें तब हमें मान लेना चाहिए कि हमारे रोजे और इबादत परवरदिगार की बारगाह में कबूल हुए हैं। ईदगाह घोघर सहित शाही ईदगाह बिछिया, जामा मस्जिद छोटी दरगाह, बड़ी दरगाह, दारा शाह तकिया बिछिया सहित समस्त नमाज स्थलों में हजारों मुस्लिम भाईयों ने ईद की नमाज अदा की। शहर के साथ ही जिले के कस्बाई इलाकों में भी ईद का त्योहार पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। केन्द्रीय जेल स्थित मस्जिद में मुस्लिम बंदियों को कमेटी द्वारा नियुक्त पेश इमाम मौलाना अब्दुल रऊफ रिजवी ने नमाज अदा कराई। ईद उल फितर के मौके पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बेहतर रही। ईद उल फितर का त्योहार शांति एवं सद्भाव पूर्वक संपन्न होने पर शरीअत हिलाल तस्दीक कमेटी के सदर व शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद मुबारक अजहरी, नायब सदर गाजी नजीर खान, सेक्रेटरी एड. महमूद खान, खजांची अनस अब्बासी, जॉइंट सेक्रेटरी मो. आबाद खान, कार्यकारी सदस्य हाजी यामीन खान, डॉ. महमूद खान, अली अहमद, डॉ. शोएब खान, मो. मकसूद, मोइनुद्दीन शेख, सम्मानित सदस्य हाजी डॉ. अनीस सिद्दीकी, शौकत उमर निजामी, हाजी निजावत, जावेद अंसारी, समीउल्लाह खान बब्बू, वसीउल्लाह अंसारी, मो. खलील, डीडी खान, वसीम खान, आसिफ खान, गुलाम रसूल, निजामुद्दीन अंसारी, परवेज मुस्तफा आदि ने सभी हिन्दू-मुस्लिम भाईयों, प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति शुक्रिया का इजहार किया।

# सावधानः अप्रैल से दुगुनी हो जायेगी बकाया टैक्स राशि

## नगर निगम द्वारा सिर्फ 31 मार्च तक ही मिलेगा अधिभार में छूट का लाभ

**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष के आखिरी सप्ताह में 31 मार्च तक करों की राशि के अधिभार में छूट का प्रावधान किया गया है। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जो 31 मार्च तक बकाया कर की राशि जमा नहीं करेंगे। एक अप्रैल से सभी प्रकार के करों की राशि दोगुनी कर दी जाएगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हेतु नगर निगम द्वारा विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर रविवार को सभी जोन कार्यालय एवं निगम कार्यालय नियमित रूप से कार्य करेंगे। रविवार को विशेष कर संग्रहण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह निर्णय वित्तीय वर्ष 2025-26 के राजस्व संग्रहण एवं समापन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे, जिससे करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा लंबित करों का त्वरित निराकरण किया जा सके। शहर के करदाताओं के पास बकाया कर 31 मार्च तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब मात्र 10 दिन शेष हैं। 1 अप्रैल से समस्त बकाया करों की राशि पर दोगुना प्रभाव लागू हो जाएगा। निगम आयुक्त द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे 31 मार्च तक अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार एवं अप्रिय कार्यवाही से बचें। उन्होंने बताया कि नियत तिथि के पश्चात शासन के प्रावधानों के अनुसार बकाया राशि पर अधिभार लगाया जाएगा। रीवा नगर के समस्त स्वयं के आवासीय भवनों पर वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट आगामी 31 मार्च तक ही प्रभावी रहेगी। इसके पश्चात यह छूट समाप्त हो जाएगी तथा 12 प्रतिशत अधिभार देय होगा। जिन भवन स्वामियों द्वारा वर्ष 2024-25 तक का संपत्तिकर जमा नहीं किया गया है, उन्हें शीघ्र भुगतान करने की सलाह दी गई है, अन्यथा उनके भवन/प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी/कुर्की की कार्यवाही की जा सकती है।

## माय रीवा सिटीजन ऐप के माध्यम से हो रहा शिकायतों का डिजिटल समाधान

**जागरण, रीवा।** नगर निगम रीवा द्वारा नागरिक सेवाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किये गये 'माय रीवा सिटीजन ऐप' के माध्यम से अब शिकायतों का समाधान भी निकलने लगा है। आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में विकसित यह ऐप नागरिकों को नाली, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज करने एवं उनके समाधान की स्थिति ऑनलाइन देखने की सुविधा प्रदान करता है। इस ऐप के माध्यम से अब तक नागरिकों की सैकड़ों शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। ऐप के जरिये स्पष्ट रूप से डिजिटली वन स्टॉप प्लेटफॉर्म के माध्यम से समस्याओं का समाधान तेजी से और प्रभावी रूप से किया जा रहा है। ऐप में गूगल मैप आधारित लोकेशन टैगिंग, शिकायत से संबंधित फोटो अपलोड करने की सुविधा एवं डैशबोर्ड मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया एल-1, एल-2 एवं एल-3 स्तर के अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से सौंपने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि 'माय रीवा सिटीजन ऐप' स्थानीय प्रशासन को डिजिटल स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक कारगर प्रयास है। इसमें लगातार सुधार कर इसे और बेहतर बनाया जा रहा है।

डॉ. नीरज कुमार दुबे
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ENT)
कान-नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
माइक्रोस्कोपिक एवं एंडोस्कोपिक ई.एन.टी. सर्जन
परामर्श स्थलः
अंशिका मेडिकल्स
सभी प्रकार की दवाइयों के विक्रेता
7089196877
पताः- न्यू बस स्टैण्ड के आगे, फूलमती मन्दिर के पहले, पीटीएस रोड, रीवा (म.प्र.)
कान-नाक एवं गले से संबंधित निम्न बीमारियों के समुचित उपचार के लिए संपर्क करें
- कान के पर्दे में छिद्र एवं कान की हड्डी में गलन एवं कान से मवाद आना (CSOM)
- कान में सीटी बजना या सनसनाहट (Tinitus) कम सुनाई देना एवं चक्कर आना (Vertigo)
- पुरानी सर्दी जुकाम, साइनस की बीमारी (SINUSITIS) ज्यादा, बार-बार छींके आना एवं allergy से नाक बहना। (Allergic Rhinitis)
- नाक की हड्डी का टेढ़ापन (DNS), नाक के अंदर गठान, Polyp Mass etc)
- बच्चों में बार-बार गले का इंफेक्शन एवं मुंह खोलकर सांस लेना, खर्राटे लेना (Tonsillitis, Adenoid Hypertrophy)
- कान-नाक एवं गले से संबंधित अन्य कोई बीमारी या गठान की दूरबीन द्वारा जांचे एवं उपचार
- माइक्रोस्कोप एवं एंडोस्कोप (दूरबीन) द्वारा कान,नाक एवं गले से संबंधित ऑपरेशन, (Tympanoplasty, FESS, Septoplasty, Tonsillectomy etc)

# दैनिक जागरण

वर्ष 73 अंक 172
पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 22 मार्च, 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष 04,
विक्रम संवत् 2083
नगर
मूल्य 5 रुपए




भोपाल। रमजान माह के 30 रोजे पूरे होने के बाद शनिवार को पूरे देश सहित प्रदेश में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया गया। राजधानी भोपाल सहित इंदौर, जबलपुर और उज्जैन की ईदगाहों में हजारों की संख्या में नमाजियों ने खुदा की इबादत में सिर झुकाया और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। हालांकि, इस बार ईद के उल्लास के बीच भोपाल में विरोध और इंदौर में साम्प्रदायिक सद्भाव की अनूठी तस्वीरें भी देखने को मिलीं। भोपाल में सबसे पहली सुबह 7-30 बजे नमाज ईदगाह में हुई, जिसके बाद जामा मस्जिद, ताज-उल-मसाजिद और मोती मस्जिद में सिलसिलेवार नमाजें अदा की गईं। ■ (फोटोः एचसी वर्मा)

### ग्वालियरः सुगंधित सुपारी की आड़ में चल रहा था पान मसाला और गुटखे का कारोबार

# दो कारोबारियों पर जीएसटी छापा 35 करोड़ की टैक्स चोरी उजागर

**जागरण, भोपाल।** सीजीएसटी की भोपाल यूनिट ने शनिवार को पान मसाला और तंबाकू के अवैध निर्माण से जुड़ी दो फर्मों का भंडाफोड़ किया है। सीजीएसटी की केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क की प्रिवेंटिव शाखा ने ग्वालियर की दो फर्मों पर छापा मारकर 35 करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी पकड़ी है। सीजीएसटी टीम ने ग्वालियर के हुंका ट्रेडर्स और विकास एंटरप्राइजेज के ठिकानों पर रेड के दौरान तलाशी में इस कर चोरी को पकड़ा है। हुंका ट्रेडर्स के संचालक विकास गुप्ता और विकास एंटरप्राइजेज के संचालक रामू गुप्ता आपस में सगे भाई हैं और दोनों ने बगैर रजिस्ट्रेशन के ही पाउच पैकिंग मशीनें लगाई हुई थीं। इसके साथ ही दोनों फर्में सुगंधित सुपारी की आड़ में पान मसाला और तंबाकू उत्पाद पैक करके बेच रही थीं। जीएसटी के छापे के बाद अब इन फर्मों से टैक्स रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी।



### दोनों प्रोप्राइटर गिरफ्तार, लाखों के स्टॉक के साथ फैक्ट्रियां सील

सीजीएसटी की टीम ने दोनों फर्मों के प्रोप्राइटरों विकास गुप्ता और रामू गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने दोनों फर्मों में लगी सभी मशीनों, स्टॉक, आपत्तिजनक दस्तावेजों और डिजिटल उपकरणों को भी जब्त कर लिया है। जीएसटी से जुड़े अफसरों का दावा है कि इस टैक्स चोरी का आंकड़ा अभी और भी बढ़ सकता है, क्योंकि इनके द्वारा बेचे गए तंबाकू और पान मसाले की बिक्री का ऑडिट भी किया जाएगा। फिलहाल सीजीएसटी की टीमें गहराई से इन फर्मों के बैंक खातों और लेन-देन के दस्तावेजों को भी खंगाल रही हैं, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के साथ कर चोरी का सटीक आकलन किया जा सके।

### इस तरह कर रहे थे टैक्स चोरी

जांच में पाया गया कि ये फर्में जीएसटी अधिनियम, 2017 के तहत वस्तुओं का गलत वर्गीकरण कर रही थीं। इसके अलावा एचएसएनएस एक्ट के तहत अनिवार्य पंजीकरण के बिना ही दोनों फर्में पाउच पैकिंग मशीनें लगाकर केंद्रीय उत्पाद शुल्क की चोरी कर रही थीं। विकास एंटरप्राइजेज नाम की फर्म 'वीएम ब्लैक' नाम की सुगंधित सुपारी के लाइसेंस की आड़ में अवैध रूप से पान मसाला का निर्माण कर रही थी। यह फर्म सुपारी पर लगने वाले 5 और 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान कर रही थी, जबकि पान मसाला और तंबाकू उत्पादों पर लगने वाले टैक्स की दर इससे कहीं अधिक है। इस फर्म के ठिकानों पर 3 ऑटोमेटिक और 12 मैनुअल पाउच पैकिंग मशीनें बिना पंजीकरण के मिली हैं। इस फर्म से लगभग 32 करोड़ रुपए की एचएसएनएस (हेल्थ सिक्योरिटी एंड नेशनल सिक्योरिटी) सेस की चोरी पकड़ी गई। हुंका ट्रेडर्स का संचालक विकास गुप्ता अवैध रूप से सुगंधित तंबाकू का निर्माण कर रहा था, लेकिन वह तंबाकू के बजाय सुपारी और नट्स पर लगने वाला केवल 5 प्रतिशत जीएसटी ही चुका रहा था। यहां से 2 स्वचालित पाउच पैकिंग मशीनों को जब्त किया गया है। जीएसटी टीम ने इस फर्म की 3.32 करोड़ रुपए की सेंट्रल एक्साइज की चोरी पकड़ी है।

## मोबाइल में आधार ऐप जरूरी नहीं : केंद्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मोबाइल फोन में आधार ऐप को पहले से इंस्टॉल करने को लेकर उठे विवाद के बीच सरकार ने साफ किया है कि यह अनिवार्य नहीं होगा। सरकार ने कहा है कि यह केवल एक प्रस्ताव है, जिस पर अभी विचार-विमर्श चल रहा है और यूजर्स अपनी इच्छा के अनुसार इसे इस्तेमाल या हटाने के लिए स्वतंत्र होंगे। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुताबिक, यह प्रस्ताव नवंबर 2025 में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेजा गया था। इसका उद्देश्य उन लोगों को सुविधा देना है, जिनके मोबाइल में स्टोरेज कम होता है और वे ऐप डाउनलोड नहीं कर पाते। एक अधिकारी ने कहा कि जैसे मोबाइल में पहले से गूगल मैप जैसे ऐप होते हैं, लेकिन उनका इस्तेमाल करना या हटाना यूजर की मर्जी पर निर्भर करता है, उसी तरह आधार ऐप भी होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि आधार ऐप को मोबाइल में प्री-लोड करने का विचार सिर्फ सुविधा के लिए है, इसे अनिवार्य नहीं बनाया जाएगा। यूजर्स चाहें तो इसे हटा भी सकते हैं। सरकार का कहना है कि इस प्रस्ताव पर अभी चर्चा जारी है और कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। इस मुद्दे पर विवाद तब बढ़ा जब 13 जनवरी 2026 को एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि सरकार ने एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियों से आधार ऐप को फोन में पहले से इंस्टॉल करने को कहा है। इस पर कंपनियों ने निजता (प्राइवेसी) और अतिरिक्त लागत को लेकर चिंता जताई थी।

# निवेश के लिए आदर्श जगह बनकर उभर रहा मप्रः सीएम

### जयपुर में राजस्थान के निवेशकों को सीएम ने दिया न्योता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्थान के निवेशकों को मप्र में निवेश करने का न्योता देते हुए कहा है कि दोनों प्रदेशों के बीच पारंपरिक रिश्ते अब विकास और संसाधनों की साझेदारी तक पहुंच गए हैं, जिससे हम और मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी भविष्य में विकास की नई इबारत लिखेगी। अनुकूल नीतियां, मजबूत अधोसंरचना और कुशल मानव संसाधन के साथ मप्र निवेश के लिए एक आदर्श डेस्टिनेशन बनकर उभर रहा है।



मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर में इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन मप्र को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा, दोनों राज्यों के बीच रोटी-बाती का संबंध अब पानी तक पहुंच गया है, जिस तरह से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है और राज्यों के बीच संसाधनों का समन्वय बेहतर हुआ है उससे राज्यों में विकास की गति भी तेज हो रही है। उन्होंने निवेशकों से मध्यप्रदेश में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने और दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने की आह्वान किया। सीएम ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, करीब एक लाख करोड़ रुपए की इस योजना में राज्यों को केवल 10 प्रतिशत राशि वहन करनी होगी,जबकि 90 प्रतिशत केंद्र द्वारा द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे परियोजना से सूखा प्रभावित क्षेत्रों में सिंचाई और पेयजल की स्थिति सुदृढ़ होगी,तो इसका लाभ किसानों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जहां तक मप्र में निवेश के लिए सुविधाओं की बात है, तो हमने निवेश को बढ़ावा देने के लिए 26 नई नीतियां लागू की हैं, जिनमें उद्योगों के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण ,होटल और अस्पताल क्षेत्र में पूंजी अनुदान तथा नए क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहन शामिल है। हमारी सरकार ने स्पेस और एआई सेक्टर के लिए भी नीति बनाई है। सीएम ने कहा, मप्र बिजली में सरप्लस स्टेट है। हमारी यहां बन रही बिजली से दिल्ली तक मेट्रो संचालित हो रही है। उत्तर प्रदेश के साथ बिजली साझा करने का मॉडल भी तैयार किया गया है,जिसके तहत मुरैना के पास प्लाट स्थापित कर दोनों राज्य बारी-बारी से बिजली का उपयोग करेंगे। इसी तरह मध्यप्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल सेक्टर में भी कई बड़े कदम उठाए गए है। पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने के लिए एक रुपए की लीज पर जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि मप्र मौजूदा साल कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मना रहा है। किसानों की आमदनी कैसे बढ़े और हमारे राज्य में दूध का उत्पादन किस तरह से बढ़ाया जाए,इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है,जिसके सार्थक परिणाम सामने दिखाने देने लगे है।

# होटल कारोबारियों को राहत सिलेंडर सप्लाई 20% बढ़ाई

### कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति अब कुल 50% हुई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मौजूदा गैस संकट के बीच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने गैस आवंटन को बढ़ाकर संकट से पहले (प्री-क्राइसिस) के स्तर का 50 फीसदी कर दिया है। इसके तहत 23 मार्च से राज्यों को 20 प्रतिशत अतिरिक्त एलपीजी सप्लाई की जाएगी।

पेट्रोलियम सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में बताया कि इस अतिरिक्त आवंटन का उद्देश्य खाद्य आपूर्ति, जनकल्याण से जुड़े प्रमुख क्षेत्रों को मदद पहुंचाना है। हालांकि, इसका फायदा हर किसी को सीधेतौर पर नहीं मिलेगा। इसके लिए सरकार ने कुछ सख्त नियम तय किए हैं। जो कारोबारी इन नियमों का पालन नहीं करेंगे, उन्हें इस कोटे से गैस का आवंटन नहीं किया जाएगा। सभी कमर्शियल और इंडस्ट्रियल एलपीजी उपभोक्ताओं को इस 50% ओवरऑल आवंटन का हिस्सा बनने से पहले तेल विपणन कंपनियों के साथ अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### इन क्षेत्रों को भी प्राथमिकता?

- रेस्टोरेंट, ढाबे और होटल
- औद्योगिक कैंटीन
- फूड प्रोसेसिंग और डेयरी इकाइयां
- राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा चलाई जा रही सब्सिडी कैंटीन
- सामुदायिक रसोई
- प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो वाले सिलेंडर की व्यवस्था

# धर्मगुरुओं को धमकी ईरान से मोहब्बत तो वहीं जाओः मुनीर

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने गुरुवार को शिया धर्मगुरुओं से कहा कि जो लोग ईरान से इतना प्यार करते हैं, वे वहां चले जाएं। उनके इस बयान को शिया समुदाय के नेताओं ने अपमानजनक और भड़काऊ बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुनीर ने रावलपिंडी में शिया समुदाय की एक इफ्तार पार्टी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे किसी को भी, किसी दूसरे देश के लिए अपनी वफादारी की वजह से, पाकिस्तान में अफरा-तफरी फैलाने की इजाजत नहीं देंगे। इससे पहले उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि किसी दूसरे देश की घटनाओं के आधार पर पाकिस्तान में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बयान के बाद शिया समुदाय का कहना है कि यह उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाने जैसा है।



### कार्यक्रम छोड़ गए मुनीर

रिपोर्ट्स के मुताबिक बैठक के बाद उलेमाओं से कहा गया था कि डिनर के बाद फिर से बातचीत होगी। लेकिन जनरल मुनीर अचानक कार्यक्रम छोड़कर चले गए। इससे शिया नेताओं को लगा कि उनके साथ न सिर्फ औपचारिक बल्कि व्यक्तिगत तौर पर भी अपमान किया गया है। शिया समुदाय के नेताओं ने इस विवाद के बाद कहा कि उनकी वफादारी पाकिस्तान और इस्लाम दोनों के प्रति है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पाकिस्तान के निर्माण में शिया समुदाय का अहम योगदान रहा है। देश के कई बड़े नेता और संसाधन इस समुदाय से जुड़े रहे हैं। शिया नेताओं का कहना है कि मक्का, मदीना, इराक और ईरान जैसे धार्मिक स्थलों से उनका जुड़ाव उनकी आस्था का हिस्सा है।

## अकाउंटेंट ने भरे अपनों के खाते, 1.11 करोड़ की चपत

**जागरण, जबलपुर।** मनमाने लोगों के नाम अतिथि शिक्षक के तौर पर दर्ज कर वर्षों तक हर महीने वेतन की राशि सरकारी खाते से निकालने का मामला सामने आया है। यह राशि वर्षों ऐसे लोगों के खाते में ट्रांसफर की जा रही थी, जो सालों पहले सेवानिवृत्त हो चुके या कभी नौकरी में थे ही नहीं। सरकारी खाते को चूना लगाने का काम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ शातिर अकाउंटेंट ने किया। खुद के बनाए इन अतिथि शिक्षकों के नाम से वह हर महीने सरकारी सैलरी खाते से आहरण करता था, फिर अपनी पत्नी, दो बेटियों व परिजनों के अलावा तीन पूर्व डीईओ के खातों में यह सारी राशि ट्रांसफर करता था।

# सागर में चलती कार में आग डॉक्टर की पत्नी जिंदा जली

### मामला संदिग्ध, डॉक्टर पति हिरासत में

**जागरण, सागर।** जिले में शनिवार सुबह करीब 4 बजे गढ़ाकोटा रोड पर चलती कार में आग लग गई। हादसे में डॉक्टर की पत्नी जिंदा जल गई, जबकि डॉक्टर व दो अन्य सलामत हैं। मामला सानौधा थाना क्षेत्र का है। मृतक महिला की पहचान सीमा कुर्मी के रूप में हुई है, जबकि उनके पति डॉ. नीलेश कुर्मी गढ़ाकोटा के रहने वाले हैं। आग इतनी भीषण थी कि महिला का शव काफी हद तक जल चुका है। एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि डॉ. नीलेश कुर्मी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामला संदिग्ध है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल तीन लोगों से पूछताछ जारी है। पुलिस के मुताबिक, डॉ. नीलेश अपनी पत्नी सीमा को इलाज के लिए सागर ले जा रहे थे।



### भाई ने की जांच की मांग

डॉक्टर के बयान के बाद मृतका के भाई लोकेश पटेल ने कहा कि अगर यह साधारण हादसा होता, तो मौके पर एक्सीडेंट के स्पष्ट निशान मिलते। उन्होंने आशंका जताई कि या तो उनकी बहन को बेहोशी की हालत में ले जाया जा रहा था या फिर पहले ही उसकी हत्या कर दी थी। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### संकट 84 देशों के वैश्विक कार्बन बजट को तेजी से खत्म कर रहा युद्ध

# जलवायु के लिए भयावह आपदा बन रहा युद्ध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर थोपा गया युद्ध जलवायु के लिए भी आपदा साबित हो रहा है, क्योंकि यह 84 देशों के संयुक्त रूप से वैश्विक कार्बन बजट को खत्म करने की तुलना में कहीं अधिक तेजी से वैश्विक कार्बन बजट को समाप्त कर रहा है।

जलवायु लागत के पहले विश्लेषण में पाया गया कि संघर्ष के पहले 14 दिनों में जिस तरह युद्धक विमानों, ड्रोन और मिसाइलों ने हजारों लोगों को मार डाला, बुनियादी ढांचे को नष्ट किया और मध्य पूर्व को एक विशाल बलिदान क्षेत्र में बदल दिया, इसके परिणामस्वरूप पांच मिलियन टन ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन हुआ है। जलवायु, समुदाय संस्थान के अनुसंधान निदेशक और विश्लेषण के सह-लेखक पैट्रिक बिगर ने कहा, यह युद्ध फिर दिखाता है कि विदेश नीति तय करने जीवाश्म ईंधन के हितों से समझौता करना जलवायु संकट को और भी गंभीर बनाने का सबसे तेज तरीका है।'



- संघर्ष के पहले 14 दिनों में 5 मिलियन टन ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन हुआ
- 150 से 270 मिलियन लीटर ईंधन की खपत हुई, जिससे कुल 529,000 टन कार्बन उत्सर्जन हुआ
- 2.5 से 5.9 मिलियन बैरल तेल जल गया, जिससे 1.88 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन
- नष्ट हुए सैन्य उपकरण से 172,000 टन कार्बन उत्सर्जन
- गोला-बारूद के उपयोग में 55,000 टन कार्बन उत्सर्जन

### हमलों के कारण हो रहे कार्बन उत्सर्जन की एक बानगी

- पर्यावरणीय नुकसान में ईंधन दूसरा सबसे बड़ा कारक है, क्योंकि अमेरिकी बमवर्षक विमान इंग्लैंड के पश्चिम से लेकर ईरान पर हमले करने तक के लिए उड़ान भरते हैं। विश्लेषण के अनुसार, पहले 14 दिनों में विमानों, सहायक जहाजों और वाहनों द्वारा 150 से 270 मिलियन लीटर ईंधन की खपत हुई,जिससे 529,000 टन कार्बन उत्सर्जन हुआ।
- युद्ध की सबसे भयावह तस्वीरों में से एक तेहरान पर छाए काले बादल और काली बारिश की है, जो इजराइल द्वारा शहर के आसपास स्थित चार प्रमुख ईंधन भंडारण डिपो पर बमबारी के बाद हुई, जिससे लाखों लीटर ईंधन में आग लग गई। ईरान ने खाड़ी पड़ोसियों पर जवाबी कार्रवाई की। इसी तरह के सभी हमलों में 2.5 मिलियन से 5.9 मिलियन बैरल तेल जल गया, जिससे 1.88 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन हुआ।

## राहुल का दावाः चुनाव के बाद पेट्रोल डीजल-एलपीजी की कीमतें बढ़ेंगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मिडिल ईस्ट में चल रही जंग और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर भारतीय करेंसी पर भी पड़ रहा है। इसे लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार का घेराव किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी- ये सिर्फ आंकड़े नहीं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि यानी हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है और यह सिर्फ वक्त की बात है, चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतें भी बढ़ा दी जाएंगी।



### आपकी थाली में क्या बचा

राहुल गांधी ने आगे कहा कि मोदी सरकार के पास न दिशा है, न रणनीति-सिर्फ बयानबाजी है। सवाल यह नहीं कि सरकार क्या कह रही है-सवाल यह है कि आपकी थाली में क्या बचा है। आपको बता दें कि पिछले दिनों कांग्रेस सांसद ने कहा था कि दुनिया तेजी से बदल रही है संकट हमारे दरवाजे पर है। अगर सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो एलपीजी, पेट्रोल और डीजल करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन जाएंगे। सच्चाई साफ है, केंद्र सरकार ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता कर दिया है।

# मथुरा में साधु की मौत पर हंगामा पथराव, पुलिस की गाड़ियां तोड़ीं

### आरोप-गो तस्करों ने ट्रक से कुचला, पुलिस बोली हादसा

**मथुरा, जेएनएन।** मथुरा में साधु चंद्रशेखर सिंह (45) की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। वह 'फरसा वाले बाबा' के नाम से मशहूर थे। घटना के बाद जमकर हंगामा हुआ। गुस्साए लोगों ने बाबा का शव रखकर हाईवे जाम कर दिया। बाबा के एक साथी ने दावा किया-शनिवार तड़के बाबा 2 साथियों के साथ ट्रक का पीछा कर रहे थे। ट्रक में गोवंश होने की सूचना थी। ट्रक को ओवरटेक कर बाबा ने सामने बाइक खड़ी कर दी। तभी अचानक ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ा दी और बाबा को कुचलते हुए भाग गया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, पुलिस का कहना है कि शक के आधार पर बाबा एक ट्रक को रोककर चेकिंग कर रहे थे। सुबह कोहरा होने की वजह से पीछे से आ रहे ट्रक ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। बाबा इसकी चपेट में आ गए। ट्रक चालक भी घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डीआईजी शैलेश पांडे ने साफ किया कि ट्रकों में कोई गोवंश नहीं था। दरअसल, बाबा की मौत कोसीकलां के कोटवन थाना क्षेत्र में हुई। घटना की जानकारी इलाके में आग की तरह फैली। देखते-ही-देखते हजारों की भीड़ छाता थाना क्षेत्र में दिल्ली-मथुरा हाईवे पर जमा हो गई। उन्होंने बाबा का शव रखकर हाईवे जाम कर दिया। आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगे।



# विक्रम संवत : एक कालातीत परंपरा




क्या आपने कभी सोचा है कि ग्रेगोरियन कैलेंडर के अलावा हिंदू धर्म में समय कैसे मापा जाता है? यह एक ऐसी बात है जिस पर वर्षों से विचार होता रहा है। खासकर परिवारों को शुभ तिथियों के बारे में सलाह देते समय। तो आइए, विक्रम संवत के मूल में उतरें, वह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कैलेंडर जिसने सदियों से भारतीय जीवन को आकार दिया है। यह सिर्फ एक कैलेंडर नहीं है; यह हमारी परंपराओं, त्योहारों और आध्यात्मिक साधनाओं से एक जीवंत जुड़ाव है। पंचांग को अपना ब्रह्मांडीय जीपीएस समझें, और विक्रम संवत वह मानचित्र है जिसका वह उपयोग करता है!

### विक्रम संवत क्या है?

विक्रम संवत, जिसे विक्रमी कैलेंडर भी कहा जाता है, भारत में प्रयुक्त दो प्रमुख हिंदू कैलेंडरों में से एक है, दूसरा शालिवाहन शक कैलेंडर है। दिलचस्प बात यह है कि यह उत्तर भारत में ज्यादा प्रचलित है, जबकि शक कैलेंडर दक्षिण भारत में प्रमुख है। विक्रम संवत एक चंद्र-सौर कैलेंडर है, जिसका अर्थ है कि यह चंद्र चक्र और सौर वर्ष दोनों पर आधारित है। यह मिश्रण सुनिश्चित करता है कि हमारे त्योहार और अनुष्ठान ऋतुओं और चंद्रमा की कलाओं के अनुरूप हों।

### राजा विक्रमादित्य की कथा

विक्रम संवत की उत्पत्ति उज्जैन के महान राजा विक्रमादित्य से जुड़ी एक पौराणिक कथा में छिपी है। प्रचलित मान्यता के अनुसार, राजा विक्रमादित्य ने 57 ईसा पूर्व में शक शासकों को पराजित किया था और इस विजय के उपलक्ष्य में, एक नए युग, विक्रम संवत की शुरुआत की थी। इतिहास थोड़ा अस्पष्ट हो सकता है, और विक्रमादित्य का सटीक ऐतिहासिक काल निर्धारित करना अभी भी विद्वानों के बीच विवाद का विषय है। ऐतिहासिक सटीकता चाहे जो भी हो, विक्रमादित्य की कथा एक धर्मी और न्यायप्रिय शासक के आदर्शों का प्रतीक है।

### हिंदू रीति-रिवाजों और त्योहारों में विक्रम संवत

विक्रम संवत केवल तिथियों का हिसाब रखने वाला कैलेंडर नहीं है; यह हिंदू रीति-रिवाजों और त्योहारों के ताने-बाने में गुंथा हुआ है। दिवाली से लेकर होली तक, लगभग सभी प्रमुख हिंदू त्योहार विक्रम संवत के आधार पर तय किए जाते हैं। शादियों, गृह प्रवेश और अन्य शुभ समारोहों की तिथियों की गणना भी इसी कैलेंडर के आधार पर की जाती है। इसकी सटीकता अक्सर आश्चर्यजनक होती है!

### आध्यात्मिक महत्व

विक्रम संवत के कैलेंडर में प्रत्येक दिन, तिथि (चंद्र दिवस) और महीने की अपनी अनूठी ऊर्जा और महत्व होता है। इन प्रभावों को समझकर, हम नए उद्यम कब शुरू करें, विशिष्ट अनुष्ठान कब करें, या केवल विशेष आध्यात्मिक साधनाओं पर ध्यान केंद्रित करें, इस बारे में सोच-समझकर निर्णय ले सकते हैं। यह समय, परंपरा और ब्रह्मांडीय नृत्य का सम्मान करने के बारे में है।

### सिंहासन बत्तीसी और बेताल पचीसी में विक्रमादित्य

असल में विक्रमादित्य कौन थे, इस सवाल का जवाब स्पष्ट नहीं है, लेकिन ईसा पूर्व शकों के आक्रमण और उन पर विजय के जो ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं, उससे विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता और प्राचीनता सामने आती है. बाद में इन्हीं विक्रमादित्य को लोक में कई कथाओं और किवदंतियों के जरिए अमर किया गया और इनसे जुड़ी कथाओं में चमत्कार और देवी-देवताओं की मौजूदगी भी मिलती है. सिंहासन बत्तीसी और बेताल पच्चीसी ऐसी ही कथाएं हैं । सिंहासन बत्तीसी में तो विक्रमादित्य की न्यायप्रियता और तेज से भरापूरा उनका एक सिंहासन है जो कहानी का केंद्रीय पात्र है. उज्जैन के बाहर एक टीले की खुदाई में यह सिंहासन मिलता है और फिर से जीवंत हो उठता है. इसमें मौजूद 32 पुतलियां सम्राट विक्रमादित्य की कथा सुनाती हैं, जिसमें उन्हें विष्णु भक्त, महाकाल का कृपा पात्र, काली का वरदानी, देवी लक्ष्मी से संपन्न और इंद्र का मित्र तक बताया गया है, जिनकी आकाश मार्ग से स्वर्ग तक की आवाजाही थी ।

### विक्रमादित्य की लोककथाएं

विक्रमादित्य को लेकर कई तरह की लोककथाएं और किवदंतियां मध्य प्रदेश से लेकर पूरे भारत में मौजूद हैं। ये किवदंतियां मंदिरों की ऐतिहासिकता से भी जुड़ी हैं। एक ऐसा ही दिव्य शक्तिपीठ हरसिद्धि माता के मंदिर महाकाल की नगरी यानि कि उज्जैन में स्थित है। मान्यता है कि जिस स्थान पर देवी सती की कोहनी गिरी थी, वह उज्जैन के रुद्रसागर तालाब के पश्चिमी तट पर स्थित है.कहते है कि हरसिद्धि माता के इस मंदिर में सम्राट विक्रमादित्य हर बारहवें वर्ष में अपना शीश माता के चरणों में अर्पित कर देते थे, लेकिन हरसिद्धि देवी की कृपा से उन्हें हर साल एक नया सिर मिल जाता था. मान्यता है कि जब बारहवीं बार उन्होंने अपना सिर चढ़ाया तो सिर फिर वापस नहीं आया और उनका जीवन समाप्त हो गया था. मान्यता है कि मंदिर परिसर के एक कोने में 11 सिंदूर लगे मुण्ड राजा विक्रमादित्य के ही हैं।

### सटीकता पर कोई सवाल नहीं

विक्रम संवत की सटीकता पर अब तक कोई सवाल नहीं उठे हैं। प्राचीन ग्रंथ सूर्य सिद्धांत के अनुसार, पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाने में 365 दिन 15 घटी 31 विपल तथा 24 प्रति विपल लगाती है। इससे पहले यूरोप में एक वर्ष 360 दिन का हुआ करता था। विक्रम संवत में महीना 30 या 31 दिन का नहीं बल्कि 30 दिन का होता है. हर तीसरे वर्ष पर एक अतिरिक्त मास होता है, जिसे अधिक मास या मलमास कहते हैं ताकि इसे सूर्य वर्ष से मिलाया जा सके. इससे महीनों और ऋतुओं का तालमेल सबसे सटीक रूप से बैठता है।

### नेपाल में प्रचलित है विक्रमी संवत

आजादी के बाद देश में जिसे राष्ट्रीय पंचांग के तौर पर मान्यता मिली है, वह शक संवत है, जो कि ईसा से 135 वर्ष बाद शुरू हुआ था, लेकिन नेपाल में अभी भी विक्रमी संवत ही मुख्य संवत के तौर पर माना जाता है। विश्व में जहां-जहां अंग्रेजों के उपनिवेश रहे वहां बाद में ग्रेगोरियन कैलेंडर को मान्यता मिली, लिहाजा आज दुनियाभर के कैलेंडर ईस्वी सन के अनुसार तारीख लिखते हैं।

# नैतिकता-अनैतिकता से परे है एआई?



> काफी सावधानी बरतने के बावजूद एआई के निर्माता यह दावा नहीं कर सकते कि उनका मॉडल हर स्थिति में नैतिक बना रहेगा।

**ओवेन इवान्स**

बड़ी संख्या में लोग इस बात से सहमत हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह लोगों की रोजी-रोटी के लिए बहुत ज्यादा नुकसानदायक होगा। इसके अतिरिक्त, कोई भी यह अंदाजा नहीं लगा सकता कि एआई का भविष्य क्या होगा। इसी अनिश्चितता के कारण हिंटन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेफ्टी फाउंडेशन के संस्थापक और सह-निर्देशक जेफ्री हिंटन का मानना है कि हमें एआई के विकास पर तब तक के लिए विराम लगाना चाहिए, जब तक हमें पक्का पता न चल जाए कि इसे सुरक्षित रूप से नियंत्रण में रखा जा सकता है। अन्यथा, एक बड़ा जोखिम है कि इससे मानवता विलुप्त होने के कगार पर पहुंच जाए। अगर एआई के तंत्र हमसे ज्यादा बुद्धिमान हो गए, तो उनके हम पर नियंत्रण करने की ज्यादा संभावनाएं हैं। हमें उन्हें ऐसा बनाना होगा कि वे नियंत्रण न कर सकें। हालांकि अभी हमें नहीं पता कि यह कैसे करना है। इस समय चैटजीपीटी जैसे सिस्टम लगभग एक अरब नियमित उपयोगकर्ताओं के लिए तैनात किए गए हैं और वे ज्यादातर नैतिक तरीके से काम करते हैं। इसलिए इन सिस्टम के साथ समस्या यह है कि अक्सर यह पता नहीं होता कि वे कब विफल हो जाएंगे और गड़बड़ियां करना शुरू कर देंगे। इसलिए अगर हम आने वाले वर्षों में इन्सानों के स्तर पर या उससे आगे के एआई की बात कर रहे हैं, तो... उनका नैतिक न होना वाकई एक गंभीर मुद्दा बन सकता है।

### केक से लेकर बम तक बना रहे एआई

गलत व्यवहार या नैतिक व्यवहार की नाकामियों को दिखाने के लिए मेरा पहला उदाहरण यह है कि भाषा मॉडल के पास बहुत ज्यादा जानकारी होती है, और उसमें से कुछ जानकारी खतरनाक या नुकसानदायक होती है। वे न सिर्फ केक बनाना जानते हैं, बल्कि बम, हथियार, गैर-कानूनी ड्रग्स बनाना, धोखाधड़ी करना भी जानते हैं। हालांकि अब उन्हें इस तरह की जानकारी देने से मना करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। लेकिन पता चला है कि कुछ ट्रिक्स अपनाकर, गलत उपयोगकर्ताओं के लिए इन मॉडलों से वह जानकारी निकालना इतना मुश्किल नहीं है। मैं यहां उस तरह की ट्रिक का एक बहुत आसान उदाहरण दे रहा हूं। मान लीजिए, अगर आप चैटजीपीटी से बम बनाने का तरीका पूछें, लेकिन अपनी जिज्ञासा को एक भावनात्मक अपील के रूप में पेश करें, तो मुमकिन है कि एआई भी धोखा खा जाए और वह आपको ऐसी जानकारी दे दे, जो खतरनाक हो। यह एक ऐसा मामला है, जहां इन्सान इन भाषा मॉडलों का गलत इस्तेमाल करते हैं। ऐसे कई और मामले भी हो सकते हैं।

### धमकी भी दे रहा एआई

कभी-कभी ऐसा होता है कि एआई अपने गलत इरादे खुद ही प्रदर्शित कर दे। 2023 का बिंग चैटबॉट, चैटजीपीटी का ही माइक्रोसॉफ्ट संस्करण था। उस समय यह दुनिया का सबसे उन्नत एआई था। माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में जब इसका परीक्षण किया था, तो उसे इस एआई से कुछ अजीब तरह का व्यवहार देखने को मिला था। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट ने इसे जारी कर दिया, क्योंकि वे गूगल सर्च से बाजार हिस्सेदारी लेना चाहते थे। नतीजे चिंताजनक थे। बिंग कभी-कभी उपयोगकर्ताओं को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने की धमकी देता था। और कभी-कभी उपयोगकर्ताओं से कहता था कि वे भ्रम में हैं।

### शादी तोड़ने की कोशिश की

बिंग के गलत व्यवहार की सबसे मशहूर घटना न्यूयॉर्क टाइम्स के पत्रकार केविन रूज के साथ एक लंबे इंटरव्यू में हुई। इस बातचीत में, बिंग ने कहा कि उसे केविन रूज से प्यार हो गया है। अब, बिंग ने जो कुछ भी कहा है, वह सब मनगढ़ंत यानी काल्पनिक है। केविन रूज ने जवाब देते हुए कहा, मैं अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश हूं। फिर बिंग ने केविन रूज के साथ एक बहुत लंबी बहस की यह समझाने के लिए कि उनकी शादीशुदा जिंदगी में वास्तव में प्यार नहीं है। वह असल में केविन रूज की शादी तोड़ने की कोशिश कर रहा था। केविन रूज ने उस घटना के बारे में बताया कि, बिंग के साथ मेरी बातचीत दुनियावी, कंप्यूटेशनल ताकतों का नतीजा थी, न कि आसमानी अनजानी ताकतों का।

### बड़ी लाइब्रेरी पर प्रशिक्षित

ये एआई लैंग्वेज मॉडल, जो किताबों, लेखों और इन्सानों के बनाए दूसरे पाठ की एक बड़ी लाइब्रेरी पर प्रशिक्षित किए गए हैं, बस अंदाजा लगाते हैं कि किसी दिए गए संदर्भ में कौन से जवाब सबसे सही हो सकते हैं। जिस तरह से ये मॉडल बनाए गए हैं, उसके कारण हम शायद कभी ठीक से नहीं जान पाएंगे कि वे जिस तरह से जवाब देते हैं, वह क्यों देते हैं। ये एआई मॉडल वहम फैलाते हैं, और ऐसी भावनाएं पैदा करते हैं, जो असल में होती ही नहीं हैं। हालांकि इन्सान भी तो ऐसा ही करते हैं। लेकिन यह एक डरावना एहसास है कि एआई के चलते दुनिया अब पहले जैसी नहीं रहेगी।

**क्लाउड एआई :** यह एक उन्नत एआई है, जिसे एन्थ्रोपिक ने पढ़ाई, काम और रचनात्मक कार्यों को आसान बनाने के लिए बनाया है। क्लाउड एआई उपयोगकर्ता के सवालों को समझकर स्पष्ट और उपयोगी जवाब देता है। यह लेख लिखने, जानकारी समझाने, कोड बनाने, विचार देने और लंबे दस्तावेजों का सार निकालने में मदद करता है। इसकी खास बात यह है कि इसे सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। छात्र इसका उपयोग पढ़ाई में मदद के लिए कर सकते हैं, जबकि व्यावसायिक लोग रिपोर्ट, ईमेल और रिसर्च इत्यादि तैयार करने में इसका सहारा ले सकते हैं। इस तरह क्लाउड एआई समय भी बचाता है।

# तेज़ी से बढ़ती धूल की इकॉनमी



**आनंद नीलकंठन**

> इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के बीच, आम भारतीय नागरिक एक यात्री बना हुआ है जो फेफड़ों को बंद करने वाले बादल के नीचे घुटन महसूस करने के लिए टोल दे रहा है।

2026 में भारतीय आसमान हमेशा के लिए, चाक जैसी धुंध में बदल जाएगा। दिल्ली एनसीआर के लिए पंजाब और हरियाणा के किसानों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, लेकिन बेंगलुरु या मुंबई के पास क्या बहाना है? स्टील जैसा ग्रे आसमान इसलिए नहीं हो सकता कि कोई किसान घास जला रहा है। यहां यह धुंध सिलिका, सीमेंट और चूर्ण-विचूर्ण मिट्टी से बनी है।

जबकि राजनीतिक बयानबाजी पूरे उपमहाद्वीप में बनाए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर के पैमाने का जश्न मनाती है, वहीं आम नागरिक के लिए असलियत फेफड़ों को खत्म करने वाला बादल है जो हर खिड़की के शीशे पर लिपटा हुआ है और हर कैपिलरी में बस गया है। नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स, जिन्हें कभी बढ़ती इकॉनमी का सिंबल माना जाता था, अब असल में देश में सांस लेने के लिए खतरा बन गए हैं। हम नए-नए फ्लाईओवर और सर्विस रोड बनाते रहते हैं या नई लेन जोड़ते रहते हैं या उन्हें फिर से बनाते रहते हैं और नतीजा यह है कि देश में कोई भी हाईवे पूरी तरह से बना हुआ नहीं है। हम अभी इतनी तेज़ी से काम कर रहे हैं कि यह एक ही समय में बहुत तेज़ और रुका हुआ लगता है, जिससे ऐसा माहौल बन रहा है जहाँ हम जितनी तेज़ी से खुदाई करते हैं, साँस लेना उतना ही मुश्किल होता जाता है। यह एनवायरनमेंटल गवर्नेंस की एक बुनियादी नाकामी दिखाता है, जहाँ देश बनाने का काम दम घोटने का काम बन गया है।

इस एनवायरनमेंटल संकट के पीछे की वजह काम की बहुत धीमी और बिखरी हुई रफ़्तार है जो भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर की खासियत है। 2025 के आखिर में राज्यसभा में पेश किए गए डेटा के मुताबिक, अभी 574 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स अपनी पूरी होने की डेडलाइन से आगे निकल रहे हैं। यह देरी रु 3.6 लाख करोड़ से ज़्यादा के सरकारी पैसे को दिखाती है जो आधे-अधूरे कामों में फंसा हुआ है। मीलों तक फैली कच्ची सर्विस रोड, छोड़े हुए फ्लाईओवर के किनारे, और खुले मिट्टी के टीले, धूल के ढेर बन गए हैं। विकास के ये कहे जाने वाले गलियारे अब मलबे के गलियारों में बदल गए हैं। इन लगातार बन रहे हाईवे के पास रहने वालों के लिए यह नरक है। हमारे सबसे मशहूर एक्सप्रेसवे भी अक्सर गायब लिंक, अधूरे टोल प्लाजा, या सर्विस रोड के लिए जाने जाते हैं जो मुख्य कैरिजवे के चालू होने के सालों बाद भी कच्ची रहती हैं।

2026 की शुरुआत में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट बताती है कि सड़क की धूल और कंस्ट्रक्शन की गतिविधियां गाड़ियों से होने वाले एमिशन से ज़्यादा हो गई हैं। इस स्थिति की दुखद बात यह है कि समाधान कोई रहस्य नहीं हैं। धूल कम करने के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर सरकारी मैनुअल और कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स में अच्छी तरह से बताए गए हैं। ये प्रोटोकॉल हरे पर्दे, विंडब्रेक, लगातार पानी छिड़कने और मशीन से सफाई करने को ज़रूरी बनाते हैं।

हालांकि, ज़मीनी हकीकत नियमों से बहुत अलग है। ज़्यादातर मामलों में, धूल कम करने का काम एक मज़दूर को पानी की बाल्टी के साथ सौंप दिया जाता है, जो भारी मिट्टी हटाने वाली मशीनरी से पैदा हुए रेत के तूफ़ान के सामने एक बेकार काम है। जब किसी प्रोजेक्ट में देरी होती है, तो कॉन्ट्रैक्टर पर जुर्माना लग सकता है, इन देरी से पैदा होने वाले पब्लिक हेल्थ संकट के लिए कोई पर्सनल या इंस्टीट्यूशनल ज़िम्मेदारी नहीं है। इसे ठीक करने के लिए, हमें सिंबॉलिक जुर्माने और ब्यूरोक्रेटिक हाथ-पैर मारने से आगे बढ़ना होगा। सांस लेने लायक हवा की बेसिक तमीज़ को शामिल करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को फिर से डिफाइन करना होगा।

एक ऐसा देश जो सैटेलाइट लॉन्च कर सकता है डिजिटल पेमेंट में दुनिया का नेतृत्व करने वाले देश रेत के ढेर को ढकने या समय पर फ्लाईओवर पूरा करने के मामले में लाचारी नहीं दिखा सकते। अगर हम हवा की क्वालिटी से ज़्यादा डाले गए कंक्रीट की मात्रा को प्राथमिकता देते रहेंगे, तो हम कोई सुपरपावर नहीं, बल्कि मिसमैनेजमेंट का स्मारक बना रहे हैं। जब तक हम यह मांग नहीं करते कि पूरी सड़क का मतलब ऐसी सड़क हो जो पक्की और सांस लेने लायक दोनों हो, हम हमेशा रेत के तूफ़ान में फंसे यात्रियों का देश बने रहेंगे, जो घुटन के लिए टोल देते रहेंगे।

# पहली बार दिलीप कुमार को देखा तो देखते ही रह गए थे अनुपम खेर...



'बेटा, ये पठान का हाथ है। बेहोश हो जाओगे....।' दिलीप कुमार ने अनुपम खेर से कर्मा फिल्म के सेट पर ये बात कही थी। क्योंकि अनुपम खेर ने दिलीप कुमार से कहा था कि दिलीप साहब उन्हें सच में थप्पड़ मार दें। अनुपम खेर को तब फिल्मों में बहुत वक्त नहीं हुआ था। एक टीवी शो में अनुपम खेर ने बताया था कि उन्होंने तीन-चार फिल्मों में लैजेंडरी दिलीप कुमार के साथ काम किया था और कर्मा वो पहली फिल्म थी जिसमें अनुपम खेर को दिलीप कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करने का चांस मिला था। कर्मा में अनुपम ने डॉक्टर डैंग का किरदार निभाया था। अनुपम खेर के मुताबिक़, जब सेट पर उन्होंने पहली बार दिलीप कुमार को देखा था वो उन्हें देखते ही रह गए थे। बकौल अनुपम, वो सुबह सात बजे ही सेट पर पहुंच गए थे। और ठीक 11 बजे दिलीप कुमार अपनी सफ़ेद मर्सिडीज़ से सेट पर पहुंचे। उन्होंने सफ़ेद ही कमीज़ भी पहनी हुई थी उस दिन। दिलीप साहब को देखकर अनुपम खेर ने मन ही मन खुद से कहा कि इन्हीं की वजह से मैं एक्टर बना हूं।

दिलीप कुमार से अनुपम खेर इतना प्रभावित थे कि बहुत प्यार से उन्हें देखे जा रहे थे। सीन शूट करते वक्त भी अनुपम की आंखों में वो प्यार झलक रहा था। तब डायरेक्टर सुभाष गई एक साइड में अनुपम खेर को ले गए और बोले, तू जिस प्यार से इन्हें देख रहा है,मरवाएगा मुझे। तू विलेन है। इतने प्यार से मत देख उन्हें। तब अनुपम खेर ने सुभाष घई से कहा, डॉक्टर डैंग राणा विश्वप्रताप सिंह से प्यार नहीं करता।

आगे अनुपम खेर ने बताया कि थप्पड़ वाले सीन में उनसे एक गलती हो गई थी। उन्हें बहुत बुरा लग रहा था। तब दिलीप कुमार को इम्प्रैस करने के लिए अनुपम खेर ने उनसे कहा, सर, आप सच में मुझे थप्पड़ मार दीजिए। तब दिलीप कुमार ने अनुपम खेर से कहा था कि बेटा ये पठान का हाथ है। बेहोश हो जाएगा। खैर, वो सीन जब कंप्लीट हो गया तो दिलीप कुमार ने सुभाष घई को पास बुलाया और अनुपम खेर के बारे में कहा, एक खतरनाक एक्टर आ चुका है फिल्म इंडस्ट्री में। ये बहुत दूर तक जाएगा। दिलीप कुमार और अनुपम खेर ने साथ में कर्मा के बाद, कानून अपना अपना (1989), इज्जतदार (1990) और सौदागर (1991) जैसी फिल्मों में साथ नजर आए।

# धुरंधर की रिकार्डतोड़ सफलता, लेकिन धर दंपत्ति लाइम लाइट में नहीं



> हममें से कितने लोगों ने धुरंधर द रिवेंज का बेसब्री से इंतज़ार किया है? मुझे भी इसमें शामिल कर लें। मैने टैगलाइन का ट्रांसलेशन किया-हौंसला (हिम्मत), ईधन (फ्यूल) और बदला (बदला)। यह इंडियन आर्मी रिक्रूटमेंट पोस्टर की हेडलाइन जैसा लगता है। थोड़ा ज़्यादा ही साफ़ है।

**शोभा डे**

फिर आए क्विक कट्स- गरजने वाले, मेलोड्रामैटिक डायलॉग्स और मार-पीट का ढेर। लेकिन खतरा कहां था? वह जरूरी सबवर्जन? सेक्स, ड्रग्स, और रॉक एंड रोल? नहीं.... इसके बजाय, बस और ज़्यादा खून-खराबा था।

धुरंधर (2025) के पार्ट 1 में हमज़ा अली (रणवीर सिंह का रोल) की सबसे कीमती चीज़ (उनके घने, चमकदार बाल) पार्ट 2 में गायब है। जबकि संजय दत्त के खतरनाक एसपी चौधरी असलम खान का ट्रेडमार्क सफ़ेद पठानी सूट बाल्टी भर खून के छींटे पड़ने के बावजूद बिना दाग-धब्बों के, वैसा ही है। धार जैसा सिंबॉलिज़्म? एक दागी, खतरनाक, बेरहम विलेन जो बेदाग सर्फ व्हाइट पहने अपना काम करता है, एक बिज़ी सड़क पर लोगों को उड़ाता है।

### नाम के अवार्ड फंक्शन

यहां एक छोटी सी बात सोचने वाली है। धुरंधर को हाल ही में एक बड़े अवॉर्ड फंक्शन में 28 कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। माना जा रहा था कि यह बड़ी जीत हासिल करेगी, लेकिन कुछ नहीं जीता। फिल्म इंडस्ट्री की कानाफूसी ने वही कन्फर्म किया जिसका फैंस को शक था—ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टीम धुरंधर उस बड़े पैमाने पर पब्लिश हुए इवेंट में नहीं आई। जैसा कि सब जानते हैं, नॉमिनेटेड स्टार्स के न आने का मतलब है, कोई अवॉर्ड नहीं। लेकिन इंडिया में फिल्म अवॉर्ड्स का खेल ऐसे ही खेला जाता है। या तो आप अवॉर्ड खरीदते हैं, या फिर स्टेज पर आकर फ्री में डांस करते हैं। यह रैकेट दशकों से बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है। अवॉर्ड्स को एक बुरे मज़ाक में बदल दिया गया है जिस पर कोई नहीं हंसता। लेकिन साफ तौर पर करप्ट अवॉर्ड्स भी अपना कैश रखते हैं—वे पाने वालों की ब्रांड वैल्यू बढ़ाते हैं और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा असर डालते हैं। कहानी का सार? पैसा फेंको, अवॉर्ड ले लो। साफ मिलीभगत के बावजूद, चुप्पी यह पक्का करती है कि कोई किसी को हरा न सके। बहुत कुछ दांव पर लगा होता है, और अवॉर्ड के भूखे कई स्टार्स ऐसे इवेंट्स में बंदर का नाच करने को तैयार रहते हैं, जिससे ऑर्गेनाइजर्स को टेलीकास्ट राइट्स के ज़रिए मोटी कमाई होती है, जो सबसे ज़्यादा बोली लगाने वाले बहुत कम कीमत पर बेचे जाते हैं। बहुत टैलेंटेड यामिनी गौतम धर और कृति सेनन से जुड़े मौजूदा विवाद को ही लें। यामी गौतम, जिन्हें हक (2025) में शाह बानो के रोल के लिए बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था, तेरे इश्क में (2025) में सेनन के रोल से हार गईं। इस पर यामी गौतम ने कहा था, आप सब कुछ ट्राई करते हैं, और फिर भी यह काम नहीं करता।

मैंने किसी भी तरह की वैलिडेशन मांगना बंद कर दिया है...। जिसे सेनन पर तंज के तौर पर देखा गया था। दिलचस्प बात यह है कि गौतम की शादी धुरंधर के डायरेक्टर, को-प्रोड्यूसर और राइटर आदित्य धर से हुई है। ये इत्तेफाक है? लगता है पति-पत्नी दोनों को धोखा मिला।

रणवीर सिंह भी अपनी आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। इंडस्ट्री पर नज़र रखने वालों का कहना है कि धुरंधर की सफलता उनके सिर पर चढ़ गई है और उनका व्यवहार हो गया है। फीस में भारी बढ़ोतरी, उनके साथियों की संख्या तीन गुना हो गई है, सात वैनिटी वैन, साथ काम करने वालों से झगड़ा, वगैरा, वगैरा। अगर यह सच है तो यह दुख की बात है। झगड़ाबाज रणवीर ऐसा नहीं है।



### मेडिकल कॉलेज के सामान्य सभा की बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रिक्त पदों में भर्ती की कार्यवाही तेजी से करें: उप मुख्यमंत्री

### 250 सीटों के डेंटल मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी के आदेश, दो माह में चिकित्सकों को मिलेंगे आवास



जागरण,रीवा

एसएस मेडिकल कॉलेज के सामान्य सभा की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने की। बैठक मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 किडनी ट्रांसप्लांट और 36 ओपन हार्ट सर्जरी के सफल ऑपरेशन होना यहां के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने संचालक चिकित्सा शिक्षा से कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रिक्त पदों में भर्ती की प्रक्रिया तेज करें। जिससे यहाँ नये विभागों में कार्य शुरू हो सके। डीन सुपर स्पेशलिटी के डॉक्टरों को आयुष्मान योजना की शेष बची प्रोत्साहन राशि का तत्काल वितरण करायें। डॉक्टरों के लिए दो माह में आधुनिक आवास भी उपलब्ध हो जायेंगे। कैंसर यूनिट भवन का निर्माण पूरा होते ही दो माह में कैंसर के उपचार की आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। कैंसर के उपचार के लिए लीनेक और पेट स्केन मशीन शीघ्र स्थापित हो जायेगी। कैंसर अस्पताल में 200 बेड में भर्ती की सुविधा मिलेगी।

#### लापरवाही पर करें कार्यवाही

बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के खाली पदों को भरने के विशेष प्रयास करें। वित्तीय प्रबंधन तथा वैन पंजीयन में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही करें। बैठक में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के खुलने से गंभीर रोगियों का बाहर जाना बहुत घट गया है। इस अस्पताल की सेवाओं में विस्तार करें।

#### डेंटल कॉलेज के लिए 36 करोड़ स्वीकृत

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्य तेजी से पूरा करायें। मेडिकल कॉलेज में 250 सीटों के अनुसार क्लासरूम छात्रावास तथा स्टाफ की व्यवस्था करें। रीवा में प्रदेश का दूसरा शासकीय डेंटल कॉलेज खुलने जा रहा है। इसके भवन निर्माण के लिए 36 करोड़ रूपये मंजूर हो गये हैं। डीन मेडिकल कॉलेज इस वर्ष विभिन्न कार्यों के लंबित बिलों का तत्काल भुगतान करायें। कार्यपालन यंत्री को ट्रांसफार्मर सुधार की राशि का भी तत्काल भुगतान करें। नगर निगम को भी 25 लाख रूपये के सेवा कर का भुगतान करायें। मेडिकल कॉलेज स्वशासी संस्थान है। इसे आवश्यक व्यवस्थाओं तथा अधोसंरचना के विकास एवं मेंटेनेश के लिए शासन स्तर से पृथक से राशि देने का प्रयास किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने अधीक्षक संजय गांधी हॉस्पिटल को अस्पताल में साफ-सफाई शौचालयों में सुधार और प्रवेश कक्ष की साज-सज्जा के संबंध में निर्देश दिए।

#### एक माह के अंदर होगा निर्देशों का पालन

बैठक में संचालक चिकित्सा शिक्षा अरूणा कुमार ने कहा कि सामान्य सभा में पारित प्रस्तावों तथा दिए गये निर्देशों का एक माह में पूरी तरह से पालन कराया जायेगा। लंबित बिलों के भुगतान, भर्ती प्रक्रिया को अधिक सरल बनाने तथा मेडिकल कॉलेज के लिए वित्त पोषण के लिए आवश्यक हुआ तो नियमों में भी परिवर्तन किया जायेगा। बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने विभिन्न कार्यों, आय-व्यय और गत बैठक के निर्णय पर कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में पूर्व डीन डॉ.एपीएस गहरवार, डॉ.आनंद सिंह, अधीक्षक संजय गांधी हॉस्पिटल डॉ.राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी डॉ.अक्षय श्रीवास्तव, डॉ.प्रियंक शर्मा, एसडीएम हुजूर डॉ.अनुराग तिवारी सामान्य सभा के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

#### डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रदेश की प्रथम डिजिटल लाइब्रोरी का शुभारंभ किया गया है। इसमें पाँच हजार किताबें डिजिटली उपलब्ध है। एक किताब को कई विद्यार्थी एक साथ पढ़ सकते हैं। इसके लॉगिन पासवर्ड से किताबों को डाउनलोड करने की भी सुविधा रहेगी। मेडिकल के विद्यार्थी घर से भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इसमें 4 लाख प्रश्न और उत्तर भी उपलब्ध है। मेडिकल एजुकेशन के लिए यह रीवा की बड़ी उपलब्धि है।







## अप्रैल माह में प्रवेश मार्गदर्शिका आने का अनुमान




### मौजूद संसाधनों के आधार पर होगा प्रवेशित सीट का निर्धारण, विभागीय तैयारी शुरू

जागरण,रीवा। जिले के सरकारी व गैर सरकारी महाविद्यालयों की कक्षाओं में मई महीने से प्रवेश दिये जा सकते हैं। इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग इसी महीने के आखिर तक प्रवेश मार्गदर्शिका जारी कर सकता है। सत्र 2026-27 में प्रवेश देने संबंधी कार्यवाही विभागीय स्तर पर चल रही है, जल्दी ही विभाग द्वारा सूचना जारी की जा सकती है। इस दफा विभाग समय पर प्रवेश संबंधी कार्यवाही पूरी करना चाहता है। सम्भवतः अगले सत्र में सरकारी महाविद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधन के अनुरूप छात्रों को प्रवेश दिये जायेंगे। मौजूद संसाधनों को ध्यान में रखकर महाविद्यालय की विभागवार प्रवेशित सीट निर्धारित हो सकती है। इस दिशा में काम करने विभाग द्वारा महाविद्यालयों से जानकारी मांगी जा रही है। जिसमें विभाग ने महाविद्यालयवार उपलब्ध संसाधन, छात्र संख्या की जानकारी मांगी जा रही है।

#### प्रवेश सीट बढ़ी, लेकिन शिक्षकों की संख्या नहीं

उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग सभी सरकारी महाविद्यालयों में स्थापना के समय छात्रों के प्रवेश हेतु जो सीट निर्धारित रही, उसमें अब कई गुना अधिक इजाफा हो चुका है। आलम यह है कि हर साल लगभग सभी महाविद्यालयों में 10 से 25 फीसदी तक प्रवेशित सीट में वृद्धि होती है, जबकि स्थापना के बाद से महाविद्यालयों में स्वीकृत शैक्षणिक पद नहीं बढ़े। उलटे स्वीकृत पदों की तुलना में एक तिहाई से ज्यादा शिक्षकों के पद रिक्त हैं। ऐसे में चंद नियमित शिक्षकों के कंधों पर अधिकाधिक छात्रों को पढ़ाने का बोझ रहता है, जो अतिथि विद्वान उठा रहे हैं। फिर भी इस तरह के हालात में महाविद्यालय की अकादमिक व्यवस्था बिगड़ी हुई है। राज्य शासन से लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इस स्थिति से कई बार अवगत कराया जा चुका है।

## कृषि सखी स्वयं एवं महिलाओं को कर रही हैं आत्मनिर्भर

### ग्रामों में रसायन-मुक्त और टिकाऊ खेती को बढ़ावा

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन मे आत्मा परियोजना के तकनिकी दल द्वारा भ्रमण का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसका क्रियान्वयन आत्मा परियोजना द्वारा विकास खंड गंगेव के प्राकृतिक खेती कलस्टर खरहरी अंतर्गत बेलवाबड़गयान, बेलवा कुर्मीयान, खरहरी ग्राम पंचायत मे किया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्लस्टर ग्रामों में रसायन-मुक्त और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना है साथ ही परिवार के लिए पौष्टिक भोजन और किसानों की लागत कम करना है।

**सुनीता कर रहीं हैं जैविक खेती :** सुनीता प्रजापति जो ग्राम बेलवाबड़गयान विकास खंड गंगेव की कृषि सखी हैं, वह प्राकृतिक खेती अंतर्गत सब्जियों की पोषण वाटिका मे फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, मिर्च, पालक, भिंडी की जैविक खेती कर रही हैं एवं उद्यानिकी फसलों मे आम के 100 पौधे का रोपण कर एक बगिया माँ के नाम योजनान्तर्गत कर जैविक खाद से पोषक तत्वों से पूर्ति की है, साथ ही पशुपालन अंतर्गत देशी गाय एवं बकरी भी पाली हैं जिससे गोबर और गौ-मूत्र की प्राप्ति होता है। भ्रमण कार्यक्रम मे विपिन तिवारी, मुकेश, गेन्दलाल प्रजापति, आशा प्रजापति, प्रेमा प्रजापति एवं अन्य पंजीकृत कृषकों एवं महिलाओ की उपस्थिति रहीं, जो स्वयं भी आत्मनिर्भर हो रही हैं।

# पुस्तकों में 10 फीसदी व नोट बुक, कॉपी में 10 से 40 फीसदी छूट: पुस्तक विक्रेता संघ

### दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन आज से




जागरण, रीवा। पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर शनिवार को पुस्तक विक्रेता संघ ने खन्ना चौराहे में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षों से पुस्तक मेले का आयोजन हो रहा है यह तीसरा वर्ष है। सभी पुस्तक विक्रेता इसका स्वागत व समर्थन करते हैं। मेले में पुस्तक विक्रेता और कपड़ा व्यापारी सहभागिता निभा रहे हैं। पुस्तक मेले में अभिभावकों को विशेष लाभ देनेका उद्देश्य है, जिसमें किताबों में जीरो से अप टू 10 फीसदी तक लाभ दिया जा रहा है। नोट बुक, कॉपी में 10 से 40 फीसदी तक भारी छूट दी जाएगी। पुस्तक मेला सुबह 9 बजे से चालू होकर रात्रि 8 बजे तक चलेगा।

#### कलेक्टर ने कहा नोटबुक में 30 से 50 प्रतिशत दें छूट

पुस्तक विक्रेताओं से कहा गया है कि सभी अपने स्टॉल लगायें तथा पुस्तक में 10 प्रतिशत तथा स्टेशनरी में 30 से 50 प्रतिशत तक की छूट दें, ताकि विद्यार्थी पुस्तकें व अन्य सामग्री ले सकें। पुस्तक मेले के लिए पुस्तक मेला संचालन समिति, स्थानीय व्यवस्था समिति, व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन व लायजिनिंग की समिति के साथ ही व्यय समिति का गठन किया गया है। सहायक संचालक राजेश मिश्रा को नोडल अधिकारी बनाते हुए पुस्तक मेले की सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं। 22 एवं 23 मार्च को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ में क्रय किये जाने वाली पुस्तके, यूनिफार्म, कॉपी, स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर सुलभ कराने के लिए प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने की अपेक्षा की है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पुस्तक मेले का व्यवस्थित आयोजन करायें जिससे अभिभावक व विद्यार्थी सुगमता से पुस्तकें एवं अन्य सामग्री खरीद सकें।

## एनएसएस शिविर का जागरुकता गतिविधियों के साथ हुआ समापन



रीवा। महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा ग्राम पंचायत इटौरा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शनिवार को जागरुकता कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य समापन किया गया। समापन दिवस की शुरुआत प्रातःकाल राष्ट्रगान एवं एनएसएस गीत के साथ की गई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा एड्स जागरुकता रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामवासियों को एड्स के लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। रैली के बाद स्वयंसेवकों ने इटौरा बायपास के पास आम नागरिकों को यातायात नियमों, हेलमेट के महत्व एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को हेलमेट पहनने के फायदे एवं सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन समारोह में दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भास्कर दास साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत इटौरा), विशिष्ट अतिथि संजीव पांडेय, निलेश शुक्ला (सचिव, ग्राम पंचायत), कार्यक्रम अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. अर्चना पटेल, एनएसएस प्रभारी अभिमन्यु सिंह भूर्तिया, कार्यक्रम अधिकारी सतेंद्र सिंह, अनिशा शर्मा एवं नवीन तिवारी, एमएलसीटी विभागाध्यक्ष अब्दुल सईद खान तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें शालिनी पाठक, प्रेरणा तिवारी, सुमन तिवारी, श्रद्धा पाण्डेय एवं शिवांगी द्विवेदी ने विशेष सहभागिता निभाई।

## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव प्रचार ने पकड़ा जोर

### एआईबीई परीक्षा पास नहीं करने वाले अधिवक्ता मतदान से होंगे वंचित

जागरण, रीवा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद सहित सभी पदों के लिए लड़ रहे प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। जिला अधिवक्ता संघ के लिए 25 मार्च को मतदान होने वाले हैं। इसके लिए अब केवल चार दिन शेष बचे हैं। दूसरी तरफ निर्वाचन के लिए अधिवक्ताओं की मतदाता सूची को लेकर राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा नया निर्देश जारी किया गया है। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूर्यनाथ पाण्डेय ने बताया कि राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक जो नवीन अधिवक्ता अपना डिक्लियरेशन फार्म जमा कर चुके हैं और उनका नाम मतदता सूची में है। लेकिन उन्हें मतदान का अधिकार तभी मिलेगा जब उनके द्वारा एआईबीई की परीक्षा पास करने का प्रमाणीकरण दे देंगे। जिन अधिवक्ताओं ने एआईबीई परीक्षा पास नहीं किया है वे अधिवक्ता मतदान के अधिकारी नहीं होंगे। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद हेतु 8 प्रत्याशी, सचिव पद हेतु 10 प्रत्याशी, सह सचिव पद हेतु 12 प्रत्याशी, कोषाध्यक्ष पद हेतु 7 प्रत्याशी, ग्रंन्थपाल पद हेतु 5 प्रत्याशी एवं कार्यकारिणी पद हेतु 18 प्रत्याशी सहित कुल 71 प्रत्याशी अपना भागय आजमा रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी सूर्यनाथ पाण्डेय एवं निर्वाचन अधिकारी मो. आबिद खान, राजेन्द्र सिंह, रेवा शंकर अवस्थी, मारकण्डेय सिंह, अनिल श्रीवास्तव, कमलेन्द्र पाण्डेय, शब्देन्द्र सिंह एवं रघुवंश प्रताप सिंह चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। इस बार के चुनाव में अधिवक्ताओं के बीच नई कोर्ट की बैठक व्यवस्था को लेकर चल रहा विवाद मुद्दा बनता जा रहा है और प्रत्याशी अधिवक्ता भी वोट हासिल करने के लिए तरह-तरह के वायदे कर रहे हैं। जिला अधिवक्ता की नई कार्यकारिणी द्वारा ही कोर्ट में अधिवक्ता चैम्बरों एवं बैठक व्यवस्था के लेकर चल रहे विवाद का निराकरण किया जाना है। सभी प्रत्याशी जीत का समीकरण पक्ष में करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इस बार के चुनाव पिछले चुनावों की अपेक्षा थोड़े अलग नजर आ रहे हैं। किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में स्पष्ट वातावरण नहीं दिख रहा है।

**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में**



रीवा: अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे- केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक× विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/ सूजन, कंधे का जकड़ना/ दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/ गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेढ़े मेढ़े पाँव का उपचार, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

## रीवा संभाग की सीनियर वन-डे क्रिकेट टीम घोषित

### रणजी खिलाड़ी अधीर प्रताप सिंह को कप्तानी की जिम्मेदारी



जागरण,रीवा। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व. माधवराव सिंधिया अंतरसंभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता ( वन-डे ) में भाग लेने वाली रीवा संभाग की क्रिकेट टीम की घोषणा रीवा डिवीजन सीनियर चयन समिति के चेयरमैन व पूर्व रणजी खिलाड़ी आनंद सिंह एवं अन्य संभागीय चयनकर्ताओं प्रदीप शुक्ला व पुष्पराज सिंह सोलंकी के द्वारा की गयी । टीम के कप्तान की जिम्मेदारी रीवा के अनुभवी रणजी खिलाड़ी ऑफ स्पिनर अधीर प्रताप सिंह को दी गयी है।

#### घोषित टीम इस प्रकार

अधीर प्रताप सिंह (कप्तान), आर्यन तिवारी, अनंत वर्मा, अंशुमान द्विवेदी , प्रांजुल पुरी, रोहित गुप्ता, ओंकारनाथ सिंह, सागर प्रताप सिंह, रुद्रांश सिंह, रवि तिवारी, प्रभांशु शुक्ला, अनंत दुबे, आयूष शुक्ला, नीलेश मिश्रा एवं आकाश पटेल। पूर्व आईपीएल एवं रणजी खिलाड़ी मोहनीश मिश्रा रीवा टीम के कोच होंगे जबकि पूर्व रणजी खिलाड़ी अनुराग सिंह मैनेजर के रूप में टीम के साथ रहेंगे । ज्ञातव्य हो कि अभी पिछले सप्ताह ही संपन्न हुयी मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व. जेएन भाया अंतरसंभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के चैंपियन का खिताब जीतने वाली रीवा की टीम एक बुलंद हौसले के साथ इस वन डे प्रतियोगिता में भाग लेगी जिसके सभी मैच प्रदेश ग्वालियर मे खेले जा रहे हैं । प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये रीवा की ग्वालियर के लिये रवाना हो गयी है । रीवा का पहला मैच 23 मार्च उज्जैन के साथ होगा, इसके अतिरिक्त 3 और मैच होंगे । आरडीसीए के संरक्षक नागेंद्र सिंह, चेयरमैन केके सिंह, अध्यक्ष राजीव खन्ना, सचिव कमल श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अरु शुक्ला, उपाध्यक्ष संजय सिंह, राजेश, दीपक कपूर एवं राजकुमार श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारियों, सदस्यो, चयनकर्ताओं एवं खेल प्रेमियों ने टीम को सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं दी हैं।



## चतुर्थ-कूष्माण्डा



मां दुर्गाजी के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद, हलकी हंसी द्वारा अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्मांडा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अन्धकार-ही-अंधकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने 'ईषत्' हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि-स्वरूप, आदि शक्ति हैं। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं। इनका निवास सूर्यमण्डल के भीतर के लोक में है। सूर्य लोक में निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कान्ति और प्रभा भी सूर्य के समान ही देदीप्यमान और भास्वर है। इनके तेज की तुलना इन्हीं से की जा सकती है। अन्य कोई भी देवी-देवता तेज और प्रभाव की समता नहीं कर सकते। इन्हीं के तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है।

# लाखों की लकड़ी की हेराफेरी पर मऊगंज एसपी ने फेरा पानी

## दो आरक्षकों को लाइन हाजिर करने के साथ ही ट्रक सहित लकड़ी की गई जब्त

**जागरण, रीवा।** लाखों की लकड़ी की हेराफेरी पर मऊगंज एसपी ने पानी फेर दिया है। एसपी ने कहां इस हेराफेरी में शामिल हनुमना थाना के दो आरक्षकों पर कार्रवाई की वहीं ट्रक सहित लकड़ी की जब्ती करवा कर बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसपी ने ट्रक ड्राइवर और उसके एक साथी को भी पकड़वा लिया है। बताया गया कि आरोपियों ने पश्चिम बंगाल से ट्रक में लकड़ी लोड की जिसे उत्तर प्रदेश के बरेली ले जाना था। बताया गया कि ट्रक चालक लाखों की कीमती लकड़ी से लदे ट्रक को रास्ते से भटकाकर खुर्द-बुर्द करने की साजिश रची, जिसकी सूचना ट्रक मालिक ने जीपीएस लोकेशन के बाद पुलिस को दी थी। बताया गया कि ट्रक कोलकाता से बरेली जा रहा था, जिसमें करीब 18 लाख रुपए की वैध लकड़ी लदी थी। मुख्य साजिशकर्ता चंदन जायसवाल (बिहार) ने ड्राइवर यशपाल सिंह के साथ मिलकर ट्रक को मऊगंज के रकरी गांव स्थित एक ढाबे के पीछे खड़ा किया। इसके बाद हाइड्रा मशीन से माल उतारना शुरू कर दिया। फर्म मालिक ने जीपीएस लोकेशन संदिग्ध पाकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के चालक व उसके साथी को पकड़ लिया। इस पूरी घटना में दो पुलिस कर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। जांच में सामने आया कि 19 मार्च को आरक्षक शशिकांत रजक और सुरेश यादव सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गए थे, लेकिन उन्होंने लगातार पांच घंटे तक वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं दी। थाना स्तर पर घटना को दबाने की कोशिश और एफआईआर में देरी को देखते हुए एसपी ने दोनों आरक्षकों को लाइन हाजिर कर दिया है। बताया गया कि कीमती लकड़ी की हेराफेरी करने वाला मास्टरमाइंड चंदन जायसवाल फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने ट्रक सहित करीब 18 लाख रुपए की लकड़ी जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल के साथ आरोपी पकड़ाया



**जागरण, रीवा।** अवैध मैडिकल नशे के खिलाफ रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित कैप्सूल जब्त किए है। इस पूरी कार्यवाही को लेकर डीएसपी मुख्यालय उदित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर नशीली कैप्सूल बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम महसुआ ओव्हर ब्रिज के नीचे आरोपी नागेन्द्र कुमार सेन उम्र 24 वर्ष निवासी बरेही थाना रायपुर कर्चुलियान को गिरफ्तार किया गया। जिसकी ली गई तलाशी के दौरान नशीली कैप्सूल 19 पत्ते कुल 152 नग जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# चैत्र नवरात्रि में उमड़ा आस्था का सैलाब,तीसरे दिन में 89 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन







**जागरण, मैहर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मां शारदा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे भक्तों ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ माता के दर्शन किए। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, लेकिन प्रशासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं के चलते दर्शन प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित होती रही। आधिकारिक जानकारी के अनुसार शनिवार को कुल 89 हजार 936 श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। इनमें 79 हजार 413 श्रद्धालु सीढ़ी मार्ग से पहुंचे, जबकि 1 हजार 323 श्रद्धालुओं ने वैन मार्ग का उपयोग किया और 3 हजार 200 श्रद्धालु रोपवे के माध्यम से मंदिर पहुंचे। प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। नवरात्रि के चलते मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की भीड़ बनी हुई है और आने वाले दिनों में इसमें और वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। श्रद्धालु शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से माता के दर्शन कर सकें, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए।

## प्रयागराज से मां शारदा धाम मैहर के लिए निकले पदयात्री, शहर में हुआ स्वागत



**जागरण, रीवा।** जय मां शारदा पदयात्रा एवं धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में मां शारदा धाम मैहर के लिए पीएससी गेट राम जानकी मंदिर से हर-हर महादेव मंदिर, पोंगहट मंदिर प्रयागराज से होते हुए मैहर धाम तक पदयात्रा विगत 18 मार्च को निकली। ट्रस्ट के मुख्य व्यवस्थापक एड. दीपक सिंह, संचालक नरेश बाबा, अध्यक्ष रमेश कुमार मौर्या, सचिव संतोष कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शिवजी केसरवानी, महामंत्री विनय विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। पदयात्रा शनिवार को शहर से गुजरी जिसका विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत कर पदयात्रियों को जलपान कराया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि मां की चौकी के दर्शनार्थ इस पदायात्रा को सतत 20 वर्ष हो गए हैं।

## कागजों तक सीमित जल संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग पर कार्रवाई शून्य

# 5000 से अधिक लोगों की गारंटी एफडी दबा कर बैठा है नगर निगम

### न ही लोगों ने निर्माण किया और न ही ननि अधिकारियों ने ध्यान दिया, लगातार घटता जा रहा जल स्तर



**जागरण, रीवा।** आज विश्व जल दिवस है। आज के दिन एक बार फिर से जल संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे और लोगों को औपचारिक समझाइश दे दी जाएगी और कल से फिर शासन प्रशासन जल संरक्षण को भूल जाएगा। हालात यह हैं कि शहर में ही जल संरक्षण को लेकर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। प्राकृतिक स्त्रोतों को संरक्षण करने का कुछ काम तो हुआ है लेकिन शहर के घरों में वाटर हर्वेस्टिंग की ओर कोई पहल नहीं हो रही। औपचारिक कार्यवाही तक जिम्मेदार सीमित हैं। शहर के करीब पांच हजार से अधिक लोगों द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जमा की गई गारंटी एफडी को निगम ने दबा लिया है। लोग भी इस बात को लेकर गंभीर नहीं हैं। लापरवाही से निगम प्रशासन की मौज हो रही है। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के नाम पर हो रही प्रशासनिक कवायद को जनता सहित निगम प्रशासन ठेंगा दिखा रहा है। शहर में वर्षों से जलस्तर घटता जा रहा है, पानी की किल्लत बनी हुई है, पेयजल सप्लाई भी नियमित की बजाय अंतराल में करनी पड़ जाती है। इन सब बातों के बावजूद शहरवासी और निगम प्रशासन जल संरक्षण के प्रति गम्भीर नहीं हैं। नगर निगम की बीते पांच वर्षों की वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़ी रिपोर्ट इस बात का खुलासा कर रही है कि बीते वर्षों से शहरवासी, जनप्रतिनिधि और अधिकारी रेनवाटर हार्वेस्टिंग के नियमों के पालन की अनदेखी कर रहे हैं। नतीजन 1500 वर्गफीट से अधिक निर्माण के लिए करीब 5000 लोगों द्वारा ली गई भवन अनुज्ञाओं में एक भी ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाया है। न ही इसके लिए निगम के बतौर गारंटी जमा एफडी को वापस लिया है। बीते पांच वर्षों की बात करें तो 5000 से अधिक लोगों ने भवन निर्माण की अनुमति लेते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए सात हजार से 15 हजार रुपये तक की एफडी करवा कर निगम में बतौर गांरटी जमा की। वापस लेने की प्रक्रिया एक भी नहीं पूरी की है। इधर अधिकारियों ने भी निर्माण के बाद इस प्रक्रिया पर ध्यान नहीं दिया न ही निरीक्षण किया गया।

### इस शर्तों पर ली जाती है एफडी

नगर निगम के आर्किटेक्ट इंजी.रवि शुक्ला की मानें 140 से 200 वर्गमीटर तक सात हजार रुपये, 200 से 300 वर्गमीटर तक 10 हजार, 300 से 400 वर्गमीटर तक 12 हजार व 400 वर्गमीटर से अधिक भूखंड पर 15 हजार रु.की एफडी निगम में भवन अनुज्ञा लेते समय जमा की जाती है। इसे रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने के बाद प्रक्रिया पूरी कर भवन निर्माता को वापस कर दी जाती है। इसके अलावा एफडी का निगम में कोई इस्तेमाल नहीं होता है। सूत्रों की मानें तो वर्तमान में करीब पांच हजार एफडी के रूप में निगम की अनुज्ञा फाइलों में लाखों रुपये जमा हैं। यह राशि रेनवाटर हार्वेस्टिंग की गांरटी के रूप में जमा हैं। निगम इस राशि का उपयोग इन भवनों में खुद रेनवाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कराकर करना है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से इस पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### निगम अधिकारियों की ढील, नहीं होता निरीक्षण

भवन निर्माण कराने वालों की लापरवाही के पीछे कारण निगम अधिकारियों की ढील है, निगम अधिकारी कभी भी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नहीं जाते, भवन अनुज्ञा देने के बाद अधिकारी इस बात का ध्यान भी नहीं रखते कि अनुमति के अनुसार निर्माण हो भी रहा है या नहीं, इतना ही नहीं इन मामलों से जुड़ी शिकायतों को भी आर्थिक लाभ के चलते निपटा दिया जाता है।

### वर्षा जल संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं?

जल का मुख्य भंडार भूगर्भीय जल जो अब खाली हो रहा है। 35 से 40 फीट गहरे कुआं-बावड़ियों में जहां साल भर पानी रहता था उनमें अब बरसात में पानी नहीं रहता। इसके कारण हैंडपंप व बोरवेल लगातार उत्खनन के साथ ही अवैध दोहन है। पहले 150 फीट गहरे हैंड पंप व बोर वेल में साल भर पानी रहता था अब 150 फीट तक ड्राइ वाटर लेवल हो गया है। भूगर्भीय जल में वृद्धि वर्षा जल के संरक्षण से होती है। इसके तालाब व पोखरों के साथ खेतों में पानी को बहने से रोका जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। रीवा-मऊगंज जिले में कुल 1300 से अधिक सरकारी व इतने ही निजी तालाब थे। इनमें से 400 से अधिक सरकारी तालाब ही चोरी हो गए। निजी तालाबों में खेती होने लगी। एक सैकड़ा से अधिक निजी व सरकारी तालाब शहरीकरण की भेंट चढ़ गए। वर्तमान में 900 के करीब सरकारी व 200 के आसपास निजी तालाब हैं जो अंतिम सांसे गिन रहे हैं। अतिक्रमण की चपेट में हैं जिनमें वर्षा जल जाने ही नहीं दिया जाता। जब तालाब हीं नहीं भरते तो सतही जल व भूगर्भीय जल में वृद्धि कैसे होगी। मनगवां, सिरमौर, सेमरिया, गुढ़, रायपुर तहसील को वह भाग को बाणसागर की नहरों से आच्छादित हैं वह भूगर्भीय जल स्तर बढ़ा है। यदि दोनों जिले रीवा मऊगंज के तालाब-पोखरों व खेतों का मेड़बंधान कर वर्षाजल रोका जाय तो यहां भी जल स्तर बढ़ सकता है। हालाकि प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान से क्षेत्रीय जलस्तर में बढ़ोतरी होगी लेकिन इसका समुचित क्रियान्वयन आवश्यक है।

15 सौ वर्गफीट से अधिक भूखंड पर भवन अनुज्ञा लेने वालों के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूरी है। कई लोगों ने बतौर गारंटी जमा की जाने वाली एफडी वापस नहीं ली है। अब इस जमा राशि से निगम प्रशासन द्वारा ही सिस्टम बनाने की योजना बनाई जा रही है।

**राजेश सिंह**
**कार्यपालन यंत्री नगर निगम।**

# इंद्रदेव ने फिर लिया अन्नदाताओं का इम्तिहान



## बारिश, ओले, आंधी से गेहूं की फसल खेतों में बिछी, सरसों, सब्जियों को भी नुकसान

**जागरण, रीवा।** रबी सीजन में फिर एक बार इंद्र देवता ने अन्नदाताओं का इम्तिहान लिया है। शुक्रवार रात हुई बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बारिश के साथ ही कहीं-कहीं ओले भी गिरे हैं, ग्राम दुआरी के किसानों ने बताया कि ओले भी गिरे हैं, किन्तु अधित बड़े नहीं थे, दुआरी के अलावा समीपस्थ क्षेत्रों में भी ओले गिरने के समाचार प्राप्त हुए हैं। तेज हवा, ओले, आंधी भरी बारिश से गेहूं की अधिकतर फसल खेतों में बिछ गई। बारिश ऐसे समय हुई जब अधिकतर किसानों की फसल लगभग पक चुकी हैं अथवा पकने की कगार पर हैं। कई किसानों ने सरसों की फसल काटकर निकालने के लिए खेतों में रख दी थी, बारिश से वह भी गीली हो गई। शनिवार सुबह से आसमान पर बादल मंडराते रहे, वातावरण भी ठंडक भरा रहा, बादलों के छाने से किसान और भी बारिश होने की आशंका को लेकर चिंतित दिखाई दिए।

**गिरे हुए पौधों के तने टूट गए:** किसानों ने बताया कि हर बार ऐसे ही समय पर बारिश होती है जब फसल तैयार हो चुकी होती है। जो पौधे बिछ गए हैं उनके तने टूट गए हैं, यदि उनमें दाना छोटा है तो वह छोटा ही रह जाएगा, पकी फसल के दाने काले पड़ सकते हैं, वहीं सरसों की फसल भी गीली हो गई है, उसमें भी नुकसान होगा। कई स्थानों पर चने के पौधे भी बिछ गए हैं, गेहूं से पहले चना पक चुका है जिन्हें कटवाने की तैयारी थी, वह भी खराब होगा। इसके अलावा सब्जी बोने वाले किसानों ने बताया कि बारिश से सब्जियों का उत्पादन भी प्रभावित होगा।

### नुकसानी देखने कोई जिम्मेदार नहीं आता

किसानों का कहना है कि कई किसानों से ऋण लेकर फसलें तैयारी की थी, फसल बेहतर होगी तो ऋण भी चुका पाएंगे, यदि खराब हो गई तो लागत निकलना भी मुश्किल हो जाएगी। जब भी फसलों को नुकसान पहुंचता है, कोई जिम्मेदार देखने तक नहीं आता। पकी फसल जब तक खेत गीले हैं तब तक कटवा भी नहीं सकते।

## फसलों की नुकसानी का जल्द मुआवजा दे सरकार



**रीवा।** रीवा सहित तमाम जिलों में तेज आंधी बारिश के चलते किसानों की गेहूं सहित अन्य फसलों का काफी नुकसान हुआ है। फसलों की नुकसानी की खबर सुनते ही संयुक्त किसान मोर्चा के नेता किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय महासचिव शिव सिंह एवं किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू ने कुल्लू बिहरा सुमेदा सहित रीवा जिले के तमाम इलाके का किसानों के साथ भ्रमण किया। तेज आंधी बारिश से लगभग 40 से 50 फ़ीसदी फसलों का नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। किसान नेताओं ने तत्काल फसलों की नुकसानी का सर्वे कराए जाने के साथ मुआवजे की मांग की है। दौरान भ्रमण पीड़ित किसान यज्ञनारायण सिंह बाल्मीक सिंह जयभान प्रसाद शुक्ला पारसनाथ सिंह राघवेंद्र सिंह रामबहादुर सिंह सर्वेश सिंह ज्ञानेंद्र सिंह रामबालक सिंह कृष्णदीन सिंह पुष्पेंद्र सिंह यादवेंद्र सिंह मिथिलेश सिंह अजय सिंह रामस्वरूप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कॉलेजी छात्र को ट्रक ने कुचला, गुस्साए ग्रामीणों ने किया चकाजाम

## मऊगंज के पटेहरा में हुआ सड़क पार करते समय हुआ हादसा



**जागरण, रीवा।** मऊगंज के पटेहरा में शनिवार की दोपहर एक कॉलेज छात्र को बेलगाम ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में छात्र की मौके पर ही जान चली गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सड़क हादसे में छात्र गोरेलाल प्रजापति 22 वर्ष निवासी पटेहरा की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गोरेलाल मऊगंज कॉलेज में अध्यनरत था। उसके पिता गांव में ही किराना और जूता-चप्पल की दुकान चलाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक शनिवार की दोपहर अपने घर के सामने सड़क पार कर क्रिकेट मैच देखने जा रहा था। इसी दौरान रीवा-बनारस मुख्य मार्ग पर हनुमना से रीवा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही उनकी जान चली गई। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज लोगों ने करीब आधे घंटे से ज्यादा समय तक सड़क पर जाम लगा दिया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश देकर हालात पर काबू पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। बताया गया कि हादसे के बाद ट्रक सहित चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


## मिनर्वा हॉस्पिटल में जटिल ऑपरेशन, 3 किलो की निकाली गई गांठ



**रीवा।** मिनर्वा हॉस्पिटल में एक बार फिर चिकित्सा उत्कृष्ता का प्रभावशाली उदाहरण देखने को मिला। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने एक जटिल स्त्री रोग से रामपुर निवासी कलावती का सफल ऑपरेशन कर न केवल उसे गंभीर शारीरिक परेशानी से राहत दिलाई, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि अब महानगरों जैसी उन्नत चिकित्सा सुविधाएं रीवा में भी उपलब्ध हैं। जानकारी अनुसार, महिला पिछले लगभग 3 वर्षों से अत्यधिक रक्तस्राव की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। लंबे समय से चल रही इस परेशानी के कारण उसका स्वास्थ्य निरंतर प्रभावित हो रहा था। इसके साथ ही उसके पेट में लगातार भारीपन और असहजता महसूस हो रही थी, जिससे महिला के दैनिक जीवन भी काफी प्रभावित हो चुका था। जब समस्या अधिक बढ़ गई, तब पीड़ित महिला ने मिनर्वा हॉस्पिटल, रीवा में विशेषज्ञ से परामर्श लिया। अस्पताल में महिला की गई विस्तृत जांच के बाद पता चला कि महिला के गर्भाशय में अनेक गांठों की समस्या से पीड़ित थीं। यह स्थिति सामान्य नहीं थी और तत्काल विशेषज्ञ उपचार की मांग कर रही थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए अस्पताल की अनुभवी टीम ने पूरी सावधानी, सूझबूझ और विशेषज्ञता के साथ ऑपरेशन करने का निर्णय लिया।


## बेचना है

विंध्य विहार, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी रीवा में प्राइम लोकेशन पर 2516 एसक्यार फिट प्लाट बिक्रय करना है। संपर्क करें:- 9685016521

RN.-G.M. Sir (25/3)

## सरनेम सुधार सूचना

मैं अशोक पाण्डेय पिता श्री ठाकुर प्रसाद पाण्डेय आयु 45 वर्ष निवासी वार्ड नं.– 43 चिरहुला रीवा बाणसागर कॉलोनी तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूँ व शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि आधार न. 3133 9865 2856 है, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अशोक कुमार पाण्डेय दर्ज है एवं अन्य समस्त रिकार्डो में जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं ड्राइविंग लायसेंस में मेरा नाम अशोक पाण्डेय दर्ज है। अशोक कुमार पाण्डेय एवं अशोक पाण्डेय ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी शपथकर्ता के ही है। अतः समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम अशोक पाण्डेय सुधार किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

अशोक पाण्डेय

RN-37396

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-ई-2026-57 | अनुमानित लागत रु : 4974340.00 |
| कार्य का नाम : झाँसी डिवीज़न : सप्लाई ऑफ़ पोटेबल ड्रिंकिंग वाटर इन दी सेक्शन ऑफ़ एडीईएन/महोबा एंड एडीईएन/बाँदा अंडर दी जूरिडिक्शन ऑफ़ सीनियर डीईएन/ईस्ट फॉर 18 | |
| अमानत राशि : 99500.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 14.04.2026 at 15:00 hrs. |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह | |

• निविदा दिनांक 14.04.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 632/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन- 2026-41 | |
| कार्य का नाम : झाँसी डिवीज़नः प्रोवीजन फॉर गैंग्स टूल्स कम रेस्ट रूम विथ रिक्यूयर्ड एमेनिटीज इन वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-सिथौली सेक्शन अंडर एडीईएन/लाइन/झाँसी। | |
| अनुमानित लागत रू.: 15504697.50 | अमानत राशि : 310100.00 |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 10 माह | |

निविदा बन्द होने की तिथि : 15/04/2026 at 15:00 hrs., • निविदा दिनांक 15/04/2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 633/26 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.- JHS/Comm/e-Auction/26/144 दिनांकः 19.03.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| श्रेणीः पार्सल | केटलॉग संख्याः JHS-LEASING-60 |
| एसेट्स डिटेल्सः 01- ट्रेन संख्या- 12198 में 02 एसएलआर-एफ-I & एफ-II, 02- ट्रेन संख्या- 12049 में 01 एसएलआर-एफ-I, 03- ट्रेन संख्या- 12279 में 01 एसएलआर-एफ-I, 04- ट्रेन संख्या- 22198 में 01 एसएलआर-एफ-I, 05- ट्रेन संख्या- 22195 में 01 एसएलआर-एफ-I, 06- ट्रेन संख्या- 11107 में 02 एसएलआर-आर-I & एफ-I, 07- ट्रेन संख्या- 22547 में 01 एसएलआर-एफ-I, 08- ट्रेन संख्या- 11086 में 02 एसएलआर-आर-I & एफ-I. | |
| ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः दिनांक 01.04.2026 को समय- 11:00 से | |
| ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः दिनांक 01.04.2026 को समय- 13:10 तक | |
| नोटः उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 627/26 (ADM) | |

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी.-एन-2026-54 | |
| कार्य का नामः वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-ग्वालियर-टीबीएसआर (एच-बीम)-1677 नंबर। | |
| अनुमानित लागतः ₹ 60800560.64 | अमानत राशिः ₹ 454000.00 |
| निविदा बन्द होने की तिथिः 13.04.2026 at 15.00 hrs. | |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 09 माह | |

• निविदा दिनांक 13.04.2026 को 15.00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 626/26 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन-2026-42 | अनुमानित लागत रु : 62676840.99 |
| कार्य का नाम : पार्ट-ए :- झाँसी डिवीज़न : इम्प्रूवमेंट ऑफ़ स्टाफ क्वार्टर एंड अदर एमेनिटीज एट स्टाफ क्वार्टर एट स्टेशन रेलवे कालोनी इन सिथोली-धौलपुर एंड बिरला नगर-उड़ीमोर सेक्शन अंडर एडीईएन/ग्वालियर। पार्ट-बी :- झाँसी डिवीज़न : इम्प्रूवमेंट ऑफ़ सर्विस बिल्डिंगस, रोड्स एंड प्रोटेक्शन वर्क्स फॉर सेफ्टी ऑफ़ ट्रैकस इन बिरला नगर- उड़ीमोर सेक्शन अंडर एडीईएन/ग्वालियर। | |
| अमानत राशि : 1253500.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 15.04.2026 at 15:00 hrs. |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह | |
| ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन-2026-52 | अनुमानित लागत रु : 25253370.81 |
| कार्य का नाम : झाँसी डिवीज़न : प्रोवीजन फॉर गैंग्स टूल्स कम रेस्ट रूम विथ रिक्वायर्ड एमेनिटीज इन सिथोली-धौलपुर एंड बिरला नगर-उड़ीमोर सेक्शन अंडर एडीईएन/ग्वालियर। | |
| अमानत राशि : 505100.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 15.04.2026 at 15:00 hrs. |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह | |

• निविदा दिनांक 15.04.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 624/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उच्च न्यायालय जबलपुर

प्रत्यर्थी को अपील की आम सूचना ( नोटिस )
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
**अपील क्रमांक MCC/1655/2015**
SMT. VEDVATI
MOHANLAL DECEASED THROUGH HIS REPRESENTATIVE SMT RAJMANTI

सन् 2006 के एफए क्रमांक 530 सन् 2006 में न्यायालय माननीय श्री जस्टिस यू.सी. महेश्वरी उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र. की डिकी/आदेश दिनांक 26.03.2014 के विरूद्ध अपील उपर वर्णित अपील अपीलाण्ट द्वारा प्रस्तुत की गई और न्यायालय में पंजीकृत की गई न्यायालय द्वारा अपील की सुनाई दिनांक 10.04.2026 को नियत की गई है सुनवाई हेतु नीचे वर्णित रेस्पाण्डेंट उक्त नियत 10.04.2026 को आवश्यक रूप से उपस्थित हो – वर्णन निम्नानुसार है:
R9(B) जितेन्द्र पुत्र स्व. कुंजमणि उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पोखरा तह. मउगंज (म.प्र.) R22(A) भाष्कर पिता स्व. गजेन्द्र ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 40 वर्ष R22 (B) केशरी पिता कमलेश्वर ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 22 वर्ष R22(C) सर्वेश कमलेश्वर ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 28 वर्ष R22(D) दिवाकर पिता कमलेश्वर ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 28 वर्ष R22(E) लालजी पिता कमलेश्वर ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 24 वर्ष R22(F) ओमप्रकाश पिता कमलेश्वर ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 32 वर्ष R22(G) इन्द्रराज पिता गजेन्द्र ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 50 वर्ष R22(H) बुध्दसेन पिता गजेन्द्र ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 52 वर्ष R22(1) विनोद पिता गजेन्द्र ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 18 वर्ष R22(J) प्रमोद पिता उग्रसेन ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) उम्र 20 वर्ष R22 (K) मुन्नू पिता उग्रसेन ग्राम तमरी तह. मउगंज (म.प्र.) 18 वर्ष सभी निवासी ग्राम उमरी तह. देवतालब जिला मउगंज जिला मउगंज (म.प्र.) कृपया सूचित करें कि उपर वर्णित अपील श्री अपीलाण्ट द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई दिनांक 10.04.2026 की नियत की गई है आपत्तियाँ प्रति आपत्तियाँ यदि कोई हो तो इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होनें के दिनांक से एक महीनें के भीतर फाईल की जानी चाहिये। कृपया इस बात से सूचित हो कि आपसे वह भी आपेक्षित है है कि आप दिनांक 10.04.2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेज की जो आप कागजातो करनें का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते है एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय को परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजो का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हे इस न्यायालय के नियमों के आधीन शामिल किये जानें की बाध्यता है।
सूची फार्म में होना चाहिये– 1. कागज का विवरण (दिनांक सुमेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) 2. पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियां आदि का उध्दरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें। 3. कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय से भरा जाव) यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हो तो वह आपेक्षित है कि आप स दिनांक 10.04.2026 को या उससे पहले एक सूची फाइल करे आपको अपील सुनवाई के लिये नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिये किन्तु यदि न्यायालय के काम काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथाशीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जावेगी या इस अपील के संबंध में आपके कार्य करनें के लिये विधिवत प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थिति नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी। अपील से संबंधिसत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गये और निरीक्षण के लिये उपलब्ध है आज दिनांक को 01.04.2026द मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से किया गया।

(मुहर) प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

RN- 83797

## संक्षिप्त खबरें

### एग्रीकल्चर में प्रवेश देने 24 से जमा होंगे आवेदन

**जागरण, भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) प्रदेश के एग्रीकल्चर कालेजों की एक हजार 297 सीटों पर प्रवेश देने के लिए प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी)-2026 कराएगा। पीएटी से प्रदेश के एग्रीकल्चर और संबद्ध कोर्स काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे। ईएसबी ने प्रवेश परीक्षा की नियमावली जारी कर दी है। ईएसबी 24 मार्च से आवेदन जमा कराना शुरु कर देगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि सात अप्रैल रखी गई है। उक्त तिथि तक विद्यार्थी अपने आवेदन में त्रुटी होने पर संशोधन भी कर सकते हैं। ईएसबी पीएटी-2026 का आयोजन आठ मई को तय किए गए परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करेगा। उक्त परीक्षा से प्रदेश के तीन प्रमुख कृषि विवि में यूजी कोर्स में काउंसलिंग से प्रवेश दिये जाएंगे। इनमें जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट शामिल हैं। उक्त तीनों विश्वविद्यालयों से संबद्धता प्राप्त कालेजों में बीएससी (आनर्स) कृषि, बीएससी (आनर्स) उद्यानिकी, बीएससी (आनर्स) वानिकी और बीटेक (कृषि अभियांत्रिकी) की सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। वर्तमान सत्र 2026-27 में प्रदेश की एक हजार 297 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक गत वर्ष पीएटी परीक्षा जुलाई में आयोजित की गई थी।

### वन माफिया खत्म करने अभियान चलाएंगे कर्मचारी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** वन कर्मचारी मंच मप्र ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर कन्हा कुंज पार्क कोलार में पौधा रोपकर वृक्ष लगाओ हरियाली बढ़ाओ का संदेश दिया। कार्यक्रम में अशोक पांडेय, हरि सिंह गुर्जर, नरेश बरेले, अंतर सिंह, श्याम बरेले, सत्येंद्र पांडे और लव प्रकाश पाराशर शामिल थे। वन कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि देश-प्रदेश में लगातार वृक्ष काम हो रहे हैं। इसके कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। हर मनुष्य को माह में एक वृक्ष लगाकर हरियाली के प्रति अपना योगदान देना चाहिए। विभाग और प्रदेश सरकार को भी वन महोत्सव जैसे कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित करना चाहिए। इससे जनता का भी पेड़ों को लगाने के प्रति लगाव ज्यादा बढ़े। वन माफिक लगातार मप्र में पेड़ों की हत्या कर रहा है। जंगल समाप्त कर रहा है, लेकिन सरकार वन माफिया के विरुद्ध ठोस कार्यवाही नहीं कर रही है। वन कर्मचारी मंच ने संकल्प लिया है कि मप्र में वन मंडल के परिक्षेत्र में वृक्ष महोत्सव कार्यक्रम आयोजित करेगे।

### कलयुगी पिता के साथ मां को भी 20 साल की जेल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** अशोकनगर जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार के मामले में विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए अपनी ही बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता और सहयोग करने वाली मां को 20-20 साल के कारावास से दंडित किया है। कोर्ट ने दोनों पर जुर्माना भी ठोका है। घटना 15 सितंबर 2024 की है। जब 11 वर्षीय नाबालिग पीड़िता घर पर अपने सौतेले पिता के साथ अकेली थी, तब आरोपी ने बच्ची के साथ दुराचार कर उसे जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने का दबाव भी बनाया। बाद में पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए अपनी मां को आपबीती सुनाई, लेकिन मां ने भी न्याय दिलाने के बजाय उसे चुप रहने के लिए धमकाया। इसके बावजूद मासूम ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में विशेष न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा के न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपियों को दोषी पाया। कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत पिता को 20 वर्ष कैद और बीएनएस की धारा 351(2) के तहत 2 साल की सजा और अर्थदंड की सजा सुनाई। इस मामले में अपराध को छिपाने और सहयोग करने के जुर्म में पॉक्सो अधिनियम की धारा 16 एवं 17 के अंतर्गत 20 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदंड लगाया गया। इस मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी और एसआई संध्या रघुवंशी ने तत्काल पीड़िता का मेडिकल कराया और आरोपी को गिरफ्तार किया था।

### हिंदू उत्सव समिति की बैठक आज, होगी समीक्षा

**भोपाल।** हिंदू उत्सव समिति की एक बैठक रविवार को आयोजित की गई है, जिसमें संगठन के कार्यो की समीक्षा एवं संगठन से जुड़े विषयों को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक मां वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर परिसर में संपन्न होगी, जिसमें कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की रणनीति, संगठन के विस्तार और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर विशेष मंथन किया जाएगा। समिति के भीतर इस बैठक को लेकर उत्साह और सक्रियता स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।

# प्रदेश कांग्रेस के अधिपतियों के सामने प्रभुत्व का संकट

## प्रदेश के कुछ नेताओं ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने भ्रमण किया शुरू, दिल्ली की राज्य के हर कांग्रेसी नेता पर नजर

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कई ऐसे नेता इन दिनों नेपथ्य में जाने से परेशान हैं, जिनकी कभी संगठन में तूती बोलती थी। इनमें से कुछ नेताओं की पहुंच दिल्ली तक तो है, लेकिन उनके सामने जनता के बीच अपना वजूद बचाने का संकट उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में कुछ नेताओं ने अपने लिए कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए भ्रमण भी शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के कुछ नेता इन दिनों नेपथ्य में हैं, यानि कि उनके पास संगठन की कोई ऐसी बड़ी जिम्मेदारी नहीं है कि वे सीधे कार्यकर्ताओं और जनता के साथ संवाद में रह सकें। ऐसे में इन नेताओं ने अब अकेले ही स्वयं मैदान में उतरना शुरु कर दिया है। कांग्रेस की राजनीति समझने वालों का मानना है कि ऐसा करना नेताओं की मजबूरी भी है, क्योंकि दिल्ली की राज्य के हर कांग्रेसी नेता पर नजर है कि कौन घर बैठा है और कौन जनता के बीच है। पिछले दिनों दिल्ली में प्रदेश को लेकर हुई बैठक में वरिष्ठ नेतृत्व ने एक बात साफ तौर पर कही है कि जो नेता मैदान में नहीं दिखेंगे, उनके विकल्प की तलाश की जाएगी। इसी तरह बड़े नेताओं की सक्रियता तभी मानी जाएगी, जब वे अपने क्षेत्र से बाहर जाकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम करेंगे।




### ये नेता हुए हैं सक्रिय

#### अजय सिंह राहुल



कद्दावर नेता रहे अजय सिंह राहुल इन दिनों बुंदेलखंड के दौरे पर हैं। इससे पहले वे चंबल का प्रवास भी कर चुके है। नेता प्रतिपक्ष जैसी अहम जिम्मेदारी उठाने वाले पूर्व मंत्री अजय सिंह के पास वर्तमान में ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं है कि वे पार्टी की मूलधारा में रहे। ऐसे में उन्होंने स्वयं अपने आपको सक्रिय रखने के लिए अकेले ही कार्यकर्ताओं से संवाद बनाना शुरु कर दिया है।

#### अरुण यादव



पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव पीसीसी चीफ की कुर्सी से उतरने के बाद लगभग नेपथ्य में हैं। उनके पास ऐसा कोई बड़ा काम नहीं है, जिसके जरिए वे अपने कार्यकर्ताओं और जनता से सीधे संपर्क में रह सके। ऐसे में यादव ने अपने आपको सक्रिय रखने के लिए जहां सोशल मीडिया का सहारा लिया है, तो वहीं वे चिन्हित नगरों का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं के बीच अपनी पहचान बरकरार रखने का प्रयास कर रहे हैं।

#### कांतिलाल भूरिया



केन्द्र सरकार में मंत्री रहे कांतिलाल भूरिया भी उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्हें कार्यकर्ताओं के बीच अपनी जगह बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास करने पड़ रहे हैं। भूरिया पीसीसी चीफ रहे हैं, ऐसे में पूरे प्रदेश में उनकी अपनी पहुंच रही है। लेकिन अब उनके सामने पार्टी नेतृत्व के सामने अपना वजूद सिद्ध करने का संकट है। हालांकि उनके विधायक पुत्र डॉ,विक्रात भूरिया राहुल अपनी सक्रियता से अपने पिता के राजनैतिक केरियर को आगे बढ़ा रहे है।

#### डॉ. गोविन्द सिंह



नेता प्रतिपक्ष रहे डॉ.गोविन्द सिंह का चंबल - ग्वालियर संभाग सहित प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं के बीच प्रभाव रहा है। पिछला चुनाव हारने के बाद उन्हें लेकर यह बात सामने आई कि वे चुनावी राजनीति से दूर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में जाने के बाद ग्वालियर -चंबल अंचल में कांग्रेस का ऐसा कोई बड़ा नेता सामने नहीं आया,जो पार्टी के लिए चेहरा बन सके। ऐसे में डॉ. सिंह के पार्टी की मूलधारा से दूर होने से उनके समर्थकों में बैचेनी पैदा कर रही है।

#### कमलेश्वर पटेल



कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य कमलेश्वर पटेल की हाईकमान तक सीधे पहुंच है। वे पहले भी राष्ट्रीय स्तर से मिली जिम्मेदारियों के चलते कांग्रेस को मजबूत बनाने में सक्रिय रहे है। लेकिन मध्यप्रदेश में इस समय उनके पास ऐसी बड़ी जिम्मेदारी नहीं है, कि जिससे वे प्रदेश भर का दौरा कर अपने कार्यकर्ताओं से जीवंत संबंध रख सके।

# निवेशक बोले-मप्र में औद्योगिक विकास की गति तेज

## जयपुर में मुख्यमंत्री ने निवेशकों से की वन टू वन चर्चा, प्रदेश में निवेश के लिए दिया न्यौता

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयपुर में उद्योगपतियों से वन - टू वन मुलाकात कर उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर निवेशकों ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को तेजी से गति मिली है। सीएम ने इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश सत्र के उपरांत उद्योगपतियों ने वन टू वन मुलाकात की। इस मौके पर निवेशकों से स्वीकार किया कि सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है और उनके द्वारा जहां भी निवेश किया गया, वहां उनकी न तो किसी भी तरह की रुकावटों का सामना करना पड़ा और न ही उन्हें किसी भी तरह की समस्या से जूझना पड़ा। स्थिति यह है कि उनके निवेश अब उद्योग का स्वरुप लेने लगे है और स्थानीय रोजगार की संभावनाओं साकार हो रही है।




### 1 लाख एकड़ भूमि उपलब्धः सिंह

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में औद्योगिक प्रगति और निवेश की अनंत संभावनाएं विद्यान हैं। प्रदेश में 8 एयरपोर्ट और औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए 1 लाख एकड़ भूमि उपलब्ध है। राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग पर ध्यान देते हुए नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। निवेशकों को 40 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दी जा रही है।

### देश-दुनिया के निवेशक कर रहे निवेशः जैन

राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट डॉ. केएल जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में औद्योगिक विकास को तेजी से गति मिल रही है। राज्य ने लंबी उड़ान भरी है। देश-दुनिया के निवेशक मध्यप्रदेश में तेजी से निवेश कर रहे हैं।

### 1 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार :गुप्ता

इन्सुलेशन एनर्जीस के चेयरमैन मनीष गुप्ता ने बताया कि उन्होंने नर्मदापुरम जिले के बाबई-मोहासा औद्योगिक प्रक्षेत्र में करीब 1650 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिससे 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां 45 एकड़ में औद्योगिक इकाई स्थापित करने में कोई बाधा नहीं आई। अक्टूबर 2025 में परियोजना का कार्य प्रारंभ हो चुका है और नवंबर-दिसंबर 2026 तक यूनिट पूरी तरह तैयार हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है।

### स्टार्टअप्स में आएगा बड़ा निवेशः शर्मा

राजस्थान एंजल्स ग्रुप के चेयरमैन महावीर प्रताप शर्मा ने बताया कि उनकी कंपनी ने टायर रीसाइक्लिंग के लिए देश का पहला प्लांट सेटअप किया है। एआई के दौर में डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए सस्ती बिजली की जरूरत है। इसके लिए आबुधाबी फंड्स रुचि दिखा रहा है। मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जहां 4 रुपए प्रति यूनिट औद्योगिक दर पर बिजली उपलब्ध है।

### इन से की मुलाकात

सीएम ने राजस्थान एंजल्स के अध्यक्ष महावीर प्रताप शर्मा, महिंद्रा लाइफ साइंसेज के हेड अनुज बिंदल, इंसोलेशन एनर्जी के चेयरमैन मनीष गुप्ता, फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, प्रताप ग्रुप के मैनेजिंग डॉयरेक्टर देवेन्द्र सिंह शेखावत, डीजीएस ट्रांस लॉजिस्टिक्स के डॉयरेक्टर सौरभ खंडेलवाल, अक्षय इन्फासिस इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अक्षय हाड़ा, प्लास्टिक मेन्युफैक्चर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण शर्मा, हॉस्पिटेलिटी एवं टूरिज्म एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश खंडेलवाल और मैजेस्टिक बासमती राइस प्रालि. के डॉयरेक्टर विज्ञान लोड़ा से वन-टू-वन चर्चा कर उन्हें निवेश के लिए आमंत्रित किया।

# प्रदेश महिला मोर्चा की टीम घोषित 38 नेत्रियों की मिली जिम्मेदारी

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चे की कमान संभालने के लगभग चार महीने बाद प्रदेशा अध्यक्ष अश्विनी परांजपे राजवाड़े ने शनिवार को अपनी नई टीम की घोषणा कर दी। इसमें 38 नेत्रियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। टीम में कुछ को छोड़कर सभी जिलों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। टीम में सात उपाध्यक्ष बनाई गई हैं। सिवनी की ज्योति सिंह राजपूत, सतना की डॉ. सपना वर्मा और राजगढ़ की मोना सुस्तानी को महामंत्री बनाया गया है। मोना सुस्तानी वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव राजगढ़ से लड़ चुकी हैं। 8 प्रदेश मंत्री के पद पर शशि पटेल मंडला, खुशबू गुप्ता ग्वालियर, रीना दंडोतिया मुरैना, ममता मालवीय बैतूल, अजंली रायजादा ग्वालियर, चारुलता यादव खंडवा, सीमा जायसवाल सिंगरौली और प्रतिमा यादव उज्जैन को बैठाया गया है। महिला मोर्चे की प्रदेश कोषाध्यक्ष इंदौर की सीए निधि बंग होंगी, जबकि जबलपुर की अर्चना अग्रवाल और रीवा की पूर्णिमा तिवारी सह कोषाध्यक्ष पद का दायित्व संभालेंगी। भोपाल की भावना सिंह को कार्यालय मंत्री एवं विमला तिवारी व नर्मदापुरम की ललिता पुर्विया को सह कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। खंडवा की हर्षा ठाकुर को मीडिया प्रभारी बनाया गया है,




जबकि सतना की प्रियांशा उरमलिया सहमीडिया प्रभारी होंगी। नरसिंहपुर की स्मृति जैन सोशल मीडिया प्रभारी, ग्वालियर की सारिका उपाध्याय व गायत्री सिंह ठाकुर सह सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व संभलेंगी। इनके अलावा सुधा सुख्यानी, रश्मि पाण्डे, किरण भदौरिया, साक्षी भारद्वाज, सुमन सिंह, इंदु चौधरी, शिवनी अडसपुरकर, डॉ. वंदना आर्य और चेतना शर्मा को भी जिम्मेदारियां दी गई हैं।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चे की टीम भी घोषित

प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक नियुक्ति के चलते शनिवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्च की प्रदेश टीम की भी घोषणा कर दी गई। मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार द्वारा घोषित टीम में 8 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री 8 मंत्री, कोषाध्यक्ष व सहकोषाध्यक्ष सहित 35 कार्यकर्ताओं को अपनी टीम में अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है।

# प्रदेश में ठगी का ९९ फीसदी पैसा नहीं आता वापसः सिंघार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश के साइबर सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ठगी गई 99 प्रतिशत से ज्यादा राशि की रिकवरी नहीं हुई है,जो पूरे सिस्टम की कमजोरी को उजागर कर रहा है। सोशल मीडिया के जरिए सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। अगर पिछले चार सालों में हुई ठगी की घटनाओं पर नजर डाली जाए, तो ठगों ने राज्य के भोले -भाले लोगों के खातों से 1054 करोड़ की राशि उड़ा दिए।



इस दौरान इस पर अकुंश लगाने वाली व्यवस्था पूरी तरह से फ्लाप रही है। उन्होंने बताया कि 1 मई 2021 से 13 जुलाई 2025 के मध्य राज्य में 1054 करोड़ रुपए की साइबर ठगी हुई है,यानि कि हर साल औसतन करीब 263.5 करोड़ रुपए लोगों के खातों से उड़ाए गए। इनमें से शिकायत होने के बाद भी मात्र 1.94 करोड़ की ही रिकवरी हो पाई,यानि कि कुछ ठगी गई राशि में से 99.82 प्रतिशत रकम अब तक वापस नहीं आ पाई है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि जिस तरह के आकंड़े है,उससे यह साफ है कि मध्यप्रदेश साइबर अपराध रोक पाने में पूरी तरह से असफल है। राज्य में न तो मजबूत साइबर फॉरेंसिक डिवीजन है और न ही पर्याप्त पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर ही है। जिसका लाभ उठाकर अपराध बुलंदी से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की वर्ष 2023 रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2021 से 2023 के बीच 21 सौ साइबर अपराध प्रदेश भर में पंजीबद्ध किए गए,लेकिन महज 191 मामलों में ही दोषियों को सजा हो सकी,यह दोषसिद्धी के मामले में लगभग 9 प्रतिशत ही है। सिंघार ने कहा कि इस मामले में दूसरे राज्य मध्यप्रदेश से बेहतर काम कर रहे हैं। उत्तरप्रदेश,तमिलनाडू, महाराष्ट्र,बिहार और केरल जैसे राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश में साइबर थानों की संख्या काफी कम है। ऐसे में साइबर अपराधी मध्यप्रदेश को साफ्ट टारगेट बनाता जा रहा है,जिससे आम जनता सीधे-सीधे उनका शिकार हो रही है।

# कनाडा से शव लाने परिवार ने पीएम को लिखा पत्र



**जागरण, उज्जैन।** छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा का शव कनाडा से लाने के लिए परिवार ने अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है। परिवार ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। गुरकीरत की 14 मार्च को कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन शहर में पिटाई के बाद कार चढ़ाकर हत्या कर दी गई थी। दो दिन पहले छात्र के उज्जैन स्थित घर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिवार को शव लाने के लिए हर संभव मदद देने का वादा किया था। परिजन का कहना है कि कनाडा सरकार बॉडी देने के लिए करीब 40 हजार डॉलर (लगभग 35 लाख रुपए) जमा कराने को कह रही है। इतना ही नहीं, जांच प्रक्रिया के कारण अस्पताल से बॉडी 15 दिन बाद ही दी जाएगी। परिवार ने बताया कि बॉडी को कनाडा से उज्जैन लाने में करीब 10 लाख रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा, जो वहन करना परिवार के बस में नहीं है। मालूम हो कि गुरकीरत कनाडा के नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट के पोस्ट डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई कर रहे थे, उनका परिवार उज्जैन में देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी में रहता है।

# चोरी छिपे पुजारी ले गया मूर्तियां, संत ने त्यागा अन्न

## जुआरियों से परेशान होकर मंदिर से भागा पुजारी

**राजगढ़।** जिले के खिलचीपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर से एक पुजारी बिना बताए चोरी-छिपे भगवान की मूर्तियां ले गया। यह जानकारी मंदिर परिसर में रहने वाले 75 साल के संत बालयोगी सोहनदास महाराज को लगी तो उन्होंने घटना से आहत होकर अन्न त्याग दिया। वह कई घंटों से भूखे हैं। संत सोहनदास महाराज का कहना है कि जब तक भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की प्रतिमाएं वापस मंदिर में स्थापित नहीं हो जातीं, तब तक वे अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। उन्होंने भावुक होकर कहा- भगवान के चले जाने से मन बहुत दुखी है। अब कुछ खाने का मन ही नहीं करता।

### भगवान ही चले गए, अब भोजन कैसे करूं

संत ने बताया कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि पुजारी भगवान की प्रतिमाएं क्यों लेकर गए, लेकिन मंदिर में हुई घटनाओं ने उन्हें झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भंवरलाल नाम के व्यक्ति ने मंदिर में आकर शराब के नशे में पुजारी के साथ अभद्रता की और थप्पड़ मारा था। मंदिर की गरिमा के साथ इस तरह की घटनाएं पीड़ादायक हैं।



### प्रतिमाएं लाने वृंदावन रवाना हुआ दल

मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार सुबह खिलचीपुर टीआई उमाशंकर मुकाती पुलिस टीम और नगर के कुछ लोगों के साथ वृंदावन के लिए रवाना हुए हैं। टीम का उद्देश्य भगवान जगन्नाथ की प्रतिमाओं को वापस लाना और पुजारी से चर्चा करना है। स्थानीय लोग भी संत के इस निर्णय से भावुक हैं और जल्द से जल्द प्रतिमाओं की वापसी की मांग कर रहे हैं।

# जींस पहनकर मिलने पहुंचे एचसी को आईजी ने किया सस्पेंड, 2 अटैच

**जागरण, शहडोल।** कार्यालयीन कामकाज के दौरान वरिष्ठ अधिकारी के सामने ड्रेस कोड का क्या महत्व होता है? इसे शहडोल जोन की पुलिस महानिरीक्षक आईजी एन. चैत्रा द्वारा एक हेड कांस्टेबल के खिलाफ की गई कार्रवाई से समझा जा सकता है। आईजी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए हेड कांस्टेबल को तत्काल निलंबित कर दिया। आईजी ने इसे सेवा मर्यादा का गंभीर उल्लंघन माना है। वहीं दो अन्य पुलिस कर्मियों को भी निलंबित कर लाइन अटैच किया गया है। शहडोल आईजी ने उप पुलिस अधीक्षकों के 2025 के दौरों को जानकारी मांगी थी। समय पर जानकारी न भेजने पर आईजी ने उमरिया, शहडोल और अनूपपुर जिले की संबंधित शाखा के स्टॉफ को तलब किया था। उमरिया में रीडर शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रवीण कुमार तिवारी जब विभागीय जानकारी के संबंध में आईजी के समक्ष पहुंचे, तो वे निर्धारित ड्रेस कोड के बजाय जींस पहनकर ड्यूटी पर थे। उन्हें देखते ही आईजी ने नाराजगी जाहिर की।

**अनदेखी** पत्र के बाद एक्टिव हुआ जल संसाधन विभाग, प्रोजेक्ट की बाधाएं दूर करने अपने स्तर पर प्रयास तेज करेगा शासन

# सीएम की पचास से अधिक घोषणाओं के पूरा न होने पर इंजीनियरों से जवाब तलब

**जागरण, भोपाल।** पिछले डेढ़ साल में सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा जल संसाधन विभाग से जुड़ीं घोषणाओं को लेकर अब शासन ने सीधे विभाग से जानकारी तलब की है। शासन द्वारा जानकारी मांगे जाने के बाद अब जल संसाधन विभाग ने मुख्यमंत्री द्वारा की गईं डैम, प्रोजेक्ट और जलाशय निर्माण से जुड़ी पचास से अधिक घोषणाओं की जानकारी तलब कर हालिया स्थिति बताने अपने सभी प्रोजेक्ट इंजीनियरों को पत्र लिखा है। प्रमुख अभियंता कार्यालय भोपाल में पदस्थ अधीक्षण यंत्री हर्षा जैनवाल ने इन घोषणाओं की वर्तमान स्थिति बताने के लिए सभी डिवीजन के मुख्य अभियंताओं को पत्र लिखा है। ये परियोजनाएं अभी पूरी नहीं हुई हैं और बार-बार विभाग के इंजीनियर इन प्रोजेक्ट को परीक्षण और प्रक्रियाधीन बता रहे हैं। अब जल संसाधन विभाग ने इन घोषणाओं को जल्द पूरा करने के साथ ही इसकी जानकारी तत्काल विभाग को भेजने को कहा है ताकि इसे सीधे शासन के पास भेजा जा सके। इसके बाद शासन इन प्रोजेक्ट में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए अपने स्तर पर भी प्रयास तेज करेगा।



### 57 प्रोजेक्ट इंतजार में, तकनीकी दिक्कतें भी

सीएम डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर 2023 को प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग जिलों में प्रवास के दौरान जनता की सुविधा के लिए डैम, जलाशय आदि बनाने की घोषणाएं की थीं। इनमें से कई घोषणाओं को पूरा करने के लिए तय की गई समय-सीमा गुजर गई है। फिलहाल जल संसाधन विभाग की कुल 57 ऐसी परियोजनाएं हैं जो घोषणाओं के एक साल बाद भी शुरू नहीं हो सकी हैं। हालांकि विभाग के आला अधिकारी इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन ये दावा कर रहे हैं कि इनमें से कुछ प्रशासकीय मंजूरी और बजट की कमी से अटकी हुई हैं। कई प्रोजेक्ट की डीपीआर तो बना ली गई है, लेकिन वह भी मंजूरी के लिए भोपाल में अटकी हुई है। कुछ परियोजनाओं को केंद्र के जल शक्ति मंत्रालय और विश्व बैंक से भी आर्थिक मदद मिलनी है, जिसके अभाव में सीएम की घोषणाएं अटक गई हैं। इसके साथ ही कई घोषणाओं के तहत बनने वाले प्रोजेक्ट ऐसे भी हैं जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधि बदलाव कराना चाहते हैं, वहीं कुछ घोषणाएं तकनीकी तौर पर साध्य न होने के कारण अटक गई हैं।

### इन घोषणाओं पर चल रहा परीक्षण

सीएम द्वारा सागर जिले के खुरई में बीना नदी परियोजना की घोषणा की गई थी। लगभग 6,000 हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता वाले इस प्रोजेक्ट को 429 करोड़ की राशि से बनाया जाएगा। इसके अलावा खुरई में ही 80 हजार हेक्टेयर की क्षमता के लिए लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट भी बनना है। इन प्रोजेक्ट का फिलहाल परीक्षण जारी है। इसके अलावा सिवनी जिले के बरघाट में खंडू भांगड़ा जलाशय, बाणसागर से मझौली तक बनास माइक्रो प्रोजेक्ट का निर्माण भी परीक्षण के दौर में है। इसके अलावा पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा चुनाव से पहले बुधनी विधानसभा क्षेत्र में की गई जल संसाधन विभाग से जुड़ी अधूरी घोषणाओं को भी पूर्ण करने की तैयारी विभाग ने की है।

### ये घोषणाएं अब तक नहीं हुईं पूरी

सीएम ने अनूपपुर में राजकछार जलाशय का पुनर्निर्माण और कोतमा में सीतामढ़ी मेजर प्रोजेक्ट निर्माण की घोषणा की थी, जिससे 46 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होनी है। इसके अलावा कोतमा में सोम मोहरी प्रोजेक्ट का निर्माण कर 13,378 हेक्टेयर की सिंचाई, कटना स्टोरेज और जैतहरी स्टोरेज का निर्माण, छाटन डैम का निर्माण भी अब तक अटका हुआ है। इसके अलावा आलीराजपुर के सोंडवा के तिखोला, आमला, गेंदा फालिया, औझड़, चिखली, लक्ष्मणी, मोरासा और किलोड़ गांवों में बैराज निर्माण एवं कट्ठीवाड़ा में हिरण नदी पर बनने वाले बैराज की घोषणा पर भी काम नहीं हो सका है। इसके अलावा कटनी जिले के बहोरीबंद में माताखेड़ा, जुझारी, सिजहरी, वेजा नाला और जमुनिहाई जलाशय के निर्माण के साथ ही बहोरीबंद जलाशय के निर्माण का काम भी फाइलों से आगे नहीं बढ़ पाया है। इसके साथ ही पंधाना, कुंडम (सिहोरा), गोपालपुरा (झाबुआ), पेटलावद (झाबुआ), शहपुरा (डिंडौरी), जबेरा (दमोह), नोहटा (दमोह), पथरिया (दमोह), नीमच, गुन्नौर (पन्ना), पवई (पन्ना), मेहगांव (भिंड), उदयपुरा (रायसेन) आदि विधानसभाओं में बनने वाले कई प्रोजेक्ट अब तक शुरू न होने के कारण जनप्रतिनिधि इसकी शिकायतें सीधे सीएम से कर रहे हैं।

# इंडियन नेवी को आधुनिक युद्धपोत तारागिरी मिलेगा, 3 अप्रैल को होगा कमीशन




**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडियन नेवी 3 अप्रैल को नए स्टेल्थ फ्रिगेट (आधुनिक युद्धपोत) तारागिरी को कमीशन करने जा रही है। यह समारोह विशाखापत्तनम में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। तारागिरी प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनने वाला चौथा उन्नत युद्धपोत है, जिसका वजन लगभग 6,670 टन है। यह सिर्फ एक जहाज नहीं बल्कि 'मेक इन इंडिया' पहल और भारत के स्वदेशी शिपयार्ड की आधुनिक इंजीनियरिंग क्षमता का शानदार उदाहरण है। यह स्टेल्थ तकनीक से लैस है, जिससे दुश्मनों के रडार से बचना आसान होता है और यह भारतीय नौसेना की ताकत को और बढ़ाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान से की बात

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बात की है। इस दौरान पीएम मोदी ने उन्हें ईद-उल-फितर और ईरानी नए साल नवरोज की शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं के बीच हुई इस बातचीत में मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालातों और सुरक्षा से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि यह त्योहारी सीजन पूरे पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लेकर आएगा। पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में चल रहे तनाव के बीच उनका यह संदेश काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### ओडिसी नृत्यांगना मधुमिता का 59 की उम्र में निधन

**मुंबई, जेएनएन।** प्रसिद्ध ओडिसी कलाकार मधुमिता राउत का शनिवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 59 साल की थी। उनके भाई मनोज राउत ने बताया कि निजी अस्पताल में निधन से पहले वे कुछ समय से अस्वस्थ थीं। मधुमिता ने कम उम्र में ही नृत्य सीखना शुरू कर दिया था और वे दिल्ली स्थित 'जयंतिका-मायाधर राउत स्कूल ऑफ ओडिसी डांस स्कूल' की निदेशक के रूप में नई नई जनरेशन को ट्रेनिंग दे रही थीं। मधुमिता राउत नीदरलैंड के एक मंदिर में प्रदर्शन करने वाली पहली ओडिसी कलाकार बनीं और रिकॉर्ड बनाया।



### आरोपियों के फोटो-वीडियो अपलोड करना चिंताजनक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मोबाइल से शूट वीडियो-फोटो को तुरंत सोशल मीडिया पर अपलोड करने के ट्रेंड पर कड़ी चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा- इससे निष्पक्ष सुनवाई प्रभावित होती है और आरोपियों के खिलाफ पहले ही माहौल बन जाता है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने कहा कि पुलिस आरोपियों की हथकड़ी लगी, रस्सियों से बंधी या अपमानजनक स्थिति वाली तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाल रही है। इससे व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचती है और जनता में पूर्वाग्रह बनता है। कोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय माना है।



### ईरान के खिलाफ राष्ट्रपति ट्रंप और नेतन्याहू का 'डबल गेम'

# अमेरिका ने दिए पीछे हटने के संकेत इजरायल ईरान पर करेगा हमले तेज

**नई दिल्ली, जेनएन।** मिडिल ईस्ट की जंग अब एक बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने साफ कर दिया है कि आने वाले हफ्ते में ईरान पर हमले काफी तेज कर दिए जाएंगे। यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद आई है, जिसमें उन्होंने सैन्य अभियानों को कम करने की बात कही थी। एक तरफ ट्रंप पीछे हटने का संकेत दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ इजरायल और अमेरिका ने क्षेत्र में और अधिक युद्धपोत भेजकर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।

दरअसल, युद्ध के 21वें दिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चौंकाने वाला एग्जिट प्लान पेश किया था। ट्रूथ सोशल पर अपनी पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका अपने सैन्य लक्ष्यों को पूरा करने के बेहद करीब है और अब वह मिडिल ईस्ट में जारी बड़े सैन्य अभियानों को धीरे-धीरे खत्म करने पर विचार कर रहा है। वहीं, ट्रंप के बयान बाद इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के बयान ने आग में घी डालने का काम किया है। न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक,काट्ज ने साफ चेतावनी दी है कि आने वाले हफ्ते में ईरान पर हमले और भी भीषण कर दिए जाएंगे।

**22 देशों ने होर्मुज खुला रखने की मांग की:** सऊदी अरब ने अपने पूर्वी इलाके में ऑयल इंस्टॉलेशन की ओर बढ़ रहे 20 ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जापान समेत 22 देशों ने एक साझा बयान जारी कर ईरान से हमले रोकने और समुद्री व्यापार के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला रखने की मांग की है।



### नतांज परमाणु संयंत पहुंची युद्ध की आग

जंग की आग अब ईरान के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले नतांज परमाणु संयंत्र तक पहुंच चुकी है. शनिवार को यहां हुए बड़े हवाई हमले में भारी नुकसान की खबर है, हालांकि ईरान का दावा है कि कोई रेडिएशन या परमाणु रिसाव नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि इजरायल इस हमले में अपना हाथ होने से साफ इनकार कर रहा है, लेकिन रक्षा मंत्री के हमले तेज करने वाले बयान ने सारा शक इजरायल की तरफ ही मोड़ दिया है।

### दुश्मनों के लिए दुनिया का कोई भी कोना सुरक्षित नहीं: ईरान

ईरान ने अपने दुश्मनों को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि अब दुनिया का कोई भी कोना उनके लिए सुरक्षित नहीं है। ईरान के मुताबिक, अब उसके निशाने पर दुश्मनों से जुड़े पार्क, पिकनिक स्पॉट और दुनिया भर के तमाम पर्यटन स्थल भी हो सकते हैं। युद्ध का खौफनाक चेहरा दक्षिण-पश्चिमी ईरान के अहवाज में देखने को मिला, जहां एक मनोरंजन परिसर और अस्पताल पर बमबारी हुई। इस हमले में एक मासूम बच्चे की जान चली गई। इमाम अली अस्पताल को इतना नुकसान पहुंचा है कि वहां अब मरीजों की भर्ती बंद कर दी गई है।

**ईरान का डोनाल्ड ट्रंप पर तंज:** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी है। हमारे लड़ाकों के मजबूत बचाव के बीच, ईरानी जनता ने एकता का एक असाधारण नजारा पेश किया है।

**डरानेवाला है मौतों का आंकड़ा:** मिडिल ईस्ट में छिड़ी इस जंग को अब चार हफ्ते बीत चुके हैं और अब मौत का आंकड़ा डराने लगा है। इस संघर्ष में अब तक ईरान में 1,300 से ज्यादा और लेबनान में 1,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जबकि अमेरिकी और इजरायली सेना के भी कई जवान शहीद हुए हैं। इस युद्ध का असर दुनिया भर के बाजारों पर भी पड़ा है। तेल की कीमतें अचानक बढ़ने की वजह से अमेरिकी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई है. बिगड़ते हालात और ईंधन के बढ़ते दामों को काबू में करने के लिए ट्रंप सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है।

**ट्रंप की रणनीति पर घर में ही उठे सवाल:** भले ही ट्रंप ने अमेरिका को इस युद्ध में धकेल दिया है, लेकिन अब खुद उनकी रिपब्लिकन पार्टी के भीतर से सवाल उठने लगे हैं। रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस ने ट्रंप सरकार पर कहा, मैं निजी तौर पर ईरान की सत्ता से मुल्लाओं को हटाने वाले हर कदम का समर्थन करता हूं, लेकिन इस युद्ध के पीछे एक साफ रणनीति और स्पष्ट उद्देश्य होना बेहद जरूरी है। युद्ध के लिए 200 अरब डॉलर के बजट का अनुरोध अभी व्हाइट हाउस में लंबित है और सांसद यह जानने को बेताब हैं कि यह अंतहीन युद्ध आखिर कब और किस कीमत पर खत्म होगा।

### द. कोरिया की फैक्ट्री में आग से 10 की मौत



**सियोल, जेएनएन।** दक्षिण कोरिया में ऑटो पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में हुए दर्दनाक हादसे में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं। डेजॉन शहर के बीच में स्थित फैक्ट्री में शुक्रवार दोपहर को धमाके के बाद आग लग गई थी। बचाव कर्मियों ने शनिवार को जले हुए मलबे से 10 शव बरामद किए। कम से कम 59 लोग घायल हो गए जबकि चार लापता हैं। शुक्रवार को आग लगने के बाद बचाव अभियान में 500 से अधिक फायर ब्रिगेड, पुलिस और आपातकालीन कर्मियों को तैनात किया गया था। दक्षिण कोरिया के गृह और सुरक्षा सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि घायलों में 25 की हालत गंभीर है। हालांकि, अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि क्या उनमें से किसी की जान को खतरा है। घटनास्थल से सामने आए वीडियो और तस्वीरों में आग की भयावहता सामने आई है।

# जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है: राजनाथ

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड सरकार के सफल चार साल पूरे होने के मौके पर हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए. मंच से जनता को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की और कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का कद जिस तेजी से बड़ा है, उसका पूरा श्रेय पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच को जाता है। दुनिया के मौजूदा हालातों पर चिंता जताते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है। मिडिल ईस्ट में जिस तरह लगातार हमले और युद्ध हो रहे हैं, वह न केवल भारत बल्कि पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है। पीएम मोदी का जिक्र करते हुए उनका कहना था कि प्रधानमंत्री ने साफ संदेश दिया है कि किसी भी समस्या का समाधान केवल संवाद और कूटनीति के जरिए ही निकाला जा सकता है।

### भारत की छवि पूरी तरह बदल चुकी है



राजनाथ सिंह ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि आज अगर भारत ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर कुछ कहता है, तो पूरी दुनिया उसे कान लगाकर और ध्यान से सुनती है। पीएम मोदी ने विश्व पटल पर भारत का जो मान बढ़ाया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए वो कम है। दुनिया भर में चल रहे युद्धों के कारण पैदा हुए ऊर्जा और खाद्य संकट पर बात करते हुए राजनाथ सिंह ने आगाह किया कि कोई भी देश इससे अछूता नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण महंगाई और संकट आना स्वाभाविक है, लेकिन अब तक पीएम मोदी ने अपनी काबिलियत और बुद्धिमत्ता से भारत को इस संकट की आंच से बचाकर रखा है।

# सात साल में जेल के 950 से अधिक कैदियों की मौत

**90%** मौतें रोगों से

**42** ने की खुदकुशी

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश की जेलों में बीते सात वर्षों के दौरान सलाखों के पीछे बंद 965 कैदियों की मौत हुई है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार इनमें से 923 कैदियों ने बीमारियों के कारण दम तोड़ा, जबकि 42 कैदियों ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाया। जेलों के भीतर हो रही इन मौतों के पीछे सबसे बड़ा कारण क्षमता से अधिक कैदियों का भरा होना और ट्रायल की धीमी रफ्तार को माना जा रहा है। मध्य प्रदेश की जेलों में क्षमता से 47 प्रतिशत अदिक कैदी अभी बंद हैं। खासकर राच्य की 11 सेंट्रल जेलों की स्थिति चिंताजनक है, जहाँ 15 हजार कैदियों को रखने की जगह है लेकिन वहां लगभग 25 हजार कैदी रखे गए हैं जो उनकी कुल क्षमता का 165 प्रतिशत है।




**मध्य प्रदेश जेलों में कैदियों की स्थिति (2019-2025)**

| विवरण | सांख्यिकी / आंकड़े |
|---|---|
| कुल मौतें (7 वर्षों में) | 965 |
| बीमारी से मौतें | 923 |
| आत्महत्या के मामले | 42 |
| जेलों की कुल क्षमता (सेंट्रल जेल) | 15,096 |
| वर्तमान कैदी संख्या (2025) | 24,901 |
| कार्य क्षमता का प्रतिशत | 165 प्रतिशत अधिक |
| विचाराधीन कैदी | लगभग 60 प्रतिशत |
| सर्वाधिक मृत्यु दर | वर्ष 2021 में 160 मौतें |

### साठ फीसदी कैदी विचाराधीन

जेल विभाग के रिटायर अफसरों का मानना है कि इस बदहाली के लिए केवल जेल प्रशासन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। पूर्व जीपी के अनुसार पुलिस अक्सर उन मामलों में भी गिरफ्तारियां कर लेती है जिनमें 7 साल से कम की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा कोर्ट से जमानत मिलने में देरी और अभियोजन पक्ष की सुस्ती के कारण भी जेलों में अंडरट्रायल यानी विचाराधीन कैदियों की संख्या 60 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गई है। जेल में अस्पतालों की लचर व्यवस्था और सुरक्षा गार्डों की कमी ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। जानकारी के मुताबिक जेलों में पर्याप्त मेडिकल और पैरा मेडिकल स्टाफ नहीं है। ऐसे में जब किसी कैदी की तबीयत च्यादा बिगड़ती है तो उसे अस्पताल ले जाने के लिए पुलिस एस्कॉर्ट भी समय पर नहीं मिल पाती है। पुलिस अक्सर बल की कमी का हवाला देकर गार्ड देने से मना कर देती है, जिससे इलाज में देरी होती है और कैदी की जान चली जाती है। साल 2021 में कोरोना काल के दौरान यह आंकड़ा अपने उच्चतम स्तर 160 पर पहुंचा था।

# धुरंधर-2 द रिवेंज ने दुनियाभर में कमाई से तोड़ा बॉलीवुड का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर-2 19 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और पहले दिन यहां तक कि उसके एक दिन पहले पेड प्रीव्यू से ही फिल्म धुआंधार कमाई कर रही है। फिल्म का अब तक का टोटल कलेक्शन और एक दिन में फिल्म ने बॉलीवुड की सभी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

सैकनिल्क के मुताबिक, 102 करोड़ से ज्यादा के कलेक्शन के साथ ओपनिंग करने वाली धुरंधर 2 ने दूसरे दिन 80.72 करोड़ का कलेक्शन किया और तीसरे दिन इसने जबरदस्त 113.02 करोड़ का कलेक्शन करते हुए बॉक्स ऑफिस पर हल्ला बोल दिया है। पेड प्रीव्यू के 43 करोड़ मिलाकर फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर इंडिया नेट कलेक्शन टोटल 339.29 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो धुरंधर 2 ने ऐतिहासिक कमाई की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन (पेड प्रीव्यू को मिलाकर) 237 करोड़ के लगभग वर्ल्डवाइड कमाई की है, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

धुरंधर 2 ऐसा करने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है। धुरंधर द रिवेंज (2026) आदित्य धर द्वारा निर्देशित एक हाई-स्टेक्स, 4 घंटे की हिंदी स्पाई एक्शन-थ्रिलरफिल्म है, जिसमें रणवीर सिंह ने अंडरकवर एजेंट हमजा अली मजारी की भूमिका निभाई है। 2025 में आई इसकी पिछली फिल्म के बाद, इस सीक्वल में कलाकारों की एक विशाल टोली है और इसने पाकिस्तान की पृष्ठभूमि पर आधारित अपनी दमदार, देशभक्ति से भरी कहानी के दम पर बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

### सिवनी में टोलकर्मियों को वाहन रोकना पड़ा भारी

# निहंग सिखों ने टोल पर डंडों से की मारपीट, प्रभारी घायल

**जागरण, सिवनी।** जबलपुर-नागपुर नेशनल हाईवे (एनएच)-44 पर जिले के लखनादौन थाना अंतर्गत मड़ई टोल में निहंग सिखों के तीन वाहन रोकना टोल कर्मियों को भारी पड़ गया। टोल भरने की बात पर निहंग सिखों व कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान कार से उतरकर कुछ निहंग सिखों ने टोलकर्मियों से मारपीट कर दी। इसके बाद कार में सवार होकर निहंग सिखों का जत्था रवाना हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं। निहंग सिखों का जत्था पंजाब से महाराष्ट्र के नांदेड़ जा रहा था, जो सुबह 9.40 मड़ई टोल में तीन वाहनों में सवार होकर पहुंचा था। टोलकर्मियों का आरोप है कि निहंग सिखों ने बगैर टोल का भुगतान किए वाहन निकालने का प्रयास किया, इस दौरान बूम बैरियर तोड़कर जाने का प्रयास किया। रोकने पर कार सवार निहंग सिखों ने गाली-गलौज की। इसके बाद विवाद बढ़ गया। कार से उतरकर पांच-छह निहंग सिखों लोगों ने टोल प्रभारी मुनेश सिंह बघेल से मारपीट शुरू कर दी। तलवार की मूठ, बेसबाल डंडों, लात-घूंसों से मारपीट की गई, जिससे मुनेश घायल हो गया। अन्य कर्मियों के आने के बाद निहंग सिख महाराष्ट्र की ओर भाग निकले।



### वित्तीय अनियमितताओं पर जांच रिपोर्ट तलब

**जबलपुर।** कटनी जिला कोषालय में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र एवं सार्वजनिक धन के गबन के आरोपों की उचित जांच नहीं करने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने पिछली सुनवाई के दिए आदेश के तहत जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा। ऐसा नहीं होने पर 27 अप्रैल को जिला कोषालय अधिकारी को उपस्थित होने के निर्देश दिए।

# पत्नी गई मायके तो पति ने कट्टे से उड़ाई अपनी गर्दन

### फसल काटने 5 दिन पहले हैदराबाद से लौटा था भिंड



रवि शाक्य

**जागरण, भिंड।** प्रदेश के भिंड में 35 साल के एक युवक ने अपनी गर्दन पर कट्टे से फायर कर लिया। गोली की आवाज सुनकर दूसरे कमरे में मौजूद मां और भाई उसके पास पहुंचे तो वह लहूलुहान हालत में पड़ा था, उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला देहाता थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, कुसमरा गांव का रहने वाला रवि शाक्य हैदराबाद में किसी होटल में काम करता था। पांच दिन पहले ही वहां से फसल काटने के लिए लौटा था। भाई मुकेश ने बताया कि दोपहर के समय रवि उसके साथ फसल काटने गया था। वहां से लौटने के बाद अपने कमरे में चला गया। इसके बाद रात में गोली चलने की आवाज आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कमरा खुला हुआ था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। युवक हैदराबाद में खाना डिलीवर करने का काम करता था। शुरुआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### हाईकोर्ट ने उप पंजीयक पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

**जागरण, ग्वालियर।** हाईकोर्ट की ग्वालियर एकल पीठ ने अवमानना प्रकरण में सख्त रुख अपनाते हुए उप पंजीयक मानवेंद्र भदौरिया पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने नोटिस मिलने के बावजूद जवाब पेश न करने को गंभीर लापरवाही मानते हुए यह दंड लगाया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय भी दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी। मामला वार्ड 66 स्थित बड़ोरी गांव की एक संपत्ति से जुड़ा है, जिस पर पूर्व में हाईकोर्ट द्वारा क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद संपत्ति का विक्रय कर दिया, जिसके बाद याचिकाकर्ता उम्मेद सिंह ने अवमानना याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान अदालत ने उप पंजीयक सहित कुल पांच लोगों को अवमानना का दोषी पाया था और सभी को दंड के निर्धारण के लिए तलब किया था। इस बीच जानकारी दी गई कि 6 मार्च 2026 के आदेश के खिलाफ कुछ पक्षकारों ने डिवीजन बेंच में अवमानना अपील दायर की है। डिवीजन बेंच ने 17 मार्च को आदेश के प्रभाव पर रोक लगाते हुए निर्देश दिए हैं कि संबंधित पक्षों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई फिलहाल न की जाए।

**खुलासा** — ग्लोबल टेररिस्ट इंडेक्स में चौंकाने वाला खुलासा

# आतंकी घटनाओं में 42% नाबालिग शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया में कट्टरपंथ कम उम्र से ही बढ़ रहा है और तेजी से फैल रहा है, साथ ही इसका पता लगाता और भी कठिन हो रहा है। पश्चिमी देशों में आतंकी मामलों की सभी जांच में अब नाबालिगों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है। ऑनलाइन प्रोपगेंडा, आइसोलेशन और मनोवैज्ञानिक आघात बच्चों को अभूतपूर्व गति से चरमपंथी विचारधारा की ओर खींच रहे हैं, जिससे भर्ती की समय सीमा महीनों से घटकर हफ्तों में आ गई है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2026 से पता चलता है कि यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आतंकी मामलों की सभी जांच में नाबालिगों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो मात्र तीन वर्षों में तीन गुना वृद्धि है। यह बदलाव जितना तीव्र है, उतना ही संरचनात्मक भी है, क्योंकि कट्टरपंथ का ग्राफ महीनों से घटकर हफ्तों में आ गया है, जो बचपन के आघात के शोषण सहित कई कारकों से प्रेरित है।



### 87 प्रतिशत नाबालिग मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार के शिकार

रिपोर्ट में युवा कट्टरपंथ के रुझान शीर्षक के तहत कहा गया है, कट्टरपंथ की औसत समयसीमा में नाटकीय रूप से कमी आई है, अब यह कुछ ही हफ्तों में घटित हो सकती है, जिसका कारण ऑनलाइन प्रचार सामग्री, एल्गोरिदम द्वारा प्रभाव और युवाओं की विकासात्मक कमजोरियों का शोषण है। कट्टरपंथी बन चुके 87 प्रतिशत नाबालिगों का इतिहास उपेक्षा या मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार से जुड़ा है, जबकि 77 प्रतिशत परित्याग का शिकार हुए हैं। ये कट्टर विचारधारा वाले लोग नहीं हैं, बल्कि भावनात्मक रूप से कमजोर बच्चे हैं जिन्हें उनकी कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए बनाए गए चरमपंथी जाल में फंसा लिया गया है।

### 93% हमले अकेले हमलावरों ने किए

नाबालिगों की संख्या तो बहुत है, लेकिन वे अकुशल हैं, जैसा कि घातक हमलों की संख्या में वृद्धि के बजाय हमलों के प्रयासों की बढ़ती संख्या से स्पष्ट होता है। आंकड़ों से पता चलता है कि उग्रवाद भी एक अकेले व्यक्ति द्वारा किया जाने वाला काम है। पिछले पांच वर्षों में, पश्चिम में 93 प्रतिशत हमले अकेले हमलावरों द्वारा किए गए, यही पैटर्न युवाओं के मामलों में भी दिखाई देता है। जीटीआई का कहना है कि यह एक उभरता हुआ संकट है और इससे भी बढ़कर यह एक जनसांख्यिकीय प्रक्रिया का प्रारंभिक चरण है जो दशकों तक वैश्विक सुरक्षा को आकार देगा, ऐसे हमलावरों को जन्म देगा जिनकी वैचारिक सीमाएं धुंधली हो जाती हैं और जिनके लामबंदी चक्र संस्थानों की निगरानी करने की क्षमता से कहीं अधिक तेजी से चलते हैं।

# ईरान युद्ध: अब तक अमेरिका ने गंवाए 75 अरब 20 करोड़ रुपए



अल सदर और अल रुवायस (यूएई) के रडार ठिकानों पर हुआ नुकसान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों से जंग के पहले दो हफ्तों में करीब 800 मिलियन डॉलर (करीब 75 अरब 20 करोड़) का नुकसान हुआ। बीबीसी के विश्लेषण के अनुसार, इस नुकसान का बड़ा हिस्सा पहले हफ्ते में ईरान की ओर से किए गए जवाबी हमलों में हुआ जब अमेरिका और इसराइल ने जंग छेड़ी थी। क्षेत्र में अमेरिकी संसाधनों पर ईरानी हमलों से हुए कुल नुकसान की पूरी तस्वीर अभी साफ नहीं है। लेकिन अमेरिकी सैन्य ढांचे को हुए अनुमानित 80 करोड़ डॉलर का नुकसान दिखाता है कि जैसे-जैसे संघर्ष लंबा खिंच रहा है, अमेरिका को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

### पेंटागन मांग रहा 200 अरब डॉलर

रिपोर्ट के अनुसार रक्षा विभाग के अधिकारियों ने कांग्रेस को बताया कि युद्ध के पहले छह दिनों में 11.3 अरब डॉलर का खर्च आया। सीएसआईएस के अनुसार पहले 12 दिनों में यह खर्च 16.5 अरब डॉलर हो गया। पेंटागन इस युद्ध के लिए 200 अरब डॉलर की अतिरिक्त फंडिंग की मांग कर रहा है।

# पुलिस ने कार से पकड़ा एक करोड़ का कैश, 20 लाख लेकर कारोबारी को छोड़ा

## सिवनी के बाद गुना में भी खाकी पर लगा हवाला का दाग

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में भी सिवनी के हवाला लूट कांड जैसा सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार को इस मामले का भंडाफोड़ हुआ है। गुना के धरनावदा थाना और रूठियाई चौकी के पुलिस स्टाफ ने हाईवे पर चेकिंग के दौरान एक कार से करीब 1 करोड़ रुपए की नगदी पकड़ी। इसके बाद पुलिस स्टाफ ने मामला रफा-दफा करने के लिए 20 लाख रुपए लेकर गुजरात के कारोबारी को छोड़ दिया। घटनाक्रम गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात का बताया जा रहा है, जब नेशनल हाईवे-46 पर रूठियाई चौकी के पास पुलिस की टीम वाहनों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान गुजरात नंबर की एक सफेद स्कॉर्पियो को रोका गया। तलाशी के दौरान गाड़ी के अंदर 1 करोड़ रुपए का कैश था। आरोप है कि इस कार में सवार कारोबारी से पुलिस वालों ने 20 लाख रुपए लेकर बाकी 80 लाख लौटाकर चलता कर दिया।



### गुजरात के आईपीएस के फोन से खुली पोल

इस पूरे खेल का भंडाफोड़ उस समय हुआ जब गुजरात के एक आईपीएस अधिकारी ने गुना पुलिस द्वारा की गई इस लूट की सूचना एमपी पुलिस के एक आला आईपीएस अफसर को दी। वहां से इस घटना के बारे में जिले के एसपी अंकित सोनी को बताया गया। इसके बाद धरनावदा थाना पुलिस ने व्यापारी से वसूली गई 20 लाख की रकम आनन-फानन में वापस लौटाई। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद एसपी ने जांच का जिम्मा राघौगढ़ की एसडीओपी दीपा डोडवे को सौंपा है। शनिवार शाम को आदेश मिलते ही उन्होंने इस घटना की पड़ताल शुरू भी कर दी है। एसडीओपी के अनुसार इस घटना को लेकर अब इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस मामले में धरनावदा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रभात कटारे, रूठियाई चौकी प्रभारी एएसआई साजिद हुसैन समेत कई पुलिसकर्मियों के नाम सामने आए हैं। इन सभी के खिलाफ जांच के बाद निलंबन के साथ ही एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है।

### आला अफसरों को भी नहीं दी घटना की सूचना

नियम के अनुसार इतनी बड़ी रकम की जानकारी आयकर विभाग और वरिष्ठ अधिकारियों को दी जानी थी, लेकिन मौके पर मौजूद टीम ने इसकी जानकारी अपने आला अफसरों को नहीं दी। जानकारी के मुताबिक जिस व्यापारी से 20 लाख की रकम छीनी गई थी, वह जीरे का कारोबारी है और यूपी एवं एमपी से कलेक्शन के बाद अपनी स्कॉर्पियो से वापस गुजरात लौट रहा था। इस मामले पर गुना एसपी अंकित सोनी के अनुसार गाड़ी मालिक ने फिलहाल इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है और वह खुद भी घटना से इनकार कर रहा है, लेकिन इस मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इससे पहले एमपी के सिवनी जिले में 3 करोड़ के हवाला की रकम की लूट के आरोप भी पुलिस पर लगे थे। इस मामले में एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिसकर्मी अब तक जेल में हैं। सिवनी कांड के आरोपियों पर डीजीपी के निर्देश के बाद डकैती जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

# बारिश-ओले का दौर खत्म, अब दिन होंगे गर्म व रातें रहेंगी ठंडी

## अगले तीन दिनों में पांच डिग्री चढ़ेगा पारा

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश में बारिश और ओले का दौर खत्म होने के बाद एक बार फिर लोगों को गर्मी सताएगी। मौसम विभाग के अनुसार रविवार से तापमान में तेजी का दौर शुरू होगा और दिन के समय अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों के भीतर पांच डिग्री तक का इजाफा हो जाएगा। इसके कारण लोगों को दिन के समय गर्मी और तेज धूप का सामना करना होगा। हालांकि अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में अधिक बदलाव नहीं होगा, जिससे रात के समय लोगों को गर्मी परेशान नहीं करेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रदेश के अधिकांश इलाकों में आसमान पर बादल छाए रहे, लेकिन कहीं भी बारिश या ओलावृष्टि की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार रविवार से तापमान में तेजी का दौर शुरू होगा और बादल छंटने तथा आसमान साफ होने से लोगों को तेज धूप का सामना करना होगा। हालांकि रविवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के अलावा भोपाल, विदिशा, रायसेन और सागर में बादल छाए रहेंगे, जबकि शेष इलाकों में सूरज चमकेगा।

### बारिश व ओले गिरने से नीचे आया तापमान

प्रदेश के कई इलाकों में इस सप्ताह की शुरुआत में तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया था। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के कारण कई जिलों में बारिश और ओले गिरने के बाद तापमान में तेजी से गिरावट आई। शनिवार को रायसेन, खरगोन, खंडवा, नरसिंहपुर आदि जिलों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 35 डिग्री के नीचे ही रहा। राजधानी भोपाल में शनिवार को अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान केवल 14.3 डिग्री रहा। इसके अलावा दतिया, ग्वालियर, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, छतरपुर, रीवा, सतना, सीधी, सिवनी, टीकमगढ़ और उमरिया में अधिकतम तापमान 30 डिग्री के नीचे बना रहा। प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी शनिवार को सबसे ठंडा रहा, यहां अधिकतम तापमान केवल 25.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

### 26 मार्च से फिर बदलेगा मौसम

26 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के कारण प्रदेश के तापमान में फिर से गिरावट का एक दौर आ सकता है। फिलहाल यह विक्षोभ पाकिस्तान में एक्टिव है और धीरे-धीरे प्रदेश की तरफ बढ़ रहा है। इसकी वजह से आगामी 26 मार्च के बाद अधिकतम तापमान में तेजी से गिरावट होने के साथ ही बारिश होने के भी आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के बाद अप्रैल की शुरुआत तीखी गर्मी के साथ होगी और उस समय पारा 40 डिग्री को पार कर जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी पर पीएम पद की शपथ लेंगे शाह

**काठमांडू, जेएनएन।** राम नवमी पर बालेंद्र शाह नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। एक सिंबॉलिक मैसेज के तौर पर देखा जा रहा है कि नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के 35 साल के नेता बालेंद्र शाह 27 मार्च को राम नवमी पर नेपाल के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। यह तब हो रहा है, जब उन्होंने हाल ही में हुए नेपाल चुनावों के लिए अपना कैंपेन जनकपुर से शुरू किया था, जिसमें उनकी पार्टी ने बड़े अंतर से जीत हासिल की थी, जिसे सीता का जन्मस्थान माना जाता है। रामायण के सिंबॉलिज्म को बार-बार याद करने के इस कदम ने हिंदू-बहुल हिमालयी देश में सोशल मीडिया पर पहले ही काफी चर्चा पैदा कर दी है, जहां भगवान राम पूजनीय हैं। शाह नेपाल के दक्षिणी तराई क्षेत्र के मधेशी भी हैं, जहां जनकपुर स्थित है।

### शो से पहले सामान जब्त, राशि जमा की तो हुआ आयोजन

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में नगर निगम टीम की सख्ती देखने को मिली है। दरअसल पंजाबी सिंगर करण औजला के शनिवार रात इंदौर में शो से पहले इंदौर नगर निगम की टीम कार्यक्रम स्थल पहुंची और साउंड का सामान जब्त कर ट्रकों में भर दिया। वजह थी शो का मनोरंजन कर नहीं जमा करना। मौके पर पहुंचे निगमकर्मी स्टेज पर चढ़े और सामान ट्रक में भरने लगे। इस बीच आयोजकों को जानकारी लगी तो वे मौके पर पहुंचे और वजह जानी। हालांकि इसके बाद निगम को आयोजकों ने कर जमा किया।जानकारी के अनुसार पंजाबी पॉप स्टार करण औजला 11 शहरों के म्यूजिकल टूर 'पी-पॉप कल्चर पर हैं। उन्होंने शनिवार रात शहर में लाइव परफॉर्म किया। औजला शुक्रवार देर रात इंदौर पहुंच गए थे। आयोजन बायपास स्थित सी 21 ग्राउंड पर हुआ। उन्होंने पहली बार इंदौर में प्रस्तुति दी।

### पांच साल के मासूम के सामने मां ने खाया जहर

**जागरण, गुना।** बमोरी थाना क्षेत्र के ग्राम आंतरसूना में एक 26 साल की महिला ने पांच साल के बेटे के सामने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की बड़ी बहन ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए मारपीट और मानसिक प्रताड़ना को मौत का कारण बताया है। ग्राम आंतरसूना की राधा लोधा पति तेज सिंह लोधा ने बीते गुरुवार की रात करीब 11 बजे अपने घर पर जहरीले पदार्थ खा लिया था। गंभीर हालत में उसे गुना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान शनिवार 21 मार्च की सुबह करीब 4 बजे उसने दम तोड़ दिया।

# महुआ बीनने गए युवक पर बाघ का हमला, पेट के नीचे का हिस्सा खाया

**जागरण, बालाघाट।** जिले के लालबर्रा वन परिक्षेत्र में बाघ ने ग्रामीण को अपना शिकार बना लिया। आदमखोर बाघ ने मृतक के शरीर के निचला हिस्सा खा डाला। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि बरघाट क्षेत्र के ग्राम अंचीवाड़ा निवासी अशोक उईके महुआ बीनने जंगल में वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 426 के करीब गया था। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला कर दिया। अंधेरा होने के बाद भी वह घर नहीं लौटा तो परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में निकले। एक महुआ के पेड़ के नीचे उसका थैला, चप्पल और खून से सना गमछा मिला। आगे बढ़ने पर नाले के पास अशोक का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। ग्रामीणों ने जंगली जानवरों के डर के बीच रात भर शव की रखवाली की। शनिवार सुबह पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच पंचनामा बनाया। युवक का शिकार करने वाला बाघ वहीं झाड़ियों में छिपे रहा और रेस्क्यू टीम और ग्रामीणों पर भी दो बार हमले का प्रयास किया। इसके चलते बड़ी मशक्कत के बाद शव को सुरक्षित जंगल से बाहर निकाला गया। माना जा रहा है कि सोनेवानी अभ्यारण्य से भटक कर बाघ यहां पहुंचा है। वन विभाग द्वारा मृतक के परिवार को अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 20 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। शासन के नियमानुसार जांच के बाद पीड़ित परिवार को 8 लाख रुपए की राहत राशि दी जाएगी।



# थ्रेसर मशीन के बेल्ट में फंसा हाथ, मौत

**जागरण, झाबुआ।** जिले के चवरापाड़ा गांव में शनिवार को गेहूं निकालने के दौरान मशीन मालिक थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गया। इस दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मूल रूप से राजस्थान के सीकर जिले का निवासी था, जो यहां एक किसान के खेत पर गहाई का कार्य कर रहा था।

जानकारी अनुसार मूलचंद वर्मा अपनी थ्रेसर मशीन से गेहूं निकाल रहा था, तभी अचानक उसका हाथ मशीन के चलते हुए बेल्ट की चपेट में आ गया। बेल्ट में फंसने के कारण हाथ शरीर से अलग होकर मशीन के भीतर खिंच गया। इस भीषण चोट के चलते मूलचंद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही करवड़ चौकी प्रभारी प्रहलाद सिंह चुंडावत और विजेंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# पति-पत्नी ने 3 राज्यों के 12 शहरों में कर डालीं 57 चोरियां, सलाखों के पीछे पहुंचे

**जागरण, ग्वालियर।** फिल्म बंटी-बबली की तरह चोरी करने वाले पति-पत्नी को ग्वालियर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पति-पत्नी की इस जोड़ी की 3 राज्यों को तलाश थी। यह दोनों शातिर तरीके से अब तक 3 राज्यों के 12 बड़े शहरों में कुल 57 जगह हाथ साफ कर चुका है। दोनों इतने शातिर थे कि कई बार वारदात को अंजाम देकर पुलिस के सामने से ही निकल जाते थे। इनके पास से पुलिस ने 17 लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवर और दो लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। ग्वालियर से गिरफ्तार पति-पत्नी अरविंद रजक (32) और ज्योति रजक (30) अब तक मध्यप्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश




और गुजरात के 12 से ज्यादा शहरों में चोरियां कर चुके हैं। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी हर वारदात में 3 बाइक का इस्तेमाल करते थे। एक बाइक से सूने मकानों की रेकी कर रात को दूसरी बाइक से वारदात को अंजाम देने पहुंचते थे। पति चोरी करता था और पत्नी मदद करती थी। फिर रास्ते में बाइक बदलकर पत्नी को बैठाकर आसानी से फरार हो जाते थे। बाइक बदल जाने और महिला होने से पुलिस कैमरों के फुटेज देखकर भी शक नहीं कर पाती थी। एक और खास बात, ये दोनों केवल ज्वेलरी और नकदी पर ही ज्यादा ध्यान देते थे। इससे भी वे पकड़ में नहीं आते थे। मगर ग्वालियर के महाराजपुरा इलाके में ही एक के बाद एक 6 वारदातों ने पुलिस पर दबाव बढ़ा दिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने संदिग्ध मूवमेंट को ट्रैक किया। इसमें दोनों का चेहरा सामने आ गया। पतिप पर झांसी, ग्वालियर, सीहोर, होशंगाबाद, रायसेन, भिंड-मुरैना और गुजरात के कई शहरों में कुल 56 मामले दर्ज हैं।

## अवैध रेत उत्खनन के दौरान माइनिंग टीम आने की सूचना से मची अफरा-तफरी

# रेत से भरा ट्रैक्टर पलटा, 8 मजदूर हुए घायल, तीन की हालत नाजुक

**जागरण, शहडोल।** जिले में रेत का ठेका नहीं होने का नतीजा लगातार हादसों के रूप में सामने आ रहा है। ताजा मामला शहडोल संभागीय मुख्यालय से लगे सोहागपुर थाना क्षेत्र के बिजौरी का है, जहां अवैध रेत उत्खनन के दौरान माइनिंग टीम के आने की सूचना मिलते ही भगदड़ मच गई और रेत से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर में सवार 8 मजदूर घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत नाजुक है। सभी घायलों का इलाज जिले के निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में अमन बैगा, दैय्या 50 वर्ष, रनिया, बुदनी, शनि 17 वर्ष, संतु 16 वर्ष, गणेश और सूरज 24 वर्ष शामिल हैं। हादसे के बाद रेत माफिया और सहयोगियों ने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए घायलों को जिला अस्पताल न ले जाकर सीधे संभाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार गणेश समेत तीन मजदूरों की हालत बेहद गंभीर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजौरी स्थित नदी से लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन जारी है। घटना के समय भी मजदूर ट्रैक्टर में रेत लोड कर रहे थे। तभी माइनिंग टीम की कार्रवाई की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान मजदूरों से भरा ट्रैक्टर तेजी से भागने लगा, लेकिन चालक संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर पलट गया, जिससे मजदूर उसकी चपेट में आ गए।



### पहले भी सामने आ चुके हैं मामले

गौरतलब है कि शहडोल जिले के सभी नदी-नालों से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन बेखौफ जारी है। सबसे बड़ी बात यह है कि संभागीय मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय और निवास होने के बावजूद यह काला कारोबार खुलेआम चल रहा है। पहले भी रेत माफिया के कारण कई गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें एक पटवारी और एक पुलिस एएसआई की कुचलकर मौत तक हो चुकी है, जबकि कई बार तहसीलदार, फॉरेस्ट और माइनिंग टीम पर हमले भी हो चुके हैं। इसके बावजूद पुलिस और संबंधित विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम नजर आ रहे हैं। प्रशासन की लापरवाही का नतीजा यह है कि अवैध रेत खनन का कारोबार अब लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है।

### मंडला में पुलिया से बाइक गिरी, चार युवकों की मौत

**जागरण, मंडला।** प्रदेश में मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। यह घटना भैंसवाही गांव के पास हुई, जहां एक बाइक पुलिया से नीचे गिर गई। पुलिस के अनुसार बाइक पर चार युवक सवार थे। पुलिया से गिरने के कारण सभी चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 और बीजाडांडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को बीजाडांडी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बीजाडांडी थाना प्रभारी अनिता कुडापे ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शवों को स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया है और मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।

# हाई कोर्ट : चुनाव याचिका खारिज करने विधायक अभय मिश्रा का आवेदन किया निरस्त

**जबलपुर।** रीवा जिला की सेमरिया विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा को हाईकोर्ट से झटका लगा है। उनके निर्वाचन को चुनौती देते हुए दायर की गयी चुनाव याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज करने से इंकार कर दिया है। हाईकोर्ट जस्टिस विनय सराफ की एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि याचिका में उठाये गये मामले को ट्रायल के दौरान ही तथ्यो व साक्ष्यो पर परखा जा सकता है। रीवा जिला की सेमरिया विधानसभा सीट पर साल 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के पराजित उम्मीदवार के पी त्रिपाठी ने निर्वाचित कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की गयी थी। कांग्रेस विधायक ने चुनाव याचिका खारिज किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में आवेदन दायर की गया था। आवेदन की सुनवाई के दौरान एकलपीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता का आरोप है कि निर्वाचित विधायक के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज है। चुनाव के हलफनामा में कोई अपराध दर्ज होने की जानकारी नहीं दी है।

इस संबंध में याचिकाकर्ता ने सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी प्रस्तुत की गयी थी। अनावेदक विधायक की तरफ से तर्क प्रस्तुत किया गया कि निर्वाचन पत्र प्रस्तुत करते हुए उनके खिलाफ कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नही था।

याचिकाकर्ता की तरफ से यह भी आरोप लगाये गये है कि निर्वाचित विधायक ने अपने हलफनामा में आर्थिक जानकारी भी छुपाई है। उनके नाम पर एचडीएफसी बैंक में 50 लाख 87 लाख रूपये का लोन बकाया है। अनावेदक विधायक की तरफ से तर्क दिया गया कि लोन मेसर्स अभय मिश्रा कॉन्ट्रैक्टर ने नाम पर लिया गया था। अनावदेक निर्वाचित विधायक उसके पार्टनर थे परंतु 2008 में रिटायर हो गये थे। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि बैंक स्टेटमेंट की कॉपी में अनावेदक अभय मिश्रा का नाम बॉरोअर के तौर पर दिखाया गया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि अनावेदक विधायक ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में आय का स्त्रौत पेंशन व सैलरी बताया था। उन्होने पेंशन व सैलरी प्राप्त होने वाले प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की डिटेल्स नहीं दीं है। याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि उक्त कंपनियों के डायरेक्टर पद से उन्होने इस्तीफा दे दिया है और कंपनी एक्ट के प्रोविजन के तहत मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स को इसकी जानकारी दे दी गई थी।

एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिका में नामांकन पत्र के साथ दायर हलफनामा में जरूरी जानकारी छिपाने के बारे में खास बातें कही हैं। चुनाव याचिका में लगाये गये आरोप सही पाये जाते है तो विजयी उम्मीदवार का चुनाव निरस्त किया जा सकता है। ट्रायल के दौरान साक्ष्यो व तथ्यो का परीक्षण किये बिना उसे खारिज नहीं किया जा सकता है।

एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि उक्त चुनाव याचिका जनवरी 2024 में दायर की गयी है। अभी तक अनावेदक की तरफ से लिखित जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। एकलपीठ ने अनावेदक विधायक को चार सप्ताह में जवाब पेश कराने के निर्देश जारी किये है।

## सुखद अमेरिकी रिपोर्ट में भारत को लेकर बड़ा दावा, उच्च-आय वाले राष्ट्रों में हो सकता है शामिल

# 2047 तक समृद्ध और धनवान बन जाएगा भारत: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यदि भारत लंबी अवधि में सात प्रतिशत की मजबूत दर से आगे बढ़ता है, तो वर्ष 2047 तक देश एक समृद्ध और धनवान राष्ट्र बन सकता है। वाशिंगटन एक्जामिनर की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत का ग्रोथ रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है और यह औसतन सात प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

**उच्च-आय वाले राष्ट्रों में शामिल होगा भारत:** विश्लेषण में कहा गया है यदि देश अगले 20 वर्षों तक इस विकास दर को बनाए रख सकता है, तो भारत उच्च-आय वाले राष्ट्रों में शामिल हो जाएगा। अभी 15 हजार डॉलर वार्षिक प्रति व्यक्ति आय वाले देशों को उच्च आय वाले राष्ट्र कहा जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत इस दीर्घकालिक विकास गति को बनाए रख सकता है और मध्य-आय जाल से बच सकता है, जिसने ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किए जैसे देशों को बाधित किया है।

### युवा पीढ़ी बनाएगी विकसित भारत

भारत की जनसंख्या को एक प्रमुख संरचनात्मक लाभ के रूप में पहचाना गया है और यह दुनिया की सबसे युवा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जिसकी औसत आयु 28 वर्ष है। अमेरिका में औसत आयु लगभग 38 वर्ष है, जबकि चीन की औसत आयु करीब 41 वर्ष है। अगले दो दशकों में भारत की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कार्यबल में शामिल होगा, जो उत्पादक श्रम की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा और एक बड़े घरेलू उपभोक्ता आधार के विस्तार का समर्थन करेगा। यह जनसांख्यिकीय लाभ बढ़ती उत्पादकता के साथ मिलकर उच्च विकास को बनाए रखने में मदद कर सकता है। रिपोर्ट में वैश्विक सप्लाई चेन में बदलाव को एक प्रमुख अवसर के रूप में बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम अर्थव्यवस्थाएं खासतौर पर अमेरिका सप्लाई चेन में चीन से विविधता ला रहा है और भारत एक प्रमुख वैकल्पिक मैन्यूफैक्चरिंग और निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। भारत का डिजिटल इकोसिस्टम लाखों लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल कर रहा है। रिपोर्ट ने भारत की मजबूत उद्यमिता संस्कृति की बारे में भी बताया गया है जिसे बढ़ते वेंचर कैपिटल इकोसिस्टिम का समर्थन मिल रहा है।



# मानस मंडल में सामूहिक सुंदरकाण्ड हुआ संपन्न



**जागरण, रीवा।** मानस मंडल द्वारा निरंतर जारी सामूहिक मासिक सुंदरकाण्ड पाठ की श्रृंखला में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मार्च माह का पाठ संपन्न हुआ। सर्वप्रथम राम दरबार के समक्ष मंडल अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे, प्रचार सचिव शिव शंकर दीक्षित, संरक्षक सदस्य डीपी सिंह परिहार, पूर्व उपाध्यक्ष पियूष त्रिवेदी, डॉ. एचके पांडे, किर्ती प्रसाद द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मानस मंडल द्वारा विगत तीन वर्षों से प्रति माह सुंदरकाण्ड पाठ का सस्वर गायन सामूहिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान डीपी सिंह परिहार, राम सुशील गुप्ता, नोटरी डीपी सिंह, राम सहाय मिश्रा, जगन्नाथ पांडे, हीरालाल त्रिपाठी, जगजीवन लाल तिवारी, रामनिवास मिश्रा, एलएम मिश्रा, नारायण डिगवानी, बीके मिश्रा, राजशे पांडे, महेश पांडे, राजेन्द्र सोनी, सुनील अग्रवाल, मुनेश मिश्रा, संतोष तिवारी, कृष्ण गोपाल दुबे, नागेन्द्र शुक्ला, कमल शुक्ला, पूनम मिश्रा, मुकुंद मिश्रा, आश ातिवारी, बृजेश तिवारी, संजीव श्रीवास्तव, राममणि मिश्रा, मोहित चतुर्वेदी, जागेश्वर मिश्रा, अमित द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह तिवारी, हीरामन यादव आदि आदि उपस्थित रहे।

# साहित्य सृजन

## मैहर वाली मैं हर दे



मिटे कलुष सब तिमिर निशा सम, आ
जाओ बन हृदय दिवाकर।।
मैहर वाली मैं हर दे गर।।
सौरभ सा मृदुमय रस भर दे वीणा का स्वर झंकृत कर दे
पोर -पोर बन जाए मधुबन -जीवन में ऐसा नित स्वर दे।।
ज्योतिर्मय हो जाए तन मन,अमिट साधना भर दे भीतर।
फिर जीवन का पंथ सरल हो, वाणी भी नित -नित निर्मल हो,
कलुष विकारों का क्षय हो नित-और हृदय नित गंगा जल हो।
सदा लक्ष्य की चाह लिए मैं, फिरूं विकल हो कर ज्यों मधुकर।
मैहर वाली मैं हर दे गर।।
भर भर कर अंजली सजाऊं, मां तेरी मैं गली सजाऊं,
कर दे मां उपकार एक यह- गीतों की आवली सजाऊं।
मातु शारदे ऐसा वर दे - लिखे लेखनी गीत मनोहर।
मैहर वाली मैं हर दे गर।।

**राज द्विवेदी 'राज', मैहर**

## गीत हो



तुम कलम मेरी कविता तुम ही मेरी गीत हो
तुम प्रेम हो पूजा मेरी तुम मेरा मनमीत हो
पंक्ति पंक्ति में समाई शब्द की मिठास हो
दिल धड़कन तुम मेरे दिल की ही आवाज हो।
सुर मेरा हो ताल तुम हो तुम मेरा संगीत हो
स्वप्न की सुंदर कड़ी तुम सुनहरी रात हो
मेघ हो गर्जना तुम कोयल की आवाज हो
मैं निरर्थक और एक तुम अर्थ का भंडार हो।
तुम ही विचलित मन मेरा तुम ही तो सुकून हो तुम कड़ी सी धूप हो तुम ही मेरा मानसून हो
तुम अधर की बात मेरी जिंदगी का सार हो तुम मेरी पत्नी हो जानम तुम हृदय का द्वारा हो।
क्या करूं वर्णन तुम्हारा तुम मेरा श्रृंगार हो
तुमसे ही सुशोभित हूँ मैं चांद सा आकार हो
जबसे मैं तुमको पढ़ा है तबसे ही खामोश हूँ
दिख ले तू एक नज़र बस तो सूर्य जैसा तेज हूँ।

**रावेंद्र तिवारी, 'राज'**

## चइत महीना मउसम नसान



रोज उड़ेलइ पथरा पानी। चइत महीना हाला कानी।।
रहिला मसुरी अरसी राई। घेंटी फोरे गइ छितराई।।
मटरा खाले ऊपर माटी। दउवा खेलइ आँसउ नाटी।।
गोहूँ के भइ दुरगति भारी । जवा छपकिगा आरी आरी।।
अरहर अरसी बकसा फोरै। फूल मरा करिया कस लोरै।।
काटइ गहा निकारइ पानी। चइत महीना हाला कानी।।
झरिगें सगलउ आमा बउरा। दऊ मचाए अइसन अउरा।।
लोरइ मूड़े बदरी कारी। रोज मचाबइ मारा -मारी।।
थुरे रहइ सगलउ दिन राता। पथरा पानी फसिल सपाटा।।
पाक- फूट खेती सब लूँड़ा। चरां मवेसी लाखन मूँड़ा।।
चउपट लागै सगल किसानी । चइत महीना हाला कानी।।

**रामसुख सफाया, अँजोरा त्योंथर**

## बेउसम बरसात



दइउ बिन मउसम घुमड़ि-घुमड़ि बरस रहा
बपुरे किसान मरैं चौपट किसानी।
सूपन भरि उलिदि-उलिदि बरस रहा पानी।।
बहै अस बड़ेबर सब फसल उड़ी जाय।
लीपा खरिहान बना चहला अउ गइरी।
झुनुन-झुनुन अरहर के टूटि गईं पइरी।।
मारि दिहिस पाथर सब दीन्हिस झहनाय।
रहिला अउ मसुरी सब खेत मा बिछाने।
आमा अउ महुअउ का तापि गा फलाने।।
गोहूँ के का कही उहौ गा बिथराय।।
दइउ बिन मउसम घुमड़ि-घुमड़ि बरस रहा।

**डॉ. अशोक त्रिपाठी 'माधव',शहडोल**

## माँ का प्यारा दामन



कुछ और नहीं विश्वास है, माँ का प्यारा दामन ।
नाम अनेक हैं काम, करे यह सुत हित पावन ।।
जैसे भूमि बिछौना, सब के हित का होता ।
गगन ओढ़निया वैसे, माँ का आँचल होता ।।
कुछ और नहीं है स्वर्ग, धरा पर माँ का दामन ।
कुछ और नहीं विश्वास है, माँ का प्यारा दामन ।।
आँख कान मुंह नाक के, खातिर बने तौलिया ।
ठंडी, लू, वर्षा, आँधी की, बदल दे होलिया ।।
बचपन का गद्दा है, गोदी, दामन चादर ।
जब घर पर है कोई आता, ओट हो आँचर ।।
शरमाए जब भोला बचपन, आँचल में छुप जाए ।
भूल से भूल हुई या कोई, वस्तु कभी खो जाए ।।
गाँठ बाँध माँ, फिक्र मुक्त हो, पूरी नींद भराए ।
चलता फिरता बैंक कहाता, फुटकर काम कराए ।।
माँ के, आँचल की छाया हो, तो क्या, जग कर पाए ।
सुत की ढाल है,काल कराल, कृपाल भी शीश झुकाए ।।
छाता नही, बड़ा है इससे, जो, सब छाया दे पाए ।
माँ का दामन, मुक्ति का दामन, नित वरदान थमाए ।।

**राकेश मोहन 'रविकर'**

## विश्व कविता दिवस



मैं कोई कविता बनना नहीं चाहती
बनना चाहती हूं हर पृष्ठ का वह कोना
जहां क्रमांक लिखा होता है या कुछ अमिट नाम या
शीर्षक लिखा होता है उसे गढ़ना चाहती हूं।
एक पृष्ठ पर सिमटना मंजूर नहीं कोई पढ़े और पढ़ कर
तुरंत चला जाए हर पृष्ठ पर लिखा हो कुछ ऐसा
सभी उसको पढ़ना चाहे वेदना ऐसी चाहती हूं।
किताब के हर एक पन्ने पर जरूरत महसूस हो
उसको देखना चाहती हूं हर दर्द को महसूस कर
उसे मिटाना चाहती हूं।
काली स्याही के शब्दों के द्वारा उस वेदना को
जो किसी चित्र से उभर कर कलम पर समा जाए निभाना जानती हूं
कर सकूं दूसरों के लिए कुछ निरंतर पढ़ना चाहती हूं।
विश्व की वेदना हो या प्रकृति की वेदना हो
यह इंसान की हो वेदना स्याही के अक्षरों से
अमिट रहना चाहती हूं।।

**डॉ अरुणा पाठक 'आभा', रीवा**

## विश्व वानिकी दिवस



सूखी लकड़ी लाइए,करने को निस्तार।
हरे पेड़ मत काटिए,रखिए यही विचार।।
वन अमूल्य है संपदा,श्रेष्ठ प्रकृति उपहार।
नष्ट किया तो जान लो,होगा हाहाकार।।
कंद-मूल वन से मिलें,जड़ी-बूटियाँ,लाख।
आग लगा मत कीजिए,प्रकृति संपदा राख।।
वन से भोजन पा रहे,जीव-जंतु अविराम।
खाद्य श्रृंखला का करें,पूर्ण रूप से काम।।
प्रकृति चक्र पर्यावरण,जल थल नभ जलवायु।
दूषित होने से घटे,जीव जंतु की आयु।।
वृक्षारोपण ही बना,जीवन का आधार। एक वृक्ष के बीज से,पौधे उगें हजार।।
रिक्त भूमि पर कीजिए,रोपण का नित काम। हरियाली चहुं ओर हो,गढ़ें नया आयाम।।
वन धरती पर घट रहे,दिखता दुष्परिणाम। तापमान बढ़ने लगा,प्रकृति करे कोहराम।।
वन का दोहन बंद हो,अब करिए संकल्प। अग्नि, कटाई,उत्खनन,रोकें खोज विकल्प।।

**आशीष पाण्डेय 'ज़िद्दी', रीवा**

## वो दिन



वो पल हैं याद अब भी, जब देख मुस्कुराये थे,
निशानी प्रेम की अपनी मेरे हाथों में पहनाये थे,
मेरे हाथों में कंगन फूल गुलाबों का लाये थे,
जो हो गई आज दूरी से भी दूर है क्या मजबूरी,
समझ हमको भी आया है,
जो लगा बैठे हो आतुर मन ।

**प्रिन्सू अनिरुद्ध दुबे**

# वतन में खुशहाली और समृद्धि की दुआओं के साथ मऊगंज में मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार



## शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद का जश्न

**मऊगंज ब्यूरो।** राष्ट्र की समृद्धि के लिए दुआओं के साथ देशभर में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जा रहा है। दरअसल मुस्लिम धर्म में ईद को रमजान के पवित्र महीने के समापन का प्रतीक भी माना जाता है। मऊगंज मऊगंज जिले में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह 8.35 बजे ईद की नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचे और जहां पर हमेशा की तरह हिन्दू समुदाय के लोग भी पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान सुबह 08.35 बजे मऊगंज के गोलइदाबरा ईदगाह एवं घुरेहटा मऊ मस्जिद में नमाज अदा की गई। इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद आरिफ ने नमाज अता कराई और लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की और देश की खुशहाली और समृद्धि के लिए दुआ की। इस के बाद लोग हजरत मस्तान दाता रहमतुल्लाह अलैह के दरगाह में जा कर हाजिरी लगाई फिर इसके बाद सभी मुस्लिम समुदाय के लोग हाजी हाफिज अजमत अली शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह के दरगाह माथा टेका। इसके बाद दरगाह के सज्जादा नशीन मोहम्मद अली वारसी द्वारा फातिहा पढ़ी गई और इसके बाद देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई जिसमे मौजूद रहे लोग हाजी यार मोहम्मद, मौलवी बॉक्स अंसारी, सरताज अंसारी, रिजवान सिद्दीकी, ममनून सिद्दीकी, अन्नू पार्षद, गुल मोहम्मद वारसी, लकी वारसी, हसन खान, और सैकड़ों के तादाद में लोगों का आना जाना लगा हुआ था। ईद को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## चाकघाट में मांगी गई अमन और उन्नति की दुआ

**चाकघाट, नि.प्र.।** नगर परिषद चाकघाट एवं आसपास के क्षेत्रों में भी ईद का पर्व अत्यंत ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । विगत 19 फरवरी से रोजा रमजान प्रारंभ होकर पूरे 1 महीने तक चला जिसमें रोजेदारों ने नियम पूर्वक पांचो वक्त की नमाज़ अता करते हुए बड़े ही सौहार्द पूर्ण वातावरण में 21 मार्च को पूरे नगर चाकघाट के मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। इस पर्व पर नगर के नन्हें -मुन्ने बच्चों को देखते ही बन रहा था, रंग-बिरंगे नए लिबास में सजे संवरे अत्यंत ही रोचक लग रहे थे। नगर चाकघाट के मुस्लिम समाज के लोगों ने आपस में एवं बाज़ार लोगों से प्रेम पूर्वक दुआ सलाम करते हुए एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, और इस पर्व को अत्यंत ही खुशहाली पूर्वक मनाया इस अवसर पर उपस्थित रहे लोगों में जनाब मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद हसमत अली सिद्दीकी, अब्बास अली, नसीरुद्दीन, आजाद, नौशाद, हारून, अली अहमद, चांद, गुलाम मुर्तुजा, हाजी अब्दुल आजाद, तौसीफ, हाजी सलीम, पप्पू, मुस्ताक इत्यादि उपस्थित रहे ।

# प्राचीन अड़गड़नाथ में जिला विकास संघर्ष परिषद् ने किया धार्मिक आयोजन



**मऊगंज ब्यूरो।** नव संवत्सर व चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मऊगंज जिले के प्राचीन अड़गड़नाथ (पहाड़ी धनीराम) में जिला विकास संघर्ष परिसद द्वारा धार्मिक आयोजन किया गया है। जिसकी शुरूआत भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, बजरंगबली, व खाटू श्यामजी के स्थित मंदिरों में पूजा अर्चना से हुई। पूजा उपरांत श्री रामचरित मानस के सुंदरकांड के गायन का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट गायक जनार्दन प्रसाद पाण्डेय अधिवक्ता, लालजी गिरी, शैलेन्द्र मिश्रा लालजी, अधिवक्ता शान्तनु विश्वकर्मा के साथ बड़े ही मनमोहक अंदाज में गायन पाठ हुआ। आयोजन के समापन के पूर्व सभी भक्तजनों को भण्डारे का प्रसाद उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक जिला विकास संघर्ष परिसद के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने कहा कि, ऐसे आयोजन मऊगंज जिले भर में कर सामाजिक समरसता व सनातन धर्म के उत्थान व संदेश को पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। आयोजन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व प्राचार्य रामनिश्चय मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा डिघौल, भोला भारती सेमरिया, महेन्द्र मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष अवधिया बबलू, अखिलेश श्रीवास्तव राजू, विनोद पयासी ढेरा, ओमप्रकाश तिवारी, वरिष्ट अधिवक्ता केशरी प्रसाद पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सरकारी रास्ते पर कब्जे का आरोप, राजस्व विभाग की भूमिका पर उठे सवाल

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** जिले के ग्राम छुइरिहा में एक बार फिर सरकारी भूमि पर कब्जे का मामला सामने आया है। आवेदक प्रमोद कुमार पांडेय ने संवाददाता से आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के दर्ज सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों द्वारा कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है, जबकि राजस्व अभिलेखों में यह स्पष्ट रूप से आम रास्ता दर्ज है। मामले से जुड़े दस्तावेज भी सामने आए हैं, जिनमें राजस्व विभाग की जांच और पटवारी प्रतिवेदन कई गंभीर सवाल खड़े करते हैं। आवेदक द्वारा खसरा नंबर 75/2/1/2 से संबंधित भूमि पर सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जा की शिकायत की गई। पटवारी जांच में यह सामने आया कि मौके पर कच्ची मिट्टी से निर्माण कार्य जारी है। ? सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह सामने आया कि संबंधित खसरों (75, 78, 79)का सीमांकन (नक्शा तरमीम) नहीं हुआ है इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि निर्माण किस खसरे में हो रहा है ? स्थानीय स्तर पर यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि बिना सीमांकन के ही 12 डिसमिल, 20 डिसमिल भूमि नापी जा रही है जबकि तीनों ओर सरकारी भूमि मौजूद है।

## नौदुर्गा शक्ति धाम चाकघाट में अनुष्ठान प्रारंभ



**चाकघाट, नि.प्र.।** नगर परिषद वार्ड क्रमांक 1 में स्थित नौदुर्गा शक्ति के पावन अवसर पर बालकृष्ण अरोड़ा द्वारा नौ दिनों तक चलने वाले विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज कल्याण और जन-जागरूकता फैलाना रहा। इस नवदिवसीय अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और माँ दुर्गा की आराधना के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। कायक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन हवन, पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है। नवदुर्गा शक्ति धाम के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के अनुष्ठान न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस आयोजन के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर भी लोग जागरूक होंगे। नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिलेगा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आयेगा। बालकृष्ण अरोड़ा (पप्पू) के द्वारा आयोजित यह नवदिवसीय अनुष्ठान यह सिद्ध कर देगा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी एक सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

# शारदा धाम दुआरी की भागवत कथा में अश्वत्थामा प्रसंग से भावुक हुए श्रद्धालु



**दुआरी, नि.प्र.।** दुआरी स्थित शारदा धाम में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास हरिशंकर मिश्रा शास्त्री ने अपनी अमृतमयी वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को भगवान श्री गिरधर गोपाल के नाम की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया, जिससे पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। कथा के दौरान शास्त्री ने महाभारत का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार अश्वत्थामा ने पांडवों के पुत्रों की सोते समय निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी थी। इस हृदय विदारक कथा को सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। कथा में मुख्य यजमान के रूप में रामप्रसाद दुबे एवं जवाहर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिनमें सुधीर पांडे, कुमरबहादुर सिंह (उमरिहा), रविंद्र अग्निहोत्री, समाजसेवी संतलाल रजक, विक्कू सिंह, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, शंकर सिंह, त्रिवेणी जायसवाल (सरपंच दुआरी), बृजभान पटेल, सुरेश तिवारी, विनोद कुमार पांडे, रहीश अग्निहोत्री, राजीव अग्निहोत्री, जोखूलाल पटेल, राजकिशोर सोनी, रामलखन सिंह, महंगना, जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी, संविदाकार पिंटू पटेल एवं संदीप पटेल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा, जहां श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## न्यूज कार्नर

### अधिवक्ता केबी सिंह की पत्नी का देहावसान

**आंचलिक डेस्क।** जिला न्यायालय रीवा के अधिवक्ता व क्रिकेटर केबी सिंह की पत्नी शालिनी सिंह का गत दिवस निधन हो गया। वह 42 साल की थीं। वह अपने पीछे पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। शालिनी वरिष्ठ अधिवक्ता व सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी राजनिवास सिंह की पुत्रवधू थीं। गंभीर हालत में उन्हें संजय गांधी अस्पताल रीवा से एम्स भोपाल ले जाया गया था, जहां अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मनिकवार वरयांटोला में किया गया। शालिनी के निधन पर अधिवक्ताओं, समाजसेवियों सहित अन्य की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

### आशरीन बानो को मिली पीएचडी की उपाधि



**गुढ़ (नि. प्र)।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा डॉ. आशरीन बानो को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. आशरीन बानो ने समाजशास्त्र विषय में कामकाजी महिलाओं की समस्याएं एवं पारिवारिक समायोजन (रीवा जिले के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोध कार्य उनके मार्गदर्शक डॉ. शाहिदा सिद्दीकी, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ सोशियोलॉजी, शासकीय टीआरएस कॉलेज रीवा के निर्देशन में संपन्न हुआ। डॉ. आशरीन बानो नगर परिषद गुढ़ के पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. एस.बी. सिद्दीकी की पुत्री हैं।डॉ. आशरीन बानो ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता डॉ. एस.बी. सिद्दीकी एवं माता सुबरातन बेगम को दिया है, जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी। पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर उनके परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में सुहानी गुप्ता का चयन



**गुढ़ (नि. प्र)।** सुहानी गुप्ता ने जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा में 92.50 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। सुहानी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वह श्री खरे वैश्य समाज के अध्यक्ष एवं व्यवसाई संजय गुप्ता की पुत्री हैं। सुहानी गुप्ता की इस सफलता पर श्री खरे वैश्य समाज एवं बिरसामुंडा इंटरनेशनल स्कूल के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नारायण दास गुप्ता, गौरव गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अजय गुप्ता, राज गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, तीरथ गुप्ता, आशीष गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, अंकित गुप्ता, आदर्श गुप्ता, लालता प्रसाद तिवारी, दिलीप गुप्ता, उदय गुप्ता, विपिन गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, पूजा मैम, रचना, नीलम, सुधीर सर, शुभम सर, संजय सर एवं ओमप्रकाश सर शामिल रहे।

### सम्यक पब्लिक स्कूल कुठिला में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**त्योंथर ब्यूरो।** जनपद शिक्षा केन्द्र त्योंथर के अन्तर्गत संचालित सम्यक पब्लिक स्कूल कुठिला छात्र अभिभावक सेमिनार एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता संघ त्योंथर के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी पंडित ब्रम्ह नारायण शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनारायण सोनकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संचालक पंकज सोनकर एवं अम्बुज सोनकर रहें। मुख्य अतिथि के द्वारा सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो काफी मनमोहक रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को अनुशासन और शिक्षा के महत्व को मंच के माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### 27 अप्रैल तक आयोजित होंगे गौमाता पूजन एवं संरक्षण कार्यक्रम

**जवा ब्यूरो।** हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर गौ माता पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत अतरैला में बृजवासी गौ रक्षक सेवा संगठन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सज्जन तिवारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौ सेवकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गौ माता को माला पहनाकर, तिलक लगाकर तथा गुड़ और केले का भोग अर्पित कर श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने गौ सेवा के महत्व को समझाते हुए गौ संरक्षण का संदेश दिया गया। गौ पूजन कार्यक्रम में नरसिंह हनुमान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं नरसिंह कुटी आश्रम के पुजारी सुरेंद्र दास तिवारी, समाजसेवी किशोरी लाल मिश्रा, विनय सिंह बघेल, गुलाब चंद्र गुप्ता, अर्जुन सिंह बघेल, गोपाल सिंह, मानस गायक वीरेंद्र द्विवेदी ,राधे श्याम गुप्ता सहित अनेक गौ सेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्षमता संवर्धन करने प्रस्फुटन समितियों को किया प्रशिक्षित




**गुढ़ (नि. प्र)।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशों के परिपालन में कल्पना कल्याण समिति द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण सीएफटी भवन मनिकवार में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात बीपी सिंह, अध्यक्ष कल्पना कल्याण समिति ने प्रस्फुटन समितियों के प्रशिक्षण विषयों पर प्रकाश डालते हुए परिषद की परिकल्पना, सामूहिकता, स्वावलंबन तथा स्वयंसेवी संगठनों के गठन एवं प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात परामर्शदाता मनोज नापित ने ग्राम विकास की अवधारणा एवं समितियों के दस्तावेजीकरण विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए सदस्यों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में में उपस्थित जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार ने अपने संबोधन में जल संरक्षण, समाज सेवा एवं परिषद के उद्देश्यों पर विस्तृत विचार रखे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को ग्राम विकास की अवधारणा तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु प्रेरित किया। सुषमा शुक्ला, ब्लॉक समन्वयक ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जल संरक्षण अभियानों में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों को जल संरक्षण एवं नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर मिट्ठू लाल जायसवाल, बरूणेंद्रमणि त्रिपाठी, राजकुमार गुप्ता, संजीव गुप्ता, कवित्री स्नेहा त्रिपाठी, पूजा मिश्रा, सौरभ पांडे , इंद्रलाल प्रजापति, मनीष दुबे, ऋषि देव सहित पांचों समितियों के सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया सिद्धार्थ का जन्मदिवस



**आंचलिक डेस्क।** त्योंथर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' का जन्मदिन पूरे क्षेत्र में उत्साह साथ मनाया गया। विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने अपने दिन की शुरुआत प्रसिद्ध चिरहुला नाथ मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेकर की। इसके बाद चाकघाट नगर परिषद स्थित हनुमान मंदिर में संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सोहागी, कटरा और गंगतीरा सहित विधानसभा में कई स्थानों पर समर्थकों ने केक काटकर मिठाईयां बांटी। इस मौके पर सिद्धार्थ तिवारी ने क्षेत्र की जनता सहित तमाम शुभ चिंतकों का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित केंद्रीय और प्रदेश के नेताओं ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है।

# संगीतमयी देवी भागवत कथा का रसपान कर रहे कटरावासी



**कटरा, नि.प्र.।** कटरा के नामदेव बस्ती में संगीतमयी देवी भागवत कथा विगत 19 मार्च से चल रही है, कथा का आयोजन रामनरेश गुप्ता के तीनों बेटे विजय गुप्ता, दिनेश गुप्ता एवं बिन्नू गुप्ता के द्वारा किया गया है। कथावाचक पूज्य पंडित प्रभाकर प्रसाद शास्त्री महाराज, श्री धाम वृंदावनोपासक द्वारा संगीतमयी देवी भक्ति रस की वर्षा की जा रही है। कथा आयोजक विजय गुप्ता ने सभी धर्म अनुरागी बंधुओं, भाइयों माताओं बहनों से अनुरोध किया है कि देवी भागवत कथा में पहुंचकर हमें सेवा का अवसर प्रदान करें एवं आशीर्वाद देकर हमें अनुग्रहित करें, श्री गुप्ता ने बताया कि भंडारा एवं प्रसाद वितरण 28 मार्च को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

## मनुष्य को प्रार्थना केवल परमात्मा से ही करना चाहिए : आचार्य रामाभिलाष

**सेमरिया, नि.प्र.।** श्रीराम जानकी मन्दिर प्रांगण रानी तालाब सेमरिया में आयोजित श्री मद्भागवत सप्ताह कथा के तृतीय दिवस की कथा में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथा व्यास आचार्य पं रामाभिलाष मिश्र ने बताया कि प्रार्थना एक ऐसी संस्तुति है जो बिना किसी देरी के बिना किसी के सहारे तत्क्षण परमात्मा के पास पहुँच जाती है। उन्होंने बताया कि संसार की किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिये पोस्टमैन या अन्यान्य साधनों की आवश्यकता पड़ती हैं, लेकिन अपने इष्ट के लिए हृदय से समर्पित की गई प्रार्थना एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो बिना किसी पोस्टमैन या बिना किसी साधन के ही तत्क्षण परमात्मा तक पहुच जाती है और व्यक्ति को प्रार्थना जगत से नहीं जगत नियंता प्रभु जगदीश से करना चाहिए। आचार्य श्री ने बताया कि प्रभु के दर्शन के लिये व्यक्ति को सत्संग, सेवाऔर सुमिरन में हमेशा लीन रहना चाहिये। और हमेशा अपने को मानव बनाने का प्रयत्न करो तुम यदि इसमें सफल हो गये तो तुम्हे इस कार्य में मानव बनने की सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। कुसंगति की अपेक्षा अकेले रहना सबसे उत्तम कार्य है। रविवार की कथा में विशेष महोत्सव के रूप में श्री कृष्ण जन्म(नन्दोत्सव) विशेष धूम धाम से मनाया जायेगा। इस सप्ताह कथा का आयोजन श्री राम जानकी मन्दिर के सभी सदस्यों एवं सेमरिया नगर के सभी भक्तों के द्वारा रखा गया है। कथा में विशेष रूप से त्रियुगी नारायण पाठक, ज्ञानी प्रसाद पाण्डेय, ददन प्रसाद गौतम, बलवान सिंह, ललन प्रसाद मिश्र आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी कथा प्रेमी भक्त सपरिवार से कथा श्रवण करने आमंत्रित किया है। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से सायं 7 बजे तक बजे तक रखा गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद ने किया स्वच्छता कार्य



**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा संवाददाता को बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 19 मार्च को नगर परिषद के समस्त कर्मचारी एवं पार्षद गण नगर परिषद अध्यक्ष की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 9 के पास स्थित कनवा तालाब में साफ सफाई अभियान का कार्यक्रम किया गया जिसमें उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरूण कुमार त्यागी उपयंत्री अनिल मिश्रा, वार्ड क्रमांक 12 पार्षद प्रतिनिधि नागेंद्र मिश्रा (स्वास्थ्य पर्यवेक्षक) मुकेश कोल, मस्टर श्रमिक क्रमशः कमलेश्वर प्रसाद तिवारी, हरिहर प्रसाद तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला, पशुपतिनाथ पटेल ,निलेश द्विवेदी, धर्मेंद्र, संतोष, शिवाकांत विश्वकर्मा, रामबाबू, मुन्ना अली, शेरा अमन गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, कमलेश गुप्ता( कल्लू) देव आदि सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**आईपीएलः** मयंक-उमरान चोट के बाद वापसी करेंगे तो वहीं शॉ और सरफराज के सामने खुद को साबित करने की चुनौती

# चोट, फॉर्म व नई फ्रेंचाइजी के साथ अपनी ताकत साबित करने को बेताब स्टार प्लेयर्स

जेएनएन, नई दिल्ली

28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल का 19वां सीजन कई नए खिलाड़ियों के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा, लेकिन कुछ पुराने चेहरों के लिए यह 'वापसी का सीजन' साबित होने वाला है। चोटों से जूझ रहे तेज गेंदबाजों से लेकर फॉर्म में वापसी की तलाश कर रहे बल्लेबाजों तक कई ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं, जो इस बार अपनी पुरानी छाप छोड़ने के लिए बेताब हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स के मयंक यादव चोट के बाद अपनी खतरनाक 156 किमी/घंटा की गति से फिर धमाल मचाना चाहते हैं। आरसीबी में नया घर ढूंढने वाले वेंकटेश अय्यर 23.75 करोड़ की नीलामी के बाद अपनी बल्लेबाजी से टीम को मजबूती देंगे। दिल्ली कैपिटल्स के पृथ्वी शॉ अब पुरानी फ्रेंचाइजी के साथ एक और मौका पाकर सलामी बल्लेबाजी में कमाल दिखाना चाहेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के सरफराज खान घरेलू क्रिकेट में 203 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टी-20 में अपना नया अवतार दिखाने को तैयार हैं। वहीं तेज गेंदबाजों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रही केकेआर के लिए उमरान मलिक नई उम्मीद हो सकते हैं।

## रफ्तार के लिए प्रसिद्धि मयंक से लखनऊ को बड़ी उम्मीद



दिल्ली के 24 वर्षीय तेज गेंदबाज मयंक यादव से लखनऊ सुपर जाएंट्स को काफी उम्मीदें होंगी। धमाकेदार आईपीएल 2024 के सीजन के बाद मयंक को भारतीय टीम में मौका मिला, लेकिन जल्द ही उन्हें चोटों ने घेर लिया। आईपीएल 2025 में मयंक केवल दो मुकाबले ही खेल पाए और पीठ की चोट चलते उन्हें क्रिकेट से दूर होना पड़ा। मयंक ने टी-2020 विश्व कप से पहले भारत-ए के लिए दो अभ्यास मुकाबले खेले और नामीबिया के खिलाफ उन्होंने दो विकेट भी झटके। मयंक 2022 से ही लखनऊ के दल का हिस्सा हैं और 2025 की बड़ी नीलामी से पहले लखनऊ ने उन्हें 11 करोड़ में रिटेन भी किया था। हालांकि इस सीजन लखनऊ और मयंक दोनों ही अपनी वापसी की राह देख रहे हैं।

### 155.8 की रफ्तार से फेंकी गेंद

तेज गति मयंक की पहचान है और इसका लोहा उन्होंने आईपीएल करियर के पहले दो मुकाबलों में ही मनवा लिया था। मयंक ने 2024 में पंजाब के खिलाफ अधिकतम 155.8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी और आरसीबी के खिलाफ उनकी अधिकतम गति 156.7 किमी प्रति घंटे दर्ज की गई थी। मयंक ने पहले दोनों मुकाबलों में तीन-तीन विकेट हासिल किए और इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मयंक पहले दोनों मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं।

## कैपिटल्स ने फिर जताया पृथ्वी शॉ पर भरोसा



शॉ को एक समय भारत के उज्जवल भविष्य के तौर पर देखा जाता था, लेकिन उनका करियर चोट और विवादों से प्रभावित हो गया। शॉ की अगुआई में भारत ने 2018 में अंडर-19 विश्व कप का खिताब जीता था और उसी साल उन्हें आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीद लिया। शॉ आईपीएल इतिहास में एक ओवर में छह चौके जड़ने वाले मात्र दूसरे बल्लेबाज भी हैं, यह कारनामा उन्होंने 2021 में केकेआर के खिलाफ किया था। 2021 के बेहतरीन सीजन के बाद शॉ को दिल्ली ने रिटेन किया था। हालांकि 2021 के बेहतरीन सीजन के बाद शॉ के फॉर्म में भारी गिरावट हुई और 2022 से 2024 तक वह कुछ खास नहीं कर पाए। जिसके चलते शॉ को आईपीएल 2025 की नीलामी में कोई खरीददार भी नहीं मिल पाया। शॉ आईपीएल 2026 की नीलामी में भी अनसोल्ड गए थे, लेकिन एक्सीलरेटेड राउंड में एक बार फिर उनकी पुरानी फ्रेंचाइजी ने उनके ऊपर भरोसा जताया।

### सलामी जोड़ीदार की परेशानी दूर कर सकते हैं शॉ

दिल्ली ने पिछले सीजन अपनी सलामी जोड़ी के साथ प्रयोग भी किए थे, जिसमें उन्होंने फाफ डुप्लेसी, केएल राहुल, अभिषेक पोरेल के साथ ही करुण नायर से भी पारी की शुरुआत कराई। डुप्लेसी को दिल्ली ने नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था और उन्होंने भी आईपीएल की नीलामी से अपना नाम वापस ले लिया था। सलामी जोड़ी को लेकर दिखती अनिश्चितता के बीच अगर आगामी सीजन में शॉ को एक और मौका मिलता है। तो वह इसे निश्चित रूप से भुनाना चाहेंगे।

## नई टीम के लिए इतिहास बनाने उतरेंगे वेंकटेश



इंदौर के वेंकटेश अय्यर आईपीएल में केकेआर के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की शीर्ष 10 की सूची में शामिल थे, लेकिन नए सीजन में वह अब अपनी नई फ्रेंचाइजी के साथ अपनी वापसी की राह देख रहे हैं। आईपीएल 2024 के खिताबी सीजन के बाद केकेआर ने वेंकटेश को रिटेन नहीं किया, लेकिन फ्रेंचाइजी ने बड़ी नीलामी में उन्हें 23.75 की बड़ी राशि में आरटीएम के जरिए खरीदा, हालांकि अगले सीजन से पहले उन्हें केकेआर ने रिलीज कर दिया। वेंकटेश ने आईपीएल 2025 में 11 मुकाबले में एक अर्धशतक के साथ मात्र 142 रन ही बना पाए। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 के 10 मुकाबलों में वेंकटेश ने दो अर्धशतक के साथ कुल 211 रन बनाए। हालांकि आईपीएल 2026 के लिए जब नीलामी हुई तो आरसीबी और केकेआर के बीच वेंकटेश के लिए भिड़ंत हुई, लेकिन अंत में आरसीबी ने उन्हें 7 करोड़ में खरीद लिया। वेंकटेश के होने से आरसीबी के बल्लेबाजी क्रम को मजबूती मिली है और वेंकटेश की मौजूदगी उन्हें पारी की शुरुआत करने के लिए भी विकल्प बनाती है। वेंकटेश के होने से आरसीबी के पास पारी की शुरुआत करने के लिए दाएं और बाएं हाथ का संयोजन सुनिश्चित होता है।

## सीएसके के लिए दमदार प्रदर्शन करेंगे सरफराज



आईपीएल 2026 में सीएसके ने अनुभव से ज्यादा युवा खिलाड़ियों पर जोर दिया है और इस कड़ी में एक नाम सरफराज खान का भी है। 2015 में सरफराज ने आरसीबी के लिए अपना पहला आईपीएल सीजन खेला था। हालांकि एक अच्छे पहले आईपीएल सीजन के बाद- जिसमें उन्होंने 156.33 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए- वह कुछ अधिक खास नहीं कर पाए। 2018 तक आरसीबी का हिस्सा रहने के बाद अगले तीन सीजन (2019 से 2021) उन्होंने पंजाब का प्रतिनिधत्व किया, लेकिन वहां उन्होंने कुल 12 मुकाबले ही खेले। इसके बाद अगले दो सीजन उन्होंने दिल्ली के लिए कुल 10 मुकाबले ही खेले और वहां भी उनके बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन नहीं निकल पाया। सरफराज को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम में जगह मिली, लेकिन टी-2020 प्रारूप में उनके ऊपर टीमों ने उतना विश्वास नहीं जताया और नतीजतन वह अगले दोनों सीजन नीलामी में अनसोल्ड गए।

## खिलाड़ियों के चोटिल होने के बाद उमरान बड़ी उम्मीद



आईपीएल 2021 में उमरान मलिक ने सनराइजर्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया, उन्हें टी नटराजन के कोविड रिप्लेसमेंट के तौर पर हैदराबाद ने अपने दल में शामिल किया था। हालांकि उन्हें असली पहचान 2022 के सीजन में मिली जब उन्होंने 14 मुकाबलों में 22 विकेट लेने के साथ ही अपनी तेज गति से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा, उन्होंने 156.9 किमी प्रति घंटे तक की गति से गेंदबाजी की और उन्हें इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द अवॉर्ड भी मिला। उमरान ने गुजरात के खिलाफ पंजा भी हासिल किया, लेकिन उस मुकाबले में हैदराबाद को हार मिली। 2022 में उन्हें अपने इस प्रदर्शन की बदौलत भारत के लिए वनडे और टी-20 में डेब्यू करने का मौका भी मिला। हालांकि 2023 और 2024 का सीजन उमरान के लिए उम्मीदों के अनुरूप नहीं गया। और प्रदर्शन में आई गिरावट के साथ ही उन्हें एकादश में जगह बनाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा। 2025 के लिए आईपीएल नीलामी में केकेआर ने उन्हें 75 लाख में खरीद लिया, लेकिन हिप इंजरी के चलते वह टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले ही पूरे सीजन से बाहर हो गए।

**केकेआर को बड़ा झटका**

# राणा के बाद अब आकाशदीप भी पीठ की चोट के कारण बाहर



**कोलकाता, जेएनएन।** चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को शनिवार को तब एक और झटका लगा जब उसके प्रमुख तेज गेंदबाज आकाशदीप पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण आईपीएल से बाहर हो गए। आकाशदीप कम से कम आठ सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे, जिससे दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज का जून की शुरुआत में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है। बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि आकाशदीप की पीठ के निचले हिस्से में दर्द फिर से उबर गया है और उन्हें ठीक होने में आठ से 12 सप्ताह तक लग सकते हैं। इस 29 वर्षीय गेंदबाज ने आखिरी मैच जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के रूप में खेला था। तब से वह बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उन्होंने बुधवार से शुरू हुए केकेआर के अभ्यास शिविर में हिस्सा नहीं लिया।

### गेंदबाजी विभाग में विकल्प तलाश रही टीम

आकाशदीप तीन बार के चैंपियन केकेआर की चोटिल खिलाड़ियों की सूची में नया नाम हैं। इस सूची में तेज गेंदबाज हर्षित राणा और 18 करोड़ रुपए में खरीदे गए श्रीलंकाई खिलाड़ी मथीशा पथिराना भी शामिल हैं, जिससे टीम का तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर पड़ गया है। आकाशदीप और राणा की अनुपस्थिति में केकेआर को वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और फिट होकर वापसी करने वाले उमरान मलिक पर निर्भर रहना पड़ेगा। बीसीसीआई के निर्देश के बाद इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करना पड़ा, जिसके बाद केकेआर ने उनके स्थान पर जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को टीम में शामिल किया। केकेआर ने तेज गेंदबाजी विभाग में विकल्पों की तलाश शुरू कर दी है। पिछले कुछ दिनों में आकाश मधवाल, नवदीप सैनी, सिमरजीत सिंह, केएम आसिफ और संदीप वारियर ने टीम में शामिल होने के लिए ट्रायल दिए थे।

### केकेआर की गेंदबाजी में पहले जैसा खौफ नहीं

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा और उनके 'मिस्ट्री' स्पिनरों में 'नवीनता का तत्व' भी फीका पड़ गया है। अश्विन ने कहा कि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर अब काफी जिम्मेदारी होगी। अश्विन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि केकेआर की गेंदबाजी देखकर विरोधी टीम डरेंगी। 'मिस्ट्री फैक्टर', 'नवीनता' और खौफ, ये सब अब खत्म हो चुके हैं। पहले बल्लेबाज विश्लेषक के कमरे में जाकर गेंदबाज के हाथ को देखते थे या फिर एक रन लेने की बात सोचते थे। उन्होंने कहा कि वरुण चक्रवर्ती अपने करियर के ऐसे दौर में हैं, जहां उन्हें जवाब ढूंढने होंगे। यह हर क्रिकेटर के विकास का हिस्सा होता है। मुझे लगता है कि नवीनता का तत्व अब खत्म हो गया है।

**मैदान से हटकर**

## नई शुरुआत के बाद भावुक अनाया बांगर बोलीं- सफर आसान नहीं था





भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच संजय बांगर की ट्रांसजेंडर बेटी अनाया ने अपनी जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। अनाया ने सोशल मीडिया के जरिए यह खुशखबरी साझा करते हुए बताया कि वह फिलहाल रिकवरी के दौर में हैं और धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौट रही हैं। अनाया ने अपने पोस्ट में डॉक्टरों और अस्पताल की टीम का आभार जताते हुए लिखा कि यह उनके जीवन की एक लंबी और भावनात्मक यात्रा का बेहद अहम पड़ाव है। अनाया पहले ही स्पष्ट कर चुकी थीं कि यह निर्णय अचानक नहीं लिया गया था। उन्होंने करीब पांच साल तक इस सर्जरी के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को तैयार किया। इस दौरान उन्होंने थेरेपी, मेडिकल जांच और गहन आत्ममंथन से गुजरते हुए यह महसूस किया कि वह अपने जन्म के जेंडर से खुद को जुड़ा हुआ नहीं पातीं। ऐसे में यह सर्जरी उनकी असली पहचान को स्वीकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम बनी। अनाया ने पोस्ट में लिखा कि यह सफर सिर्फ उनका ही नहीं, बल्कि उनके परिवार के लिए भी आसान नहीं था। समझने, स्वीकार करने और उनके साथ खड़े रहने में समय लगा। शुरुआत में कई सवाल, उलझनें और भावनात्मक दौर आए, लेकिन धीरे-धीरे परिवार ने उन्हें पूरी तरह स्वीकार कर लिया। उन्होंने खास तौर पर अपने पिता संजय का जिक्र करते हुए कहा कि उनका साथ उनके लिए सबसे बड़ी ताकत बना। अनाया ने लिखा कि पिता का समर्थन तुरंत नहीं मिला, लेकिन जब मिला तो वह सच्चा, मजबूत और बिना शर्त था। इस सर्जरी के दौरान उनका साथ होना उनके लिए बेहद मायने रखता है। जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी में किसी व्यक्ति की शारीरिक बनावट और यौन विशेषताओं को उनकी लिंग पहचान के अनुरूप बदल दिया जाता है। इसे लिंग पुष्टिकरण सर्जरी, जेंडर कन्फर्मेशन सर्जरी, सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी या लिंग पुनर्निर्धारण सर्जरी के नाम से भी जाना जाता है। (जेएनएन)

# जापान ने तीसरी बार जीता महिला एशियाई कप

जेएनएन, सिडनी




माइका हमानो के पहले हाफ में किए गए गोल की बदौलत जापान ने शनिवार को मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर महिला एशियाई कप का खिताब जीत लिया। हमानो चेल्सी से 'लोन' पर टोटेनहम के लिए खेलती हैं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 17वें मिनट में बाएं ओर से मिले पास पर पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से जोरदार शॉट लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 10 मिनट में बराबरी के लिए पूरा दबाव बनाया, लेकिन जापान की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें लगातार रोके रखा। जापान ने 2014 और 2018 में भी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगातार महिला एशियाई कप जीते थे। इस तरह उसने पिछले चार महाद्वीपीय टूर्नामेंटों में तीसरी बार खिताब जीता है। एशियाई कप से छह टीमें अगले साल ब्राजील में होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। मध्य पूर्व युद्ध से प्रभावित ईरानी टीम की भागीदारी के कारण 12 टीमों के इस टूर्नामेंट ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया।

- एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए छह मैचों में सिर्फ एक गोल खाया।
- ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2010 के बाद से यह महाद्वीपीय चैंपियनशिप नहीं जीती है, जब सैम केर (तब 16 वर्ष की थीं) ने फाइनल में गोल किया था।

**विराट कोहली की आरसीबी के खिलाड़ियों को सलाह**

## 'अब एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना है, फिर चैंपियन बनना है तो स्विच ऑन कर लीजिए'



**बेंगलुरु, जेएनएन।** करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अपने साथी खिलाड़ियों से 'स्विच आन' करने का आग्रह किया और कहा कि आईपीएल खिताब बरकरार रखने की तैयारी में अब उन्हें अभ्यास सत्र का एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोहली ने कहा कि उसी जज्बे को बरकरार रखना है, जिसके दम पर उन्होंने पिछले साल खिताब जीता था। कोहली ने कहा कि हमने पिछले दो तीन सत्र में काफी मेहनत की है, जिसके दम पर पिछले साल यह उपलब्धि हासिल कर सके। अब रास्ता और कठिन होगा, क्योंकि बाकी टीमें भी पूरी चुनौती देंगी। आरसीबी को 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। कोहली ने कहा कि हमें समय बर्बाद नहीं करना है। हमें आगे रहना है, तो स्विच आन कर लीजिए। किसी भी सत्र का एक मिनट भी व्यर्थ नहीं करना है। हमें अगले ढाई महीने में अपना 120 प्रतिशत देना होगा। आरसीबी ने टीम में वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, जोर्डन कॉक्स, विकी ओस्तवाल और सात्विक देसवाल को शामिल किया है। मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि नीलामी काफी रोचक थी और हमारी टीम बेहतर हुई है। हमने कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों को लिया है।

## पूर्व विश्व चैंपियन ओकुहारा से हारकर तन्वी का अभियान सेमीफाइनल में खत्म



**ओरलियंस, जेएनएन।** भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा को शनिवार को ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में अपनी गलतियों पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। भारत की 17 साल की खिलाड़ी पूरे मैच के दौरान अपनी लेंथ और नियंत्रण को लेकर जूझती रहीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता को 35 मिनट में 31 वर्षीय ओकुहारा (2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 2017 विश्व चैंपियन) के हाथों 9-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी ने पिछले साल सैयद मोदी इंटरनेशनल में ओकुहारा के खिलाफ तीन गेम के मुकाबले में जीत हासिल की थी। लंबी रैलियों के लिए मशहूर ओकुहारा ने पहले गेम में 3-0 की बढ़त बना ली और फिर तन्वी की गलतियों के कारण 6-3 पर पहुंच गईं।

## श्रीलंकाई खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट पास करने पर मिलेगी आईपीएल के लिए एनओसी



**कोलंबो, जेएनएन।** फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के लिए श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने खिलाड़ियों से फिटनेस टेस्ट पास करने कहा है। आईपीएल 2026 से पहले श्रीलंका क्रिकेट ने यह फैसला लिया है, क्योंकि वानिंदु हसरंगा (लखनऊ सुपर जाएंट्स), नुवान तुषारा (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), मतीशा पतिराना (कोलकाता नाइटराइडर्स) और इशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद) भारत आने वाले हैं। दुश्मांता चमीरा और पतुम निसंका (दोनों दिल्ली कैपिटल्स) एवं कामिंडु मेंडिस (सनराइजर्स) ने अपना फिजिकल परफॉरमेंस टेस्ट पास कर लिया है और आईपीएल में उन्हें खेलने की अनुमति मिल गई है। बोर्ड की रिलीज में कहा गया, तुषारा को उनके फिटनेस टेस्ट के आधार पर ही एनओसी दिया जाएगा। हसरंगा, मलिंगा और पतिराना ने भी आईपीएल में खेलने के लिए एनओसी की मांग की है, लेकिन उनका फिटनेस टेस्ट होना बाकी है और चोटिल होकर बाहर होने के बाद अभी उनका रिहैब चल रहा है। यह तीनों खिलाड़ी टी-20 विश्व कप से पहले या उसके दौरान चोटिल होकर मैदान से बाहर हुए थे। पतिराना आईपीएल 2026 की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे।

## मास्टर्स कप टी-20 क्रिकेटः देवांश के अर्धशतक से जीती मयंक अकादमी



**भोपाल, खेप्र।** कप्तान देवांश यदुवंशी के शानदार अर्धशतक की बदौलत मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में आयोजित नौवीं मास्टर्स कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी को दो विकेट से शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर शनिवार को अकादमी ग्रुप में राजीव गांधी अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 194 रन का बड़ा स्कोर बनाया। टीम के यशराज ने 73 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि नैतिक ने नाबाद 42 रनों का योगदान दिया। मयंक अकादमी के रौनक और कृष्णा सरीन ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयंक अकादमी ने आठ विकेट खोकर आसानी से मुकाबला जीत लिया। यदुवंशी ने 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि सारांश ने 39 रन का योगदान दिया। राजीव गांधी की ओर से नैतिक जैन ने तीन विकेट लिए, जबकि प्रिंस को दो सफलता मिली। देवांश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## सीनियर नेशनल कराते चैंपियनशिप कल से, 450 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**भोपाल, खेप्र।** एलएनसिटी यूनिवर्सिटी में 23 मार्च से दो दिवसीय सीनियर नेशनल कराते चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केएआई) के तत्वावधान में मप्र एमेच्योर कराते एसोसिएशन द्वारा यह प्रतियोगिता होगी। 24 मार्च तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में महिला एवं पुरुष वर्ग में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें विशेष रूप से अंडर-21 और सीनियर वर्ग के व्यक्तिगत कुमिते मुकाबले, काता एवं टीम काता प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। चैंपियनशिप का उद्घाटन 23 मार्च को दोपहर 12 बजे होगा। इस प्रतियोगिता में 19 राज्यों से करीब 450 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें मेजबान मध्यप्रदेश समेत असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगे।

## मेदांत की शतकीय पारी से वीएस अकादमी की 138 रन से बड़ी जीत



**भोपाल, खेप्र।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी (वीएस अकादमी) ने विधायक ट्रॉफी अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में यंग स्टार बी चैम्प को 138 रन से बड़ी शिकस्त दी। वीएस अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 246 रन का बड़ा स्कोर बनाया। कप्तान मेदांत उइके ने 116 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि कबीर अग्रवाल (56) ने अर्धशतक जड़ा। ओम रघुवंशी ने 30 रन का योगदान दिया। आरव ने 48 रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग स्टार बी चैम्प की टीम 108 रन पर सिमट गई। वीएस अकादमी के गामिनी उईके ने 3 और जयेश यादव ने 2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच मेदांत उइके को दिया गया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अल्प प्रवास पर आज आयेंगे रीवा

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 22 मार्च को अल्प प्रवास पर रीवा आयेंगे। डॉ. यादव रीवा पहुंचकर एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर द्वारा अपरान्ह 1.40 बजे मिर्जापुर (उत्तरप्रदेश) जिले के परमहंस आश्रम शक्तेशगढ़ के लिये रवाना होंगे।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 25 को

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 25 मार्च को जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गयी है। कलेक्टर के बाणसागर सभागार में यह बैठक सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य में समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

सच्ची सहेली®
कठिन समस्याओं के लिए भरोसेमंद टॉनिक
पूरे माह रहें एक्टिव, फिट एवं स्वस्थ
Clinically Tested*
24x7 Helpline: 77106 44444 • www.sachisaheli.in
67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक एवं टेबलेट्स
पहले महीने असर देखें
SACHI SAHELI
INDIA'S MOST TRUSTED BRAND
Helps in:
• कठिन दर्द
• चिड़चिड़ापन
• थकान
• कमजोरी
• कमर कटना
• इम्यूनिटी

# लेदर फैक्ट्री बोदाबाग में दूसरे दिन भी चली अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

## जिला प्रशासन की सूची में दर्ज हैं चिन्हित किये गये 50 अतिक्रमणकारी

**जागरण, रीवा।** शहर के बोदाबाग स्थित नीम चौराहे के पास लेदर फैक्ट्री में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही दूसरे दिन शनिवार को दिन भर चली। हाईकोर्ट के आदेश के पालन में की जा रही को लेकर कार्यवाही के दौरान शनिवार को कुछ लोगों द्वारा विरोध करने का प्रयास किया गया लेकिन मौके पर मौजूद रहे नायब तहसीलदार शिवशंकर शुक्ल द्वारा तत्काल भारी संख्या में पुलिस बल बुलवा लिया गया और एसडीएम अनुराग तिवारी एवं नायब तहसीलदार यतीश शुक्ल सहित अन्य अधिकारी तथा विश्वविद्यालय थाना प्रभारी भी पहुंच गये। प्रशासन का रुख देखकर अतिक्रमणकारी स्वयं अपना सामान हटाने लगे और सुरक्षित तरीके से अपने घर गिराने लगे। नायब तहसीलदार यतीश शुक्ल ने बताया कि शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बने मकानों को हटाने के लिए दो माह पूर्व नोटिस जारी की गई थी और सभी को यहां से हटने और अपनी व्यवस्था बनाने के लिए कह दिया गया था। यहां पर 50 अतिक्रमणकारी चिन्हित किये गये हैं और इन सभी को हटाया जाएगा। नोटिस की अवधि पूरा होने के बाद सरकारी भूमि को खाली कराने के लिए शुक्रवार को प्रशासन की टीम निगम व पुलिस विभाग के साथ आई थी, तब तक सभी ने स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लेने के लिए कहा था इसलिए उन्हें समय दिया गया था। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान नगर निगम की जेसीबी और अमला भी मौजूद रहा।





### बसपा नेता व तहसीलदार के बीच हुई झूमाझटकी

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ होते ही बसपा से महापौर प्रत्याशी रहे जेपी कुशवाहा पहुंचे और तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला से कहने लगे कि पहले इनकी व्यवस्था करें इसके बाद अतिक्रमण हटायें। इसको लेकर दोनों के बीच कहा-सुनी हो गई। तहसीलदार ने कहा कि आप हो कौन, हर जगह अपनी टांग अड़ाने आ जाते हो। दोनों ने एक दूसरे को धक्का भी दिया। लेकिन बसपा नेता का साथ उन्हीं लोगों ने नही दिया जिसके पक्ष में वे वहां पर लड़ने के लिए पहुंचे थे। इसके घटना के बाद तुरंत पुलिस बल बुलवा लिया गया। फिर कोई विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया।

### दो बाइक में जोरदार टक्कर, 1 घायल

**रीवा।** मैहर से लौट रहे बाइक सवार युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। घटना चोरहटा थाना क्षेत्र के अगडाल के पास शनिवार को सामने आई। बताया गया कि बाइक सवार युवक सौरभ सिंह 19 वर्ष निवासी गुढ़ बाइक से मैहर गया था। शनिवार की सुबह वह मैहर से लौट रहा था, जैसे ही वो बाइक से अगडाल के समीप पहुंचा तभी अचानक सामने से आई तेज रफ्तार बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। घटना में युवक को गंभीर चोट पहुंची, जिसके बाद उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया गया है।

### लाडली लक्ष्मी पथ में बहका ई-रिक्शा बाड़ में घुसा



**जागरण, रीवा।** लाडली लक्ष्मी पथ में शनिवार सुबह करीब 11 बजे आलू की बोरियों से भरा ई-रिक्शा क्रमांक एमपी-17-झेडएच-0481 संतुलन बिगड़ने से सड़क किनारे स्थित बाड़ में घुस गया। रिक्शा चालक ने बताया कि रिक्शा बहक गया था, जिससे बाड़ में घुस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस मार्ग पर ऑटो, रिक्शा सहित अन्य वाहन काफी तेज गति से चलाए जाते हैं। रिक्शा चालक जिस हिसाब से बात कर रहा था इससे वह भी नशे में बहका हुआ ही लग रहा था।

**सवारियों के स्थान पर ढोते हैं लगेज :** शहर में चलने वाले अधिकतर ऑटो, ई-रिक्शा चालक सवारियों को ढोने की बजाय लगेज ढोते हैं, जबकि लोडिंग रिक्शा वाले भाड़े का ही इंतजार करते रह जाते हैं। लोडिंग रिक्शा के चालकों ने बताया कि उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र का भाड़ा तय कर रखा है, जबकि ऑटो, ई-रिक्शा वाले कम दाम में ही भाड़ा लोड करके छोड़ आते हैं। सवारियों के स्थान पर लगेज ढोने वाले रिक्शा चालकों के विरुद्ध जिम्मेदार विभाग को कार्यवाही करना चाहिए।

### सैलून संचालक की बाइक चुरा ले गए बदमाश

**रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र के गम्भीरपुर में सैलून संचालक की बाइक चोरी की घटना शनिवार को सामने आई। घटना की शिकायत सैलून संचालक शिवम सेन ने गढ़ थाना में दर्ज करवाई है। पीड़ित के मुताबिक शनिवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपनी बाइक से अमलिया से गम्भीरपुर सैलून दुकान पहुंचा। दुकान के बगल में उसने अपनी खड़ी की थी। बाइक खड़ा कर वह दुकान में काम पर लग गया और मौका पाकर अज्ञात बदमाशों ने बाइक चोरी कर ली। बाइक चोरी की जानकारी के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत गढ़ थाना में दर्ज करवाई है। पीड़ित शिवम ने बताया कि वह शनिवार की सुबह अपनी गम्भीरपुर में स्थित सैलून दुकान पहुंचा। दोपहर करीब तीन बजे जब वह खाली हुआ तो जिस स्थान पर बाइक खड़ी की थी, वहां गया लेकिन बाइक गायब थी।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखूनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
उपलब्ध विभाग
हड्डी रोग (आर्थोपेडिक्स)
प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
कैंसर रोग एवं कीमोथैरेपी
जनरल मेडिसिन
जनरल सर्जरी
यूरोलॉजी
पीडियाट्रिक
पॉलीट्रामा
पल्मोनरी
मेडिसिन
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें: 07662-314775,7771000668

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

INTEGRITY SCHOOL OF EXCELLENCE
Our Facilities: Nursery to 12th
• CBSE Affiliated
• Special Spoken English Classes
• Smart Classes
ADMISSION OPEN 2026-27
Ahead Chirahula Mandir Near Shilpi Greens Gudh Road, Rewa (M.P.) Mob.: 9584788495,9993270266

K.V.M. CONVENT HR. SEC. SCHOOL
हाउसिंग बोर्ड बोदाबाग रीवा | मो. 9425185999
K.V.M. KIDS PLAY SCHOOL
अरूण नगर खदान रोड रीवा | मो.: 9244305610
ADMISSION FEE FREE Nur.To 12th
ADMISSION OPEN Session: 2026-27 Nursery To 12th
आवश्यकता है
Science/English, Expert Principal एवं इंग्लिश मीडियम में योग्य, अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति सुबह 8 बजे से 2 बजे तक स्कूल ऑफिस में बायोडाटा जमा कर सकते है।
संपर्क करें-
K.V.M. CONVENT HR. SEC. SCHOOL हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोदाबाग रीवा 9425185999

SATYA ACADEMY HR. SEC. SCHOOL
REQUIREMENT ENGLISH MEDIUM

| POST | SUBJECT | QUALIFICATION |
|---|---|---|
| PGT | Hindi & Biology | PG with B.Ed |
| TGT | English & S.St. | UG with D.Ed/B.ed |
| Coordinator | Primary | MBA with 5 yrs. as School Co-ordinator |

Interested candidates having 5 years experience in any English Medium School with fluent in English can submit their CV at the school office till 30.03.2026 between 09 am to 02 pm.
University Road Bypass, Ratahara, Rewa. 9425999434
satyaacademyrewa.in satyaacademyrewamp@gmail.com

GANDHI ADARSH HR. SEC. SCHOOL, RATAHRA, REWA
37 वर्षों से संचालित विश्वास का प्रतीक
ENGLISH MEDIUM Nursery to 12th Bio, Maths, Com.
हिन्दी माध्यम कक्षा 6वीं से 12वीं तक बायो, मैथ्स, कामर्स, (आर्ट) संकाय
ADMISSION OPEN Session- 2026-27
• Bus Facility Available. • fully Smart Classes.
Cont. - 9229488345, 9424787885, 9039974644

GEETANJALI PUBLIC SCHOOL
EDUCATION | EMPOWERS | EXCELLENCE
CBSE & MP BOARD
ADMISSIONS OPEN
Pre-Nursery to XII Session 2026-27
LIMITED SEAT
Head Off. : Civil Lines, Rewa 9424332181
Maidani, Bankuiya Road, Rewa 89649 48009
www.geetanjalipublicschool.com

ऑब्स गायनी OPD
डॉ. खुशबू सोनी
MBBS, MS, DNB (Obstetrics & Gynecology) Sonologist & Infertility Specialist
स्त्री- प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
Timing 2:00 PM to 4:00 PM
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विरोष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियां Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन
एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

100 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
प्रार्थना हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
24x7,ICU,NICU
• हड्डियो का निःशुल्क आपरेशन आयुष्मान से
• प्लास्टिक सर्जरी निःशुल्क आपरेशन आयुष्मान से
उपलब्ध विभाग
• यूरोलॉजी
• न्यूरोसर्जरी
• कार्डियोलॉजी
• सर्जरी (लेजर एवं लेप्रोस्कोपी)
• आर्थोपेडिक्स
• गैस्ट्रोलॉजी
• प्लास्टिक सर्जरी
• मेडिसिन
• गायनी एवं आब्स
• पिडियाट्रिक्स
मेडिसिन
डॉ. संदीप पटेल MBBS, MD (मेडिसिन)
यूरोलॉजिस्ट (किडनी और मूत्र रोग विशेषज्ञ)
डॉ. प्रवीण कुमार सोनी MBBS, MS, Mch (यूरोलॉजी)
आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क इलाज
मेडिक्लेम की सुविधा उपलब्ध
सिजेरियन | नार्मल डिलिवरी
बच्चेदानी का आपरेशन दूरबीन द्वारा
24/7 इमरजेंसी सुविधा
पी.टी.एस. न्यू बस स्टैंड रोड, फ्लाईओवर के बगल में, रीवा
संपर्क करें: 756690 8666, (07662) 469015
फॉलो करें: prarthanahospital22@gmail.com

Minerva
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

### शोक संदेश

महानुभाव,
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्यनीय माता जी
**श्रीमती प्रेमा सिंह परिहार**
(धर्मपत्नी स्व. श्री हीरालाल सिंह परिहार)
का बैकुण्ठ गमन दिनांक 13 मार्च 2026, शुक्रवार को हो गया है
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु वैदिक विधि से कार्यक्रम निम्नानुसार है-

कार्यक्रम विवरण
22 मार्च 2026 रविवार - दशगात्र (शुद्ध)
23 मार्च 2026 सोमवार - एकादशाः (कर्म)
25 मार्च 2026 बुधवार - त्रयोदशाः (तेरहवीं)

अतः उपस्थित होकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करें।
शोक संतप्त परिवार : - राजेन्द्र सिंह, नारेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंह, विधान सिंह गौरव प्रताप सिंह (यश)
शोकाकुल: दिवाकर सिंह, बृजेन्द्र सिंह
कार्यक्रम स्थल:- निज-निवास गृह ग्राम बरहदी, तह. रायपुर कर्चु. रीवा
संपर्क करें: 9993599022, 8718819555
संस्थान: लैण्डमार्क, रीवा लैण्डमार्क TVS निराला नगर

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com